CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 07°C

मुरादाबाद, शनिवार 7 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 174 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मायावती ने की फिल्म घूसखोर पंडत पर प्रतिबंध लगाने की मांग पेज 2



वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में सबसे तेज शतक ठोका खेल टाइम्स



चैनलों का खेल खत्म, सरेंडर हो रहे हैं लाइसेंस सम्पादकीय



अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी पेज 12

# 30 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला को, और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को, उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका मन नहीं हो कि वह बच्चे को जन्म दे और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार-बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है, जो उसकी मर्जी के बिना है। अदालत ने कहा कि अदालत किसी भी महिला को, नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाना है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें। यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत 'प्रजनन अधिकारों' की व्याख्या में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। कारण यह है कि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी विशेष परिस्थितियों में अदालत ने इस लड़की की पसंद को प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है। सामान्य परिस्थितियों में सभी महिलाओं के लिए 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, मगर इसके लिए डॉक्टर की सलाह आवश्यक है। विशेष श्रेणियों की महिलाओं जैसे कि दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमारी से पीड़ित महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह तक निर्धारित है और इसके लिए दो डाक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भ में पल रहे भ्रूण को गंभीर बीमारी है, तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति के बाद 24 सप्ताह के बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है।

**शीर्ष अदालत ने 'प्रजनन स्वायत्तता' को दी प्राथमिकता**



### दल-बदल मामला: तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को दी अवमानना की चेतावनी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर 'सकारात्मक' रूप से निर्णय लें। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया, तो उनके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था।

# रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन महंगा नहीं होगा

मुंबई,वार्ता

**आरबीआई ने** इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 फरवरी को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी, आरबीआई ने दिसम्बर में ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाकर 5.25 फीसदी की थीं। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। 2025 में चार बार में 1.25 फीसदी की कटौती की गई थी। रिजर्व बैंक ने एक नया फ्रेमवर्क लाने का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत छोटे अमाउंट वाले फ्रॉड ट्रांजैक्शन में नुकसान झेलने वाले ग्राहकों को 25 हजार तक का मुआवजा दिया जाएगा। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि हाल के दिनों में कई धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन हुए हैं, जिन्हें रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने कई कदम उठाए हैं। इसी सिलसिले में हम डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर एक डिस्कशन पेपर भी जारी करने वाले हैं।



- ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी
- आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी

### लोन-रिकवरी एजेंट अब ग्राहकों को परेशान नहीं कर सकेंगे

**मुंबई।** बैंक से लोन लेने वाले और डिजिटल ट्रांजैक्शन करने वाले करोड़ों ग्राहकों के लिए राहत की खबर है। आरबीआई ने लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी और बैंकों द्वारा की जा रही मिस-सेलिंग पर लगाम लगाने के लिए सख्त गाइडलाइंस लाने का फैसला किया है। शुक्रवार को एमपीसी)0 की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि केंद्रीय बैंक तीन नए ड्राफ्ट रेगुलेशन जारी करने जा रहा है। इनका मकसद ग्राहकों की सुरक्षा को मजबूत करना और बैंकों की जवाबदेही तय करना है। इन नियमों के लागू होने के बाद रिकवरी एजेंट ग्राहकों को डरा-धमका नहीं पाएंगे और न ही बैंक आपको ऐसा इंश्योरेंस या लोन दे पाएंगे, जिसकी आपको जरूरत नहीं है।

# इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में धमाका, 31 मरे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की एक मस्जिद में आत्मघाती हमला किया गया। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान तरलाई इलाके की इमाम बारगाह खदीजत-उल-कुबरा में जोरदार धमाका हुआ। इस विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। ब्लास्ट के बाद पूरे शहर में इमरजेंसी लगा दी गई है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ा लिया था। जहां यह धमाका हुआ है वो शिया मस्जिद है। इस धमाके में 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 169 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक यह धमाका एक सुसाइड बॉम्बिंग यानी आत्मघाती हमला था। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव पाक की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी पुलिस के -शेष पृष्ठ दो पर

- जुमे की नमाज के दौरान हुआ हमला
- फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ाया

# उत्तराखंड-नेपाल बॉर्डर पर बारात की बस गहरी खाई में गिरी,13 की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)।** जनपद पिथौरागढ़ के झूलाघाट कस्बे में भारतीय सीमा से लगे नेपाल के बैतड़ी में गुरुवार (5 फरवरी) को देर रात्रि भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में 13 बारातियों की मौत हो गई, जबकि 34 गंभीर घायल हो गए।

घायलों में कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। बताया जा रहा है कि बस बारात को लेकर बैतड़ी से बजांग जा रही थी। गुरुवार देर रात्रि बैतड़ी के पुरचूंणी नगरपालिका भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुडा जा रही बस पुरचूंणी के बड़गांव मोड़ पर अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। 34 लोग गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में रेस्क्यू कर नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिला प्रहरी कार्यालय बैतड़ी के प्रहरी, प्रवक्ता निरीक्षक बलदेव बडू ने बताया कि गुरुवार रात के समय नेपाल एपीएफ, प्रहरी व स्थानीय जनता द्वारा यात्रियों का रेस्क्यू किया गया। प्रहरी प्रवक्ता निरीक्षक बलदेव बडू ने बताया कि बस दुर्घटना में 6 बारातियों की घटनास्थल में ही मौत हो गई थी।5 बारातियों की डडेलधुरा अस्पताल में और 2 बारातियों की कोटिला अस्पताल में मौत हो गई। साथ ही घायलों में कुछ और बारातियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में बस चालक सामान्य घायल बताया जा रहा है। घायल बस चालक कंचनपुर के भीमदत्त नगरपालिका 7 निवासी विरेंद्र बुढ़ा को प्रहरी ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। प्रथमदृष्ट्या में बस दुर्घटना का मुख्य कारण ओवरलोडिंग वर बस ओवरलोडिंग के कारण चढ़ाई में नहीं चढ़ पाना बताया जा रहा है। घायल बारातियों का डडेलधुरा अस्पताल में इलाज दिया जा रहा है, जबकि गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनगढ़ी भेजा गया है।

- 34 लोग घायल, कई की हालत गंभीर, गुरुवार देर रात हुआ हादसा

### दुर्घटना में मरने वालों के नाम

केशव राज जोशी (40), अशोक राज जोशी (13), बसंत राज जोशी, बिष्णु दत्त जोशी (41), नरेश राज जोशी (42), बिशन दत्त जोशी (17), दीपक जोशी (28), किशन जोशी (46), (ये सभी बजांग बित्थड चीर गांव पालिका 7 निवासी), मोहन देव भट्ट (60), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी, केशव भट्ट (27), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी, बसंत राज रतला (40), निवासी बजांग जय पृथ्वी नगर पालिका 7. पुष्पा अवस्थी (40), निवासी बैतड़ी पुरचूंणी नगरपालिका 7. सुशील जोशी, बैतड़ी पुरचूंणी नगरपालिका 7 निवासी

## संक्षिप्त समाचार

### युवराज मौत मामला : हाईकोर्ट ने दिया बिल्डर अभय कुमार की रिहाई का आदेश

**प्रयागराज।** उप्र के नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की गडढे में गिरने से हुई मौत के मामले में गिरफ्तार बिल्डर अभय कुमार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश सिद्धार्थ और न्यायाधीश जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया। याचिकाकर्ता अभय कुमार ने अपनी गिरफ्तारी, हिरासत और रिमांड को अवैध घोषित किए जाने तथा अवैध हिरासत से मुक्त करने की मांग की थी।

### आंतरिक रिक्ति के लिए आईपीएस मीणा का दावा खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु कैडर के 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने उसी चयन वर्ष के लिए राजस्थान कैडर में एक आंतरिक रिक्ति के आवंटन की मांग की थी। अदालत ने कहा कि इस तरह के विलंबित दावों पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे कैडर आवंटन की व्यवस्था को अस्थिर कर देंगे।

# जन सुराज पार्टी की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिसमें उन्होंने राज्य में नए सिरे से चुनाव कराने का निर्देश देने की मांग की थी।

जब पीठ ने मामले पर सुनवाई करने में अनिच्छा व्यक्त की, तो याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी और उच्च न्यायालय में अपील करने की स्वतंत्रता मांगी। उन्हें यह स्वतंत्रता प्रदान करते हुए, मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिका को वापस लिया हुआ मानकर खारिज कर दिया। इस रिट याचिका को संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत दायर किया गया था।

- बिहार में नए सिरे से चुनाव कराने की थी मांग

# भारत ने छठी बार जीता अंडर-19 विश्वकप

### इंग्लैंड को फाइनल में 100 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और छठी बार विश्व कप का खिताब जीत लिया। भारत ने इंग्लैंड को फाइनल में 100 रनों से हराया। भारत ने इंग्लैंड के सामने 412 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर सिमट गई।

टीम इंडिया के लिए वैभव सूर्यवंशी फाइनल के सुपरस्टार रहे। उन्होंने 80 गेंद में 175 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं, इंग्लैंड की ओर से कैलब फाल्कनर ने शतक जड़ा, लेकिन टीम को नहीं जिता पाए। फाल्कनर ने 67 गेंद पर 115 रन की पारी खेली। भारत पूरे टूर्नामेंट के दौरान अजेय रहा और ग्रुप चरण से लेकर फाइनल मुकाबले तक कोई टीम आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को हरा नहीं सकी। भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे और अभिज्ञान कुंडू ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान -शेष पृष्ठ दो पर




# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच एक बार फिर से मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में तीन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। मुठभेड़ बीजापुर और महाराष्ट्र के बॉर्डर में हुई है।

इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के सुरक्षाबलों की टीम संयुक्त रूप से शामिल हैं। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सलियों की मौजूदगी के बाद ऑपरेशन शुरू किया गया था। महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार, जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर हुए। वहीं महाराष्ट्र का एक जवान शहीद हो गया। 6 फरवरी की सुबह अबूझमाड़ के जंगल में दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हुई। जिसमें 3 नक्सली मारे गए हैं।

- महाराष्ट्र का एक जवान शहीद

# धामपुर में फर्जी आईबी डिप्टी कमिश्नर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) का डिप्टी कमिश्नर बताकर बिजनौर जनपद के पुलिस अधिकारियों, प्रशासनिक सरकारी अधिकारियों के अमले पर रौब गांठने वाले शातिर व्यक्ति को मेरठ एसटीएफ ने धामपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मनोज कुमार पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी ग्राम त्रिलोकवाला, थाना नगीना के रूप में हुई है। वह नगीना मार्ग स्थित गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास बीते करीब पांच वर्षों से किराए के मकान में रह रहा था।

शासन स्तर पर शिकायत पहुंचने के बाद मामले की गोपनीय जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि आरोपी लगातार खुद को आईबी का बड़ा अधिकारी बताकर अधिकारियों पर अपने पक्ष में कार्रवाई कराने का दबाव बनाता रहा। इसके बाद मेरठ एसटीएफ की टीम ने इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में धामपुर पहुंचकर उसे हिरासत में लिया। फिलहाल आरोपी से कोतवाली में पूछताछ जारी है और उसके संपर्कों की भी जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बीते 24 दिसम्बर को मनोज की पत्नी अपर्णा का ईदगाह के सामने एक्सीडेंट हो गया था। गंभीर हालत में उसे मुरादाबाद ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मनोज ने खुद को आईबी का डिप्टी कमिश्नर बताते हुए बिजनौर के आला पुलिस अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों -शेष पृष्ठ दो पर



- एसटीएफ मेरठ ने किया खुलासा, पुलिस अफसरों और नेताओं पर रौब गांठ कर वर्षों से बनाता रहा दबाव, नेटवर्क खंगाल रही एसटीएफ

### दवाइयों का होलसेल कारोबार, डाक्टरों से भी जान-पहचान

बताया जा रहा है कि मनोज गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास गली में स्थित रिटायर्ड कानूनगो के मकान मे किराए पर रहता था। दवाइयों का होलसेल कारोबार करता था। धामपुर के कई निजी चिकित्सकों और मेडिकल स्टोर संचालकों से उसके संपर्क थे। चिकित्सकों से भी वह खुद को आईबी अधिकारी बताकर जान-पहचान बनाता था, जिससे उसका रौब और प्रभाव बना रहता था।

### खुफिया तंत्र पर उठे सवाल

पिछले पांच वर्षों से धामपुर में रह रहे मनोज की पत्नी स्थानीय एक निजी अस्पताल में कार्यरत थी और उसका मायका भी धामपुर क्षेत्र के एक गांव में बताया जा रहा है। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस और जिले का खुफिया विभाग उसकी गतिविधियों को समय रहते पकड़ नहीं सका। गैर जनपद मेरठ से आई एसटीएफ टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद ही पूरे मामले का पर्दाफाश हो सका। एसटीएफ आरोपी के नेटवर्क, लेन-देन और संपर्कों की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी ने किन-किन मामलों में फर्जी अधिकारी बनकर दबाव बनाया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

# दिल्ली: सड़क पर खुदे गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत

**नई दिल्ली।** वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी इलाके में दिल्ली जल बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गए 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात को हुआ। मृतक की पहचान कैलाशपुरी निवासी कमल भयानी (25) के रूप में हुई है, जो एक प्राइवेट बैंक के कॉल सेंटर में काम करता था। सुबह करीब 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक गड्ढा डीजेबी ने कंस्ट्रक्शन के लिए खोदा था और सड़क कुछ दिनों से बंद थी। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तीन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। इनमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। साथ ही प्रोजेक्ट कंपनी पर कार्रवाई होगी और डीजेबी पीड़ित परिवार को मुआवजा देगा।

# प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति मनोबल टूटने पर ही बोलेगा अपशब्द

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति यदि अपशब्द और असत्य बोलने लगता है, तो इसका सीधा मतलब यही होता है कि उनमें कोई हताशा है, जिसके कारण उनका मनोबल टूट गया है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री के राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर गुरुवार को दिए गए जवाब पर एक वीडियो पोस्ट में शुक्रवार को कहा कि मोदी ने 97 मिनट पर अपना भाषण दिया और इसमें वह सब असत्य ही दोहराते रहे हैं। जब हमने अभिभाषण पर अपनी बातें रखी उनका भी प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया। वह सिर्फ 100 साल, 75 साल, 50 साल की बात करते रहे। इसका मतलब यही है कि मोदी के पास हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की शक्ति ही नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी कांग्रेस पर सिखों का अपमान करने का आरोप लगा रहे हैं,



■ हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की ताकत नहीं: खड़गे

जबकि सच यह है कि उन्होंने खुद सिखों का अपमान किया है। मोदी ने खुद पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का अपमान किया था। दरअसल सिखों का अपमान तो प्रधानमंत्री ने किया है। मोदी ने कहा कि हमने सिखों का अपमान किया। मतलब सदन के बाहर दो लोगों की बातचीत हुई, उसे सिखों का अपमान कह दिया गया। उनका कहना था कि कांग्रेस सिखों का बहुत आदर करती है, कांग्रेस सरकार में डा. मनमोहन सिंह वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन श्री मोदी न सिखों का आदर करते हैं, न दलितों का और न ही आदिवासियों का। खड़गे ने ये बातें दिखाती हैं कि श्री मोदी का मनोबल टूट चुका है, उनकी रौनक कम हो गई है। वे कहते हैं मुझे गालियां देते हैं, दो किलो गालियां दीं, एक कुंतल गालियां दीं तो क्या गालियां तोलते हैं। उन्होंने मुझे तो बहुत गालियां दी हैं। और खुद के लिए कहते हैं दो-दो किलो, एक-एक कुंतल गालियां मुझे देते हैं और ये क्या है। प्रधानमंत्री पद पर बैठा इंसान अगर लोकतंत्र और देश के लिए अपशब्द कहे, तो ये अच्छी बात नहीं है। उन्होंने लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की पुस्तक के अंश पढ़ने नहीं देने का भी जिक्र किया और कहा ष्वे कहते हैं कि किताब छपी ही नहीं है। जब नरवणे जी की किताब हमें मिल गई, तो सत्ता में बैठे लोगों को कैसे नहीं मिली। वे संसद में कह रहे हैं कि किताब अभी प्रकाशित ही नहीं हुई है। अमित शाह हो या राजनाथ सिंह सभी ने बार-बार किताब न होने की बात की, लेकिन असलियत में किताब मौजूद है। जब नरवणे जी की किताब के बारे में राहुल गांधी ने संसद में बोला, तो पूरे सत्ता पक्ष को जाने क्यों बुरा लगा।

# 'घूसखोर पंडत' पर लगे प्रतिबंधः मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वेब सीरीज 'घूसखोर पंडत' में 'पंडित' शब्द को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे बेहद दुखद और चिंताजनक बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, अब फिल्मों के माध्यम से भी एक विशेष वर्ग का अपमान किया जा रहा है, जिससे पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है।

मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि फिल्म में 'पंडित' को 'घुसपैठिया' बताकर पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की जातिसूचक टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को



नुकसान पहुंचाने वाली हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। बसपा प्रमुख ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी पार्टी इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि ऐसी जातिसूचक और समाज को बांटने वाली फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि सामाजिक तनाव को रोका जा सके। मायावती ने कहा कि संविधान सभी वर्गों को सम्मान और समानता का अधिकार देता है, ऐसे में किसी भी माध्यम से किसी समाज को अपमानित करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई करने की अपील की।

### पदाधिकारियों की अहम बैठक आज

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को पार्टी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों को बुलाया गया है। पार्टी की तरफ से एक आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। बैठक से पूर्व मायावती मीडिया को संबोधित करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पीडीए पाठशाला को जनआंदोलन में बदलने का आह्वान

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 'पीडीए पाठशाला' के सांकेतिक आंदोलन को अब वास्तविक और जमीनी जनआंदोलन में बदलना होगा। तभी शोषित-वंचित समाज की आने वाली पीढ़ियां पढ़-लिखकर आगे बढ़ सकेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की शिक्षा-विरोधी सोच के कारण प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद कराया जा रहा है। अखिलेश यादव ने अपने बयान में कहा है कि भाजपा जानती है कि शिक्षा से लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक चेतना आती है, जो उसकी दकियानूसी, रूढ़िवादी और संकीर्ण सोच के लिए खतरा है। इसी वजह से भाजपा शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान के खिलाफ रहती है और उसके संगी-साथी बच्चों को एकरंगी नकारात्मक विचारधारा में ढालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों से शिक्षा और तालीम का अधिकार छीनना एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जिसका सबसे ज्यादा नुकसान पीडीए समाज को ही उठाना पड़ेगा।

### योगी ने लता को पुण्यतिथि पर दी विनम्र श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय संगीत को अपनी दिव्य स्वर-साधना से विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने वाली स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लता मंगेशकर का अद्वितीय गायन और संगीत के प्रति उनका आजीवन समर्पण कला जगत के लिए एक अमूल्य धरोहर है। उनकी मधुर वाणी और संगीत साधना सदैव हमारे हृदयों में जीवंत रहेगी तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी।

# यूपी में दावे व आपत्तियों की तारीख एक महीने बढ़ी

लखनऊ, वार्ता

यूपी में एसआईआर पर दावे और आपत्तियों की तारीख एक महीने तक बढ़ा दी गई है। अब 6 फरवरी की जगह 6 मार्च तक फॉर्म-6 और फॉर्म-7 जमा करवाया जा सकता है। नोटिस की सुनवाई की प्रक्रिया 27 मार्च तक चलेगी, इसके बाद 10 अप्रैल को इलेक्शन कमीशन की तरफ से फाइनल मतदाता सूची जारी की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 27 अक्टूबर को एसआईआर की प्रक्रिया की शुरुआत की गई थी। घर-घर जाकर बीएलओ की तरफ से गणना का काम 4 नवंबर से शुरू किया गया था, फिर 6 जनवरी को मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी किया गया था। नवदीप रिणवा ने बताया कि राजनीतिक दलों और नागरिकों की अपील पर चुनाव आयोग ने समय बढ़ाने का निर्णय

■ अब 10 अप्रैल को आएगी फाइनल वोटर लिस्ट: रिणवा


लिया है। हमारा लक्ष्य है कि मतदाता सूची पूरी तरह से सटीक और समावेशी बने। पहले दावा-आपत्ति की अवधि 6 फरवरी में समाप्त हो रहा था, लेकिन अब यह मार्च तक बढ़ा दिया गया है। विसंगतियों और नोटिस के जवाब का निपटारा 27 मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। विदेश में रह रहे नागरिक भी फॉर्म 6। भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रदेश में देश की सबसे बड़ी मतदाता संख्या है। यहां लगभग 15 करोड़ से अधिक वोटर हैं है। एसआईआर 2026 की प्रक्रिया पिछले साल से चल रही है। एसआईआर का उद्देश्य पुरानी सूचियों से लिंकिंग, डुप्लीकेट नाम हटाना और नई एंट्रीज को सुनिश्चित करना है।

## विधानसभा चुनाव से पहले सभी दल पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटे

# चुनाव से पूर्व यूपी भाजपा में अंतर्विरोधों की आहट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटे हैं। इसी बीच सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के भीतर उभरते विरोधी सुरों ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। जनप्रतिनिधियों बनाम अधिकारियों और सरकार बनाम संगठन के बीच खिचती रेखा अब सार्वजनिक बहस का विषय बनती जा रही है। 30 जनवरी को महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और स्थानीय भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच सड़क पर हुआ तीखा विवाद इसी अंतर्विरोध का ताजा उदाहरण माना जा रहा है। हालांकि पार्टी नेतृत्व ने इसे मामूली घटना बताया, लेकिन सियासी गलियारों में इसे सत्ता और संगठन के बीच असंतुलन की एक



■ सरकार-संगठन के बीच खिंचती रेखा बनी चुनौती, विरोधी सुरों ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ाई

कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच हुई तीखी नोकझोंक को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि पूरा मामला पार्टी के संज्ञान में है। इस मामले में दोनों नेताओं से बात कर ली गई है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के भीतर अनुशासन की दीवार में दरार दिखाई दी हो। बीते कुछ वर्षों में ऐसे कई प्रसंग सामने आए हैं, जब जनप्रतिनिधियों की महत्वाकांक्षा और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर असंतोष खुलकर सामने आया। इससे पहले जुलाई 2022 में जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक द्वारा अधिकारियों पर उपेक्षा और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए सार्वजनिक रूप से इस्तीफा देना, इसी बेचैनी का बड़ा संकेत था। हालांकि बाद में मामला संभाल लिया गया, लेकिन तब यह संदेश साफ चला गया कि अंदरखाने सब कुछ ठीक नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पार्टी के भीतर कलह खुलकर सामने आई थी। मुजफ्फरनगर सीट से चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान और भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम के बीच चली तीखी जुबानी जंग का असर कई सीटों पर पड़ा। चुनाव परिणाम आने के बाद सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने खुले तौर पर अपनी हार के लिए पार्टी के ही मंत्री और विधायक पर आरोप लगाकर सियासी तापमान और बढ़ा दिया।

### खींचतान खुलकर आने लगी सामने

उत्तर प्रदेश की सियासत में सत्ताधारी भाजपा के भीतर ही नहीं, बल्कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों के मंत्रियों के बीच भी खींचतान खुलकर सामने आने लगी है। ताजा मामला कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर और अनिल राजभर के बीच बढ़ते टकराव का है, जो अब सार्वजनिक मंचों तक पहुंच गया है। दोनों नेता न सिर्फ एक ही जाति से आते हैं, बल्कि एक ही इलाके के निवासी हैं और योगी सरकार में कैबिनेट स्तर के मंत्री भी हैं। लंबे समय से चली आ रही आपसी अदावत अब तीखी बयानबाजी में बदलती दिख रही है। कुछ दिन पहले अनिल राजभर एक कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे, तभी पीला गमछा पहने कुछ लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इससे नाराज मंत्री अनिल राजभर ने नारेबाजी कर रहे लोगों को ओम प्रकाश राजभर का समर्थक बताते हुए कहा कि जैसा इनका नेता चोर है, वैसे ये भी चोर हैं। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए ओम प्रकाश राजभर ने अनिल राजभर पर पलटवार करते हुए कहा कि उंगली उठाने वाले 23 साल पहले लोहे की दुकान चलाते थे और चोरी करते थे।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83580.40
निफ्टी 25693.70



सोना 151489
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 241184
प्रति किलो



# एफएमसीजी, निजी बैंकों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती गिरावट के बाद एफएमसीजी और निजी बैंकों के शेयरों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक (0.32 प्रतिशत) ऊपर 83,580.40 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 50.90 अंक चढ़कर 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। सुबह सेंसेक्स एक समय 388 अंक टूट गया था, लेकिन रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौद्रिक नीति बयान से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से दोपहर बाद लिवाली से यह 288 अंक चढ़



गया था। केंद्रीय बैंक ने रेपो तथा दूसरी नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने साफ कहा कि लंबे समय तक रेपो दर निचले स्तर पर बनी रहेगी। नीतिगत स्तर पर रिजर्व बैंक ने एमएसएमई के लिए रेहन-मुक्त ऋण की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने की घोषणा की। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में बिकावाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.27 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। एफएमसीजी सेक्टर का सूचकांक 2.27 प्रतिशत चढ़ा। निजी बैंक, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांकों में भी तेजी रही। वहीं निफ्टी आईटी सूचकांक 1.47 प्रतिशत लुढ़क गया। फार्मा, ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य और रसायन समूहों में भी गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,242 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,781 के शेयर लाल निशान में और 1,340 के हरे निशान में बंद हुए। अन्य 121 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयर हरे निशान में रहे।

# चांदी सस्ती, सोना भी 1.51 लाख पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 6 फरवरी को गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत आज 13,155 रुपए गिरकर 2,41,184 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,54,339 रुपए थी। दो दिन में ये 41,278 रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 1,013 रुपए कम होकर 1,51,489 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,52,502 रुपए पर था। सोना दो दिन में 6,669 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोने-चांदी की बढ़ती-घटती कीमतों पर न केवल निवेशकों की नजर है, बल्कि शादी-ब्याह के सीजन के बीच आम खरीदार भी उहापोह में हैं। चांदी की कीमतों में लगातार बदलाव हो रहे हैं। आज फिर से मुनाफावसूली देखी गई है। हालांकि निवेशकों ने खरीदारी पर भी फोकस किया है। आज लखनऊ में सोने की कीमत की बात करें तो 24 कैरेट सोने का भाव 1,52,400 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। 22 कैरेट सोने का दाम 1,39,800 रुपये/10 ग्राम और 18 कैरेट सोने का दाम 1,14,310 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। वहीं, भागलपुर में 24 कैरेट सोने का भाव 1,52,400 रुपये/10 ग्राम चल रहा है।

# चावल, गेहूं सस्ता, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी 16 रुपये टूट गया और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 13 रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 49 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में आठ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में



पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 53 रिंगिट टूटकर 4,153 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.68 प्रतिशत की गिरावट में 55.27 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 28 रुपये और वनस्पति 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 51 रुपये और पाम ऑयल की 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 25 रुपये और सोया तेल 24 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 27 रुपये प्रति क्विंटल घट गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इस्लामाबाद की ...**

प्रवक्ता तकी जवाद ने कहा कि धमाके की प्रकृति का पता लगाना अभी जल्दबाजी होगी और फोरेंसिक टीमों को यह तय करना होगा कि यह आत्मघाती हमला था या प्लांट किया गया बम। धमाके के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर भागते दिखे। सूचना मिलते ही फौरन पुलिस और रेस्क्यू टीमें पहुंची और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिसमें लोग इमाम बारगाह की जमीन पर बेसुध पड़े हैं। वहीं कुछ लोग एक दूसरे की मदद करते दिखाई दिए। सुरक्षा एजेंसियों ने इमाम बारगाह और आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। राजधानी के पॉलीक्लिनिक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमस), और सीडीए अस्पताल में इमरजेंसी लगा दी गई है। पीआईएमएस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) के निर्देश पर अस्पताल में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य इमरजेंसी, आर्थोपेडिक, बर्न सेंटर और यूएसयूरोलॉजी डिपार्टमेंट को एक्टिव कर दिया गया है।

**भारत ने...** शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने पहले मैच में अमेरिका को छह विकेट से हराया। इसके बाद बांग्लादेश को 18 रन से मात देकर सुपर सिक्स चरण में प्रवेश किया। ग्रुप चरण के आखिरी मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को डीएलएस प्रणाली से सात विकेट से हराया। ग्रुप चरण में दमदार प्रदर्शन के बाद भारत ने सुपर सिक्स चरण में जिम्बाब्वे को 204 रनों के बड़े अंतर से हराया। फिर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 58 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और पाकिस्तान को बाहर का रास्ता दिखाया। भारत ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत का अंडर-19 विश्व कप में हमेशा ही दबदबा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि भारत अंडर-19 विश्व कप के 16 सत्र में से 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंच चुका है जो सर्वाधिक है। भारत ने लगातार छठी बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। टीम ने 2016, 2018, 2020, 2022, 2024 और 2026 में खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। यह आंकड़ा ये बताने के लिए अपने आप में काफी है कि भारतीय टीम का अंडर-19 में कोई सानी नहीं है। यहां तक कि आस्ट्रेलिया टीम भी भारत से काफी पीछे है। आस्ट्रेलिया ने छह बार अंडर-19 टीम के फाइनल में जगह बनाई है और चार बार खिताब जीता है। अंडर-19 विश्व कप का किया था सबसे बड़ा रन चेज-भारत के नाम अंडर-19 विश्व कप में सबसे बड़ा रन चेज का रिकार्ड भी है। टीम ने यह उपलब्धि अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में हासिल की थी। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में भारत के लिए आरोन जार्ज ने शतक लगाया, जबकि वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए, जिससे टीम ने 41.1 ओवर में तीन विकेट पर 311 रन बनाकर मैच अपने नाम किया था। भारत ने इस तरह अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज बनाया था। इससे पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था जिन्होंने 2006 में आयरलैंड के खिलाफ 305 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने इस तरह 20 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा था।

**धामपुर में....** को फोन कर दबाव बनाया। मामला केंद्रीय एजेंसी से जुड़ा बताने के कारण पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बाद में उच्च स्तर पर संदेह होने पर पूरे प्रकरण की जांच शुरू कराई गई। मेरठ एसटीएफ को इनपुट मिला था कि धामपुर में रह रहा एक व्यक्ति खुद को आईबी अधिकारी बताकर सरकारी कामों में हस्तक्षेप कर रहा है। टीम ने सर्विलांस के जरिए आरोपी की गतिविधियों की निगरानी की और शुक्रवार देर शाम उसे दबोच लिया। आरोपी के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल और संपर्कों की बारीकी से जांच की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि आरोपी पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय नेताओं को भी फोन कर खुद को आईबी का वरिष्ठ अधिकारी बताता था। इस रौब के सहारे वह कई बार अपने काम निकलवाने की कोशिश करता रहा। उसकी शातिराना कार्यप्रणाली के चलते मोहल्ले के लोग भी उसकी असल पहचान से अनजान रहे। एसटीएफ ने बताया कि मनोज कुमार एमएससी पास है और उसकी बोलने की शैली काफी प्रभावशाली है। वह लोगों के काम कराने का भरोसा दिलाकर अधिकारियों पर दबाव बनाता था। सरकारी कार्यालयों में खुद को आईबी अधिकारी बताकर वह अपने काम निकलवाने की कोशिश करता था। सर्विलांस डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप कर रहा था। पत्नी की सड़क हादसे में मृत्यु के बाद उसने अधिकारियों पर काफी दबाव बनाया था।

# आवारा कुत्तों को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

## हर जिले में बनेंगे शेल्टर होम व एबीसी सेंटर, जिला मुख्यालयों पर भी जमीन की जा रही चिन्हित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब हर जिले में शेल्टर होम और एबीसी सेंटर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि सभी 75 जिलों के मुख्यालयों पर जल्द से जल्द ये केंद्र शुरू किए जाएं। शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है।

योगी सरकार ने नगर निगमों और जनपद मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम व एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर की स्थापना प्रक्रिया तेज कर दी है। शासन स्तर पर इसे प्राथमिकता देते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाई एक साथ आगे बढ़ाई जा रही है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हाल में ही गाइडलाइंस जारी की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान मानवीय, वैज्ञानिक व



स्थायी तरीके से करने का आदेश दिया था। सरकार का मानना है कि डॉग शेल्टर होम और एबीसी सेंटर की प्रभावी व्यवस्था से जहां एक ओर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर पशु कल्याण को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम क्षेत्रों में पहले से संचालित अथवा प्रस्तावित एबीसी सेंटरों के साथ ही डॉग शेल्टर होम विकसित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक नगर निगम को निर्देशित किया गया है कि वह उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए और आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करे। शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस व पशु कल्याण से जुड़े मानकों के अनुरूप की जा रही है। योगी सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रति शेल्टर होम 470 लाख से 531 लाख रुपये तक लागत आएगी। डीपीआर में शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है। शासन स्तर पर इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है और अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप अगले चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में डॉग शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। लखनऊ नगर निगम में भूमि की उपलब्धता को लेकर कार्यकारिणी बोर्ड से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। जनपद मुख्यालयों पर भी एबीसी सेंटर एवं शेल्टर होम की स्थापना को लेकर तेजी से कार्यवाई की जा रही है। ललितपुर में 12.182 हेक्टेयर, हरदोई में 0.2 हेक्टेयर, बुलंदशहर में 2000 वर्ग मीटर और फतेहपुर में 0.769 हेक्टेयर भूमि एबीसी सेंटर एवं डॉग शेल्टर होम के लिए चिह्नित कर ली गई है।

# पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप

## लाखों का सामान राख, दमकल ने पाया काबू, कोई जनहानि नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बख्शीवाला में आज एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के बख्शीवाला स्थित बुंदु की रौनक फायरवर्क्स नामक पटाखा फैक्ट्री में हुई। आग लगने के समय फैक्ट्री में कई मजदूर काम कर रहे थे। अचानक तिल्ली बमों में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग लगने से फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। भारी संख्या में तिल्ली बमों के साथ-साथ फैक्ट्री में रखी कुर्सियां और मेजें भी जल गईं। कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने का प्रयास किया, जिसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। सीओ सिटी संग्राम सिंह और शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने भी घटनास्थल का दौरा कर जांच पड़ताल की। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई मजदूर झुलसा नहीं।





## पीडीए के एक-एक वोट की हिफाजत करेंगे : अनुज मलिक


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मलिक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि वर्तमान में चल रहे SIR (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान के अंतर्गत फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर सुनियोजित तरीके से PDA (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। यह पूरी प्रक्रिया लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाली है।

अनुज मलिक ने कहा कि जनपद सहित पूरे प्रदेश से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि भोले-भाले मतदाताओं को गुमराह कर उनसे फॉर्म-7 भरवाए जा रहे हैं, जिससे उनके मताधिकार पर संकट खड़ा हो गया है। यह न केवल चुनाव आयोग की मंशा के विपरीत है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त मतदान के मौलिक अधिकार का खुला उल्लंघन भी है। उन्होंने कहा कि PDA समाज देश की आबादी का सबसे बड़ा और मेहनतकश वर्ग है, जिसकी आवाज दबाने के लिए यह साजिश रची जा रही है। समाजवादी पार्टी शुरू से ही PDA समाज के हक, सम्मान और अधिकार की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी किसी भी कीमत पर उनके वोट के अधिकार से समझौता नहीं होने देगी।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि फॉर्म-7 के नाम पर किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से हटाया गया तो समाजवादी पार्टी व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगी। आवश्यकता पड़ी तो तहसील, ब्लॉक और जिला स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन और चुनाव आयोग से मांग की कि SIR प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए, फॉर्म-7 की गहन जांच कराई जाए और किसी भी निर्दोष व पात्र मतदाता का नाम न काटा जाए। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार की नोटिस, फॉर्म-7 या मतदाता सूची से जुड़ी समस्या होने पर समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं से संपर्क करें, ताकि समय रहते उनकी समस्या का समाधान कराया जा सके।

अंत में अनुज मलिक ने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और PDA समाज के एक-एक वोट की हिफाजत के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।



**फॉर्म-7 के दुरुपयोग से मताधिकार छीनने का आरोप**

# टायर की दुकान में चोरी का खुलासा

## चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, माल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस ने टायरों की एक दुकान से सोने-चांदी के सिक्के व मूर्तियां एवं नकदी चोरी कर ले जाने वाले चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल करते हुए चोरी गया माल भी बरामद किया है।

चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मौहल्ला गोकुलनगर बिजनौर बाईपास रोड स्थित अजय बंसल पुत्र जयगोपाल बंसल निवासी मौहल्ला साहूवान चांदपुर की रचना टायर की दुकान के पीछे से दीवार में कुम्बल लगाकर चोर-सोने के सिक्के, मूर्तियां, 55 हजार रूपए एवं बैंक के चैक जो भुगतान के रूप में प्राप्त हुए थे, चोरी कर ले गये थे। पुलिस ने मुअस 54/2026 धारा 331(3)/305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया था। पुलिस ने आज उक्त मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किया सामान भी बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि मौहम्मद शमून पुत्र वाजिद, शकील अहमद पुत्र मौहम्मद ताहिर निवासीगण ग्राम बेगावाला थाना कोतवाली शहर नगर बिजनौर, गुलजार अहमद पुत्र नूर अहमद निवासी ग्राम काजीवाला थाना कोतवाली शहर बिजनौर से एक अदद सिक्का पीली धातू, 10 अदद सिक्का सफेद धातू, 6300 रूपऐ नकद, दो अदद चैक के साथ गिरफ्तार कर लिया है। शेष फरार चोर वकार पुत्र इरफान निवासी काजीवाला थाना कोतवाली शहर नगर बिजनौर की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। मौहम्मद शमून पुत्र वाजिद निवासी ग्राम ब्रहमदीपुर बेगावाला कोतवाली नगर बिजनौर एच.एस. नम्बर 130 (ए) है। पुलिस द्वारा पूछताछ मे बताया कि 27/28 जनवरी की रात में हमारे द्वारा बिजनौर बाईपास रोड स्थित रचना टायर की दुकान से मे पीछे से दीवार मे कुम्बल लगाकर चोरी किये थे। पुलिस ने चोरों के पास से एक कार आर्टिका यूपी20सीक्यू2011 भी बरामद की है।



# मुदस्सिर जमा खान आसपा में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर के पुराने और मशहूर कांग्रेसी नेता मुदस्सिर जमा खान के राजनीतिक भविष्य को लेकर हिंदी दैनिक शाह टाइम्स द्वारा पूर्व में की गई संभावना सही साबित हुई है।

मुदस्सिर जमा खान ने औपचारिक रूप से दिल्ली स्थित नॉर्थ एवेन्यू सरकारी आवास पर चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उनके आसपा में शामिल होने से क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल देखी जा रही है।

मुदस्सिर जमा खान लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे हैं और क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। सामाजिक, राजनीतिक और जनसमस्याओं को लेकर उनकी सक्रियता के कारण उनका एक मजबूत समर्थक वर्ग है। ऐसे में उनके आसपा में शामिल होने से पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। आसपा नेताओं का कहना है कि मुदस्सिर जमा खान के पार्टी में आने से संगठन को न सिर्फ अनुभवी नेतृत्व मिलेगा, बल्कि अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों के बीच पार्टी की स्वीकार्यता भी बढ़ेगी। वहीं समर्थकों का मानना है कि यह कदम क्षेत्र की राजनीति में नए समीकरण तैयार करेगा।

गौरतलब है कि हिंदी दैनिक शाह टाइम्स ने पहले ही अपने पाठकों को यह संकेत दे दिया था कि मुदस्सिर जमा खान कांग्रेस छोड़कर किसी नए राजनीतिक मंच की ओर बढ़ सकते हैं, और आसपा में शामिल होने की संभावना सबसे प्रबल है। आज उनके आसपा में शामिल होने के साथ ही शाह टाइम्स की यह खबर पूरी तरह सत्य साबित हुई है।

राजनीतिक जानकारों के अनुसार आने वाले समय में इसका असर स्थानीय राजनीति और आगामी चुनावों पर भी देखने को मिल सकता है।



## सड़क हादसे में पुलिसकर्मी गंभीर घायल

**नगीना।** बाइक से ड्यूटी के लिए बुंदकी पुलिस चौकी जा रहा पुलिसकर्मी बुंदकी तिराहे के समीप दूसरे वाहन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम हिदायतपुर चौहान वाला थाना अफजलगढ़ स्थित अपने घर से थाना नगीना देहात क्षेत्र के द्वारिकेश शुगर मिल के पास बुंदकी पुलिस चौकी पर ड्यूटी करने जा रहे 32 वर्षीय पुलिसकर्मी कोमल कुमार पुत्र ओम प्रकाश बुंदकी तिराहे के समीप सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए जख्मी सिपाही को सीएचसी नगीना लाया गया, जहां पर तैनात चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण चिकित्सक ने उच्च इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया।

## रोडवेज बस में तोड़फोड़

**स्योहारा।** रोडवेज बस अपने निर्धारित मार्ग पर जा रही थी। इसी दौरान बस और एक बाइक के बीच साइड लगने को लेकर मामूली विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ने पर बाइक सवारों ने आपा खो दिया और बस पर हमला कर दिया, जिससे ड्राइवर साइड का शीशा टूट गया। घटना के समय बस में कई यात्री सवार थे। शीशा टूटने की आवाज से यात्रियों में दहशत फैल गई और कुछ देर के लिए बस में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। हालांकि सौभाग्यवश इस घटना में बस चालक को कोई शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचा और किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद बस चालक सीधे स्योहारा थाने पहुंचा और पूरे मामले की लिखित तहरीर दी। चालक ने बताया कि उसने आरोपियों की तस्वीरें अपने मोबाइल फोन से ले ली थीं, जिन्हें पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है कि उपलब्ध फोटो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है ताकि पूरे घटनाक्रम की सही जानकारी जुटाई जा सके। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## पुलिस से दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**नूरपुर।** मौहल्ला गोविंद नगर निवासी पीड़ित रणवीर सिंह ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी दुकान पर बैठे थे तभी हरनाम सिंह उर्फ नामा पुत्र महेंद्र सिंह गुरमुख सिंह पुत्र मंगल सिंह और हरदीप सिंह पुत्र गुरबचन सिंह उनकी दुकान पर आए। आरोप है कि उन्होंने रणबीर सिंह के साथ मामूली सी बात पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब रणबीर सिंह का बेटा मनिंदर उन्हें बचाने आया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करते देखकर अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। पीड़ित की तहरीर पर दबंगों के खिलाफ पुलिस में तहरीर लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विकास कुमार सिंह ने बताया है कि तीनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है

## बुर्का बाइक के पहिए में फंसने से महिला सड़क पर गिर कर घायल

**नगीना।** एनएच 74 पर बाइक सवार महिला का बुर्का बाइक के पिछले पहिए में फंस गया, जिससे महिला सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

थाना नगीना देहात के गांव रजा. पुरा निवासी नदीम फारूकी द्वारिकेश शुगर मिल के सामने जायका मुरादाबादी बिरयानी के नाम से दुकान चलाता है। मूल रूप से जनपद रामपुर की तहसील टांडा की दढ़ियाल नगर पंचायत के रहने वाले नदीम के पिता भी ग्राम धर्मशा नगली थाना नगीना में गन्ना क्रेशर चलाते हैं। कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत कच्चे और पक्के मीट की दुकानें बंद होने के कारण नदीम अपनी 20 वर्षीय पत्नी अल्फिशा को अपनी बाइक पर पीछे बैठाकर छुट्टियां मनाने जिला रामपुर स्थित अपने पैतृक आवास पर रिश्तेदारों से मिलने जा रहा था। रास्ते में पुरैनी टोल प्लाजा के नजदीक अल्फिशा का बुर्का बाइक के पहिए में फंस गया, जिससे वह नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। नदीम ने एम्बुलेंस को कॉल कर बुलाया और पत्नी को नगीना सीएचसी ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

# सीरवासुचन्द में तीन छात्रों की दस्तारबंदी

## मोबाइल 'शैतानी गुड़िया' अपने बच्चों को इससे दूर रखो : मुफ्ती अतीक मजाहिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** करीबी ग्राम सीरवासुचन्द के मौहल्ला बच्चाबाग में मदरसा अरबिया दारूल कुरआन में जुमेरात की देर शाम बाद नमाज ए इशा अजीमुलशान जलसा ए दस्तारबन्दी मुनआकिद हुआ।

जलसे की सदारत हजरत मौलाना मुफ्ती मौहम्मद अतीक मजाहिरी शेखुल हदीस मदरसा मुजाहिरूल उलूम सहारनपुर व हजरत मौलाना मौहम्मद इरफान कासमी नाजिम मदरसा दारुल हुदा लक्ष्मी नगर दिल्ली ने निजामत और हजरत मौलाना शाह शफीक अहमद कासमी मदरसा फैजुल उलूम अफजलगढ़ ने जलसा की सरपरस्ती के फराज अन्जाम दिए। जलसा की इब्तिदा कारी हसीबुर्रहमान ने तिलावत ए कुरआन ए करीम पढ़कर की।

कुरआन ए करीम हिफ्ज करने वाले तीन तुलाबा मुफ्ती हाफिज मौहम्मद अब्दुल्ला, हाफिज मौहम्मद सैफुल्लाह, हाफिज मौहम्मद मोहिबुल्लाह की मेहमानों ने दस्तारबंदी कर शील्ड व सनद से नवाजा।

मेहमान ए खुसूसी हजरत मौलाना मुफ्ती मौहम्मद मोहसिन फलाही उस्ताद अकायद वक्फ मदरसा हक्कानिया इंदेरी सूरत (गुजरात) ने जलसा में मौजूद अकीदतमंदों को खिताब किया। उन्होंने कुरआन की फजीलत बयान करते हुए कहा कि कुरआन ए करीम दुनिया की वह वाहिद किताब है। जिसे आसानी से जबानी हिफ्ज किया जा सकता है। दुनिया के कौने-कौने में कुरआन ए करीम हिफ्ज करने वालों की भारी तादाद मौजूद है। इस किताब को बहुत कम उम्र से लेकर बुजुर्गों तक बहुत ही आसानी से हिफ्ज किया जा सकता है। इसलिए अपने बच्चों को कुरआन हाफिज बनाओ, आखिरत में हाफिज ए कुरआन के वालिदेन के सिर पर ताज होगा।

अपने सदारती खिताब में हजरत मौलाना मुफ्ती मौहम्मद अतीक मजाहिरी ने मदरसे और स्कूल, कॉलेज कायम करने पर जोर देते हुए कहा कि अपने बच्चों को इब्तिदाई तालीम हिफ्ज कुरआन से शुरू करो। कुरआन अल्लाह की नाजिल की हुई आसमानी किताब है। जिसे हिफ्ज करने से दुनिया की हर जबान को याद करना आसान हो जाता है। उसके बाद कौम और मुल्क की तरक्की के लिए डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस, पीसीएस की तालीम पढ़ाओ। उन्होंने मोबाइल को शैतानी गुड़िया करार देते हुए कहा कि अपने बच्चों को इससे दूर रखो। यह तालीम की दुश्मन है। जलसे के आखिर में उन्होंने खुसूसी दुआ का एहतमाम किया।

इस मौके पर मदरसा इस्लामिया अरबिया दारुल कुरान के मोहतमिम कारी अंसार उल हक, उस्ताद कारी मौहम्मद फैसल, कारी मौहम्मद हसन, कारी मौहम्मद शाकिर, हाजी मौहम्मद शफीक, हजरत मौलाना नईम, मौहम्मद शफी, कारी हनीफ, मौहम्मद जीशान नजीबाबाद, ठेकेदार मौहम्मद जाकिर अंसारी बच्चा बाग मौजूद रहे।



## एक नजर

### केपीएस में सोपान शिविर का समापन



**बिजनौर।** केपीएस इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य संगीता गुप्ता के निर्देशन में डीओसी गाइड रितु रानी व दल प्रभारी रंजनी व पुष्पांजलि पांच दिवसीय तृतीय सोपान एवं प्रथम एवं द्वितीय शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर सभी गाइड द्वारा टेंट पिचिंग की गतिविधि की। जिसमें टावर पुल एवं अन्य गैजेट तैयार किए गए। इस अवसर पर एएसओसी बृजेश कुमार, जिला सहायक आयुक्त बिशन लाल, जिला कोषाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह सभी टेंट का निरक्षण किया। गाइडों द्वारा टैंट पिचिंग में बनाए गए गैजेट की प्रशंसा की । इस अवसर पर एएसओसी बृजेश कुमार ने कहा स्काउट की सभी गतिविधियों से एक उत्तम जीवन को बनाया जा सकता है। इसकी सभी गतिविधियां हमारे जीवन में प्रत्येक स्तर पर काम आती है। प्रधानाचार्य संगीता गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### मॉडर्न एरा में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम



**बिजनौर।** डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास के निर्देशन में मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के सभागार में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को छात्र-छात्राओं को लाइव दिखाया गया, जिसमें बच्चों ने बड़ी ही उत्सुकता से भाग लिया। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम द्वारा प्रधानमंत्री विद्यालय के प्रत्येक छात्र के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में स्थापित हो गए हैं। उन्होंने अपने अथक प्रयास से बच्चों, अभिभावको एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को जागरुक करते हुए नई ऊर्जा से भर दिया। उन्होंने सभी को संदेश दिया कि इम्तिहान जरूरी तो है लेकिन वह सब कुछ नहीं है। इसलिए बच्चे परीक्षा के तनाव से दूर रहे, विकास के लिए बहुत सारे अवसर हैं। अपना टाइम मैनेजमेंट करें, अभिभावक भी अपनी इच्छाओं और अत्यधिक आकांक्षाओं को बच्चों पर न थोंपे। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### एथलेटिक्स चैम्पियनशिप विजेता सम्मानित




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज अपने कार्यालय कक्ष में नेशनल मास्टर्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता तरुण कुमार को बधाई देते हुए सम्मानित किया। उन्होंने तरुण कुमार की मेहनत, अनुशासन और प्रेरणादायक प्रदर्शन की सराहना की। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि बिजनौर के पूर्व सैनिक हवलदार तरुण कुमार ने जिले और प्रदेश का नाम रोशन करते हुए 46वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026 में 110 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा तिरुवनंतपुरम (त्रिवेन्द्रम) में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग 40+ आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए हवलदार तरुण कुमार ने 17.14 सेकंड का शानदार समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि के साथ अब वे अगस्त 2026 में दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम शाहलीपुर कोटरा निवासी निशाद बानो पुत्री अब्दुल सत्तार ने थाने में दर्ज कराए केस में कहा कि उसकी शादी पांच वर्ष पहले मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार रियाज पुत्र मौहम्मद असलम निवासी ग्राम रुडकली तारावाली, थाना भोपा, जिला मुजफ्फरनगर से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति असलम व ससुराल पक्ष के मौहम्मद उस्मान, रशीदा, शाकिब, औसमा, अफसाना, फरहाना, रुकसार, इकराम, इस्तकार, मुदस्सीर आएदिन गाली-गलौज कर दहेज के लिए प्रताड़ित करते है। दो लाख रुपए व एक कार की मांग कर रहे है । मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया है।

### हादसे में बाइक सवार की मौत



**कासमपुर गढ़ी।** थाना रेहड़ क्षेत्र के वादीगढ़ हर्रावाला मार्ग पर दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना वादीगढ़ चौराहे के पास हुई। जहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान अफजलगढ़ कोतवाली के मानियावाला ग्राम निवासी मोनिश अहमद पुत्र रईस अहमद के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक रहीशपाल सिंह ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टक्कर मारकर फरार हुए अज्ञात आरोपी वाहन की तलाश में जुटी हुई है। मृतक के परिवारों ने पोस्टमार्टम करने से इनकार किया। शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### 26 करोड़ का गन्ना भुगतान

**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकातपुर ने 2 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया है। चीनी मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौड़ ने बताया कि शुक्रवार को 2 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का 26.03 करोड रुपए किसानों के खाते में भेज दिया है। गन्ना महाप्रबंधक विकास पुंडीर ने बताया कि चीनी मिल ने अब तक 78.41 लाख कुंतल गन्ने की पेराई कर 53 हजार चीनी के बोरे तैयार किए हैं। उन्होंने 0238 प्रजाति के गन्ने की बुवाई न करने और चीनी मिल को साफ-सुथरा गन्ना आपूर्ति करने की सलाह दी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# नगीना में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के धामपुर रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 'विराट हिंदू सम्मेलन' का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सामने खड़ी वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर गहन मंथन किया गया। मुख्य वक्ता साध्वी प्राची ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना में बसी है।





प्राप्त समाचार के अनुसार विराट हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति दयानंद बस्ती के अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, केशव बस्ती के अध्यक्ष शीतल अग्रवाल, गुरु जंभेश्वर बस्ती के अध्यक्ष डॉ. बलेश बिश्नोई के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर एवं इंटर कॉलेज के प्रांगण में अनमोल कंसल के संचालन में विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम से पहले सैकड़ों महिलाएं बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ के प्रांगण में इकट्ठा हुई। जहां से दोपहर 12:30 बजे कलश यात्रा शुरू हुई, जो गंज बाजार, सुनहरी मस्जिद बाजार, सर्राफा बाजार, विश्नोई सराय बाजार और मनिहारी सराय से होता हुआ रामलीला बाग स्थित सरस्वती शिशु इंटर कॉलेज में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन स्थल पहुंची। दोपहर दो बजे प्रारंभ हुए विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय मार्गदर्शक बहन साध्वी प्राची ने हिन्दुओं से अपनी जनसंख्या बढ़ाने पर जोर दिया। प्राची ने मातृशक्ति से आह्वान किया है कि अब हमें अपनी संख्या घटने नहीं देनी है। बल्कि बढ़ानी है तभी हमारा राष्ट्र और धर्म सुरक्षित रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी बेटियां लव जिहादियों के प्रेम जाल में फंसती जा रही हैं, जिसका कारण मोबाइल पर लव जिहादी अपना नाम पप्पू - गुड्डू बताते हैं और जब हमारी बेटियां उनके लव जिहाद में फंस जाती है। तब उनके असली चेहरे लव जिहादियों के रूप में सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 100 वर्षों से राष्ट्रीय सेवक संघ राष्ट्र के साथ-साथ सनातन हिंदू समाज की रक्षा और उसे जागृत करता आ रहा है और इस अभियान में हिंदूवादी संगठनों के साथ-साथ साधु संत भी सनातन हिंदू समाज को जगाने के कार्य में लगे हैं। हमारे नौजवान भी ध्यान करें कि जो देश की संस्कृति को मिटा रहे हैं और सर तन से जुदा का कार्य कर रहे हैं। उनसे बिल्कुल भी मेल मिलाप न रखें। उन्होंने यह भी चेताया कि अब हमें एकजुट होकर अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाने के साथ-साथ राष्ट्र को भी मजबूत बनाना है।

उन्होंने यह भी कहा कि सर तन से जुदा का नारा देने वाले भारत में गृह युद्ध की परिस्थितियों को पैदा कर रहे हैं, लेकिन हमारे सनातन के लोग समझ नहीं पा रहे हैं। इसलिए हमें समझना और समझाना होगा। क्योंकि जिहादी मानसिकता वाले इसकी तैयारी में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि सोना महंगा हो जाता है, तो उन्होंने इसका समाधान करते हुए कहा कि आपको सोना नहीं खरीदना बल्कि लोहा खरीदना है। क्योंकि घर, समाज और राष्ट्र की सुरक्षा सोने से नहीं लोहे से होगी। सभी सनातनी लोग सोना नहीं लोहा खरीद कर अपने-अपने घरों में रखें और जो कोई पागल कुत्ता घर में घुस आए, तो उसको डंडे से नहीं लोहे से भगाना होगा। उन्होंने महिलाओं से भी नंद और जेठानी के रिश्ते को मजबूती के साथ बनाए रखने का आह्वान किया है।

विशिष्ट अतिथि मुकेश कुमार ने संघ के 100 वर्ष के सफर पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का ऐसा संगठन है, जिसने सफलतापूर्वक 100 वर्षों का सफर तय किया है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान रखती है तथा देश के हालात किसी से छुपे नहीं है। इसलिए जात पात से उपर उठकर हिंदू समाज के लोगों को एकजुट हो जाना चाहिए। जिससे हिंदुस्तान विश्व की महाशक्ति बन सके।

मुख्य वक्ता सेवादास सह प्रांत कार्यवाह ने कहा कि सनातन समाज के लोग अपनी संस्कृति को छोड़कर अलग पद्धति अपनाते जा रहे हैं। इसी कारण हमारे बच्चे भारतीय संस्कृति से दूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को हिंदू संस्कृति की शिक्षा दिलाने की आवश्यकता है। बच्चे हिंदू संस्कृति की शिक्षा ग्रहण करेंगे, तो उनमें राष्ट्र प्रेम की भावना बढ़ेगी। कार्यक्रम अध्यक्ष राकेश कर्णवाल, शीतल अग्रवाल एवं बालेश विश्नोई ने सभी अतिथियों और तीनों बस्तियों के लोगों का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व बहन साध्वी प्राची, मुकेश सेवादास ने शीतल अग्रवाल, राकेश कर्णवाल को भगवा पगड़ी, शाल और भारत माता का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय वर्मा, अनमोल कंसल, अनिल कुमार शर्मा, नरेश कुमार, राजकुमार विश्नोई, सुनील विश्नोई तीनों कमेटियों के पदाधिकारियों और सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग और महिलाएं मौजूद रहीं।

## एक नजर

### शिवसेना कार्यकर्ता आज सौंपेगे ज्ञापन

**चांदपुर।** शिवसेना (युवा सेना) जिला प्रमुख विकास त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि कल (आज) उपजिलाधिकारी को कांवड़तियों की सुरक्षा को लेकर एक ज्ञापन दिया जायेगा। जिला प्रमुख शिवसेना युवा सेना विकास त्यागी ने बताया कि गंगा जल लेकर आने जाने वाले कांवड़तियों को रास्ते मे अनेक कठिनाईयों का सामाना करना पड़ता है। ऐसे में अब उन्हें सुरक्षा की बहुत जरूरत है। जिला व तहसील प्रशासन अपने-अपने क्षेत्रों में कितनी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराता है, यह उनके समक्ष रखा जायेगा तथा उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर सड़क मार्ग से गुजरने वाले कांवड़तियों की सुरक्षा हेतु व्यवस्था कराये जाने की मांग की जायेगी। उन्होंने समस्त शिव सैनिकों युवा सेना कार्यकर्ताओं से समय 10 बजे चांदपुर तहसील परिसर पहुंचने की अपील की है।

### विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर धन्वन्तरी हैल्थ क्लब द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'यूनाइटेड बाय यूनिक' रही। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बायोटेक्नोलॉजी विभाग की सुश्री सुरभि ढाका रहीं, जिन्होंने अपने व्याख्यान मे कैंसर के जैविक आधार, कैंसर अनुसंधान में आधुनिक बायोटेक्नोलॉजिकल तकनीकों तथा व्यक्तिगत उपचार रणनीतियों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डीन एकेडमिक मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान सहित समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित रंजन अग्रवाल, डॉ. अजय कुमार, विभोर राजवंशी, डॉ. शुभम कुमार, डॉ. मौहम्मद फैसल अंसारी, सुधीर कुमार, सुनील भारद्वाज, उज्ज्वल कुमार, विवेक कुमार, संगीता शर्मा, शुभम सैनी, निक्की पाल आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

### किशोरी को बरामद करने की गुहार

**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिहारीपुर निवासी एक 17 वर्षीय किशोरी के भाई ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया कि उसकी बहन 2 फरवरी 2026 को घर पर अकेली थी। उस समय परिवार के सभी सदस्य बाहर काम पर गए हुए थे। इसी दौरान किशोरी घर में रखी कुछ नकदी व सोने के आभूषण लेकर कहीं चली गई। जब परिजन वापस लौटे तो वह घर पर नहीं मिली। परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारों में काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है और जल्द ही किशोरी को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

### मुंशी मौलवी आलिम की परीक्षा नौ फरवरी से



**नूरपुर।** न्यू हैवन कॉलेज के प्रबंधक नफीस मंसूरी ने बताया कि मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परीक्षाएं मुंशी मौलवी आलिम की परीक्षा नौ फरवरी से चौदह फरवरी तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा का टाईम टेबल सुबह आठ बजे से ग्यारह बजे तक व दो बजे से शाम पांच बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि कॉलेज में लगभग पंद्रहा मदरसों के छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। इसमें मदरसा अनवारूल उलूम, निसबा मदरसा, अहदुल उलूम महदूद निशो मदरसा, इस्लामिया अरबिया मदरसा, शमा मेमोरियल पब्लिक स्कूल मदरसा, अब्दुल कलाम आजाद, इंटर कालेज मदरसा, शिबाला पब्लिक हाई स्कूल मदरसा, हसीना परवीन इंटर गर्ल्स कॉलेज मदरसा, महताब आदि मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन मौजूद रहेगा। किसी को भी किसी तरह की गड़बड़ी नहीं करने दी जाएगी।

# पुरानी पेंशन बहाली की लिए संगठित होने की आवश्यकता: चंद्रहास सिंह

## पेंशन क्रांति महासम्मेलन में सभी शिक्षक एवं कर्मचारी हो शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर कृषि विभाग के सभागार में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के जिला अध्यक्ष लखबीर सिंह की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री रामप्रसाद के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने आगामी 15 फरवरी को होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता का आह्वान करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन वाली का संघर्ष निर्णायक मोड़ पर है। यह हमारे बुढ़ापे की लाठी है। जिसके लिए ईमानदारी से संघर्ष करने की आवश्यकता है। कृषि मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि यह हमारे भविष्य का सवाल है। हम अटेवा के प्रत्येक संघर्ष में साथ हैं।



क्षेत्रीय मंत्री मुरादाबाद मंडल अरविंद कुमार ने कहा कि हमारा प्रत्येक कर्मचारी आगामी महासम्मेलन में प्रतिभाग कर पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष करेगा। डिप्लोमा फार्मासिस्ट संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने सभी कर्मचारियों से संगठित होकर महासम्मेलन में शामिल होने का आह्वान किया।

बैठक में जिला मंत्री निर्भय कुमार, नरेश कुमार सैनी, सचिन कुमार, रवि कुमार, राजविंदर सिंह, अरुण कुमार, राजेंद्र कुमार, मनीष चौधरी, अरुण कुमार, महेश कुमार, रजत चौधरी, जितेंद्र कुमार, गजेन्द्र कुमार, राजीव कुमार, विशाल तोमर, आदित्य वीर आदि मौजूद रहे।

# सीएम की सख्ती के बाद प्रशासन अलर्ट

## चाइनीज मांझे की बिक्री रोकने को अभियान चलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। इसी क्रम में जिले में चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस और प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। देर शाम एसडीएम सदर रितु रानी और सीओ सिटी संग्राम सिंह के नेतृत्व में शहर में कई स्थानों पर चाइनीज मांझे के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया गया।



अभियान के दौरान एसडीएम सदर रितु रानी और सीओ सिटी संग्राम सिंह ने शहर के विभिन्न इलाकों में पतंग और मांझा बेचने वाली दुकानों का गहन निरीक्षण किया। हालांकि, जांच के दौरान किसी भी दुकान पर चाइनीज मांझे की बिक्री नहीं पाई गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई भी चाइनीज मांझा बेचते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

चैकिंग के दौरान अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को केवल मानक और सुरक्षित सूती मांझा बेचने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का प्रति. बंधित मांझा मिलने पर दुकान सील करने तक की कार्रवाई की जा सकती है। इस अभियान में शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी भी मौजूद रहे।

एसडीएम सदर रितुरानी और सीओ सिटी संग्राम सिंह ने आम जनता से भी अपील की है कि वह चाइनीज मांझे का उपयोग न करें। उन्होंने लोगों से इसकी अवैध बिक्री की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया, ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। एसडीएम रितु रानी ने बताया कि यह अभियान शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत चलाया गया है। उन्होंने कहा कि शासन के सख्त निर्देश हैं कि किसी भी दुकान पर चाइनीज मांझे की बिक्री नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दोहराया कि यदि कहीं भी चाइनीज मांझा बिकता हुआ पाया गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


## एक नजर

### फड़ वालों को लाइसेंस के लिए किया जागरूक



**नहटौर।** नए बाजार में लगने वाले बाजार में फड़ लगाने के लिए नगर पालिका के ईओ ने शासन के दिशा निर्देश पर फड़ वालों से लाइसेंस लेने के लिए जागरूक किया। शुक्रवार की अपराह्न करीब तीन बजे नहटौर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी नहटौर के नया बाजार में पहुंचे। वहां उन्होंने फड़ लगाने के लिए फड़ वालों से लाइसेंस लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि फड़ लगाने के लिए नगर पालिका की ओर से लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। इसलिए सभी फड़ वाले लाइसेंस अवश्य बनवा लें।

### ट्रैक्टर ट्राली में डंपर ने मारी टक्कर



**अफजलगढ़।** थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम छतरीपट्टा (कल्लूवाला) निवासी किसान बलवन्त अपने निजी ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा गन्ना लादकर द्वारिकेश शुगर मिल इंडस्टरीज अफजलगढ़ जा रहा था कि पीछे से काशीपुर से अफजलगढ़ की ओर बजरी खनन से भरा डंपर एचआर 58 डी 5107 जिसे जस्सा सिंह चला रहा था। गन्ना से लदी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे ट्राली पलट कर गन्ना रोड पर बिखर गया। ट्रैक्टर चालक मामूली रूप से चोटिल हो गया। गनीमत रही कि पीछे से कोई अन्य वाहन नहीं आया। वरना बड़ी घटना घट सकती थी। किसान अन्य ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा तुरंत ही गन्ना लाद कर ले गए। डंपर व ट्रैक्टर ट्राली चालक दोनों थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम कल्लूवाला के बताए जा रहे हैं।

### बिजनौर में फरमान गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने नाबालिग किशोरी का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने के आरोप में ग्राम जंदरपुर निवासी फरमान पुत्र जाहिद को गिरफ्तार किया है। पीड़िता की मां ने एक फरवरी को इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने चार फरवरी को किशोरी को बरामद कर लिया था। अभियोग में धारा 65 (1) बीएनएस एवं धार 3/4 (2) पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई थी।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

**नहटौर।** कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न और सुरक्षित संपन्न कराने के लिए पालिका प्रशासन ने सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर हल्दौर चौराहे के आसपास से अतिक्रमण हटवाया। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी के नेतृत्व में पालिकाकर्मी अतुल बाबू, शाहजेब आलम, अकरम इब्राहिम, सलीम अहमद तथा गौरव चौनवाल आदि की टीम ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर यात्रा के दौरान शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हल्दौर चौराहे के आसपास सड़क घेरकर लगाए गए अवैध खोखों और ठेलों को हटाया गया। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि कावड़ यात्रा के दौरान भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

# हाईटेंशन लाइन ने ली बैल की जान

## किसान झुलसा, बुग्गी सवार बच्ची व महिलाएं मौत के मुंह से लौटीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** खेत से हरा चारा लेकर लौट रहे किसान की बुग्गी पर शुक्रवार को उस वक्त आफत टूट पड़ी, जब बरूकी मार्ग स्थित नहर के पास 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का तार अचानक इंसुलेटर से खुलकर नीचे आ गिरा। तेज करंट की चपेट में आते ही बुग्गी में जुता बैल मौके पर ही तड़पकर मर गया, जबकि बुग्गी चला रहा किसान बुरी तरह झुलस गया।



हादसे के समय बुग्गी पर एक बच्ची और दो महिलाएं भी सवार थीं। हालात की गंभीरता को भांपते हुए तीनों ने फुर्ती दिखाकर तुरंत छलांग लगा दी, जिससे उनकी जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ पल की भी देरी होती, तो बड़ा जनहानि हादसा हो सकता था।

घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही 112 पुलिस सेवा और झालू चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पशु चिकित्सक डॉ. अनुपम जैन एवं फार्मासिस्ट जसबीर सिंह राणा ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृत बैल का परीक्षण किया।

घटना की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नगर अध्यक्ष डॉ. कर्मेंद्र चौधरी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में जर्जर और लटकती हाईटेंशन लाइनें किसानों के लिए मौत का फंदा बनी हुई हैं। कभी फसलें जलती हैं, तो कभी जान-माल का नुकसान होता है, लेकिन विभाग आंख मूंदे बैठा है। उन्होंने पीड़ित किसान को तत्काल मुआवजा देने की मांग की।

वहीं, बिजली विभाग के जेई सुदेश कुमार ने विभागीय लापरवाही से साफ इंकार किया। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने क्षेत्र की सभी बिजली लाइनों की तत्काल जांच, जर्जर तारों को बदलने तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मौके पर विनीत चौधरी, नितिन कुमार, मोनू चिकारा, अरविंद चौधरी, टिंकू सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### बाइक-स्कूटी की जोरदार टक्कर

**शेरकोट।** बाइक सवार द्वारा स्कूटी में टक्कर मार दिए जाने से स्कूटी सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा बाइक सवार युवक को भी चोट आई। गम्भीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी धामपुर भेजा। धामपुर निवासी ऋषिपाल पुत्र लाखन सिंह शेरकोट से धामपुर जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह हाईवे पर एक पम्प के निकट पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। जिससे ऋषिपाल गम्भीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक सवार गांव शहजादपुर निवासी इस्माईल चोटिल हो गया।

### फार्म-7 मामले में जांच की मांग

**नहटौर।** मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए इस्तेमाल होने वाले फार्म-7 के फर्जी हस्ताक्षर के हजारों फॉर्म धामपुर तहसील के कमरे से बरामद होने पर एआईएमआईएम के विधानसभा अध्यक्ष एवं सभासद मौ.महफूज उर्फ गुड्डू ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र देकर इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता महफूज गुड्डे ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा कि बुधवार को धामपुर तहसील के कमरा नंबर 16 में लगभग 30 से 40 हजार 'फॉर्म-7' बरामद हुए हैं। आरोप है कि इन फॉर्मों पर आवेदकों के फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि कई आवेदकों के नाम पर 50 से 100 फॉर्मों पर एक जैसे हस्ताक्षर पाए गए हैं, जबकि उन लोगों का कहना है कि उन्होंने ऐसे किसी फॉर्म पर साइन नहीं किए हैं। पत्र में दावा किया गया है कि इन फॉर्मों के ऊपर भाजपा मंडल अध्यक्षों के विवरण वाली पर्चियां भी मिली हैं। शिकायतकर्ता ने तहसील प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका जताई है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि भारत की राष्ट्रपति और एआईएमआईएम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी को भी भेजी है। इस दौरान उनके साथ पार्टी नेता शबाहत इकबाल व शादाब आलम उर्फ काका भी मौजूद रहे।

### बस स्टैंड पर पर्स से जेवरात घायल

**नहटौर।** कोशिका सैनी पत्नी दिनेश सैनी निवासी देहरादून अपनी बहन निधि सैनी पत्नी ओमपाल सैनी निवासी ऋषिकेश के साथ नहटौर के मोहल्ला नौधा में शादी समारोह में आई थी। दोनोंसुबह वापस अपने घर लौट रही थी। जब वह झालू चौराहा स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर बस में चढ़ रही थी। दोनों बहनों के हैंड बैग की चैन खुली मिली। जब बैग में देखा तो बैग से छोटा पर्स गायब मिला। जिसमें कोशिका सैनी की सोने की अंगूठी व सोने का मंगलसूत्र गायब मिला व निधि सैनी के पैसे गायब थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। पीड़िता ने लगभग 1 लाख से अधिक रुपए के सोने के आभूषण बताए है। इस तरह की घटना कई बार रोडवेज बस स्टैंड पर हो चुकी है। आए दिन ये घटनाएं होती रहती है। नागरिकों ने इस गिरोह को पकड़वाए जाने की मांग की।

### अलग-अलग सड़क हादसो में कई घायल

**अफजलगढ़।** धर्मेन्द्र कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी प्रेमपुरी बाइक से सुआवाला-जसपुर मार्ग की ओर आ रहे थे। भूतपुरी पुल के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे एसआई कमरूल हसन खान और राकेश कुमार यादव ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। कुछ देर बाद ही राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर गांव भज्जावाला के समीप घटना हुई, जिसमें फरजाना पत्नी कमर अली, निवासी मोहल्ला गौहर अली खां अपने पुत्र समीर के साथ नहटौर से घर लौट रही थीं। इसी दौरान अचानक एक आवारा कुत्ता सड़क पर आ गया, जिससे बाइक असंतुलित हो गई और फरजाना सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायलों की गंभीर अवस्था देखते हुए सीएचसी प्रभारी डॉक्टर खालिद अख्तर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। एक ही दिन में तीन अलग-अलग सड़क हादसों के कारण क्षेत्र में शोक के लहर दौड़ गई।

### मारपीट की घटना में तीन जख्मी

**नगीना।** नगर के स्टेशन रोड स्थित बाजार में नगर पालिका के गेट के पास शुक्रवार की शाम दो पक्षों के बीच विवाद के चलते मारपीट हुई। जिसमें अंशु, दयानंद सैनी और मोनू घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### भाकियू टिकैत की बैठक

**अफजलगढ़।** कालागढ़ मार्ग स्थित नगर के लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को लगातार गन्ने की रिजेक्शन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तथा किसानों के बिजली बिल लगातार बढ़कर आ रहे हैं। जिससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। किसानों की समस्याओं को लेकर उक्त समस्याओं की मांग को लेकर उक्त बैठक बुलाई गई। ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो भारतीय किसान यूनियन धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। वहीं विद्युत विभाग के एसडीओ ऋषिकांत व अमित कुमार अफजलगढ़ ने कहा कि जल्द ही किसानों की समस्या समाधान कर दिया जाएगा। इस अवसर पर किसान नेता विजेंद्र सिंह, दर्शन सिंह रावत, मौहम्मद यूसुफ कुरैशी, चरणजीत सिंह, वसीम अहमद गुज्जर, रिजवान अहमद सभासद, गोपी, शकील अहमद कुरैशी, रईस अहमद, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने पमडावली में लगाई ग्राम चौपाल

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर मान उर्फ पमडावली में जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल लगाई। इस दौरान ग्राम समाज तथा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलने पर जांच के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ग्राम फरीदपुर मान उर्फ पमडावली में पहुंची और ग्राम चौपाल लगाई। ग्रामीण चरण सिंह ने गांव में अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए शीघ्र ही एक जांच टीम गठित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने गांव में बन रही टंकी के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया की पूर्ण मानक एवं समयबद्धता के साथ काम को पूरा किया जाए। इस दौरान कई ग्रामीणों ने कुछ हैंडपंप में पीला पानी आने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने हैंड पंप रिबूट करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विकास कार्यों का सत्यापन किया गया। गांव में दो आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय, सीसी रोड निर्माण आदि के काम मानक के अनुरूप पूर्ण पाए गए। गांव में 496 राशन कार्ड तथा सात अंत्योदय के लाभार्थी पाए गए, जिनको नियम अनुसार राशन की उपलब्धता होना बताया गया। कुछ लाभार्थियों ने नाम कटने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने सक्षम स्तर से मिलान कर काटे गए नाम का पता लगाने के निर्देश दिए। ग्रामीण जितेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को बताया कि गांव में ग्राम समाज की काफी जमीन है जिस पर लड़कियों के लिए इंटर कॉलेज बनाया जाए। सैंकी चौधरी ने गांव में खेल का मैदान बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने मांग की कि मृत पशुओं को आबादी से दूर डाला जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला अधिकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में पहुंची जहां उन्होंने बच्चों से प्रश्न पूछे। बच्चों द्वारा सही उत्तर देने पर उन्होंने बच्चों को शाबाशी दी। कार्यक्रम का संचालन बीडीओ मौहम्मदपुर देवमल राजवीर सिंह ने किया।

**आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर एवं सहायक श्रम आयुक्त, बिजनौर।**
वाद संख्या-डब्लू.सी.ए. 17/2023
पत्र संख्या 147/डब्ल्यू.सी.ए.
दिनांक:-24.01.2026

श्री मौ. फरमान पुत्र श्री फुरकान निवासी ग्राम शकरपुरी, पो. भनेड़ा, थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**बनाम**

1. मौ. एस.के. एन्टर प्राईजेज सैक्टर-1डी.एस. द्वितीय इन्डस्ट्रीयल एरिया निकट साईं धर्मकाटा, ब्लॉक एम-74 बवाना देहली-110039 द्वारा श्री कर्मवीर कौशिक स्वामी फर्म उपरोक्त, 2. श्री कर्मवीर कौशिक पुत्र नामालूम स्वामी फर्म एस.के. एन्टर प्राईजेज सैक्टर-1 डीएस द्वितीय इन्डस्ट्रीयल एरिया निकट साईं धर्मकांटा ब्लॉक एम 74 बवाना देहली 110039

**सूचना**

चूंकि उपरोक्त लिखित सेवायोजकों के अधीन कर्मचारी जिला बिजनौर द्वारा कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के आद. श प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

एतएवं उपरोक्त पक्ष आवेदन पत्र से संबंधित समस्त सरवाना/प्रश्नों का उत्तर देने के लिए या व्यक्ति रूप से या तदर्थ सम्यक रूप से प्राधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दिनांक 11.02.2026 को समय 02:00 बजे हाजिर होकर की अपेक्षा की जाती है और चूंकि आपकी हाजिरी के लिए निश्चित तिथि को आवेदन पत्र अंतिम रूप से निस्तारण करने के लिए नियत किया है इसलिए आप उक्त दिनांक को समस्त साक्षियों जिनके साक्ष्य पर तथा ऐसे दस्तावेजों का जिन पर यह निश्चित रहे कि उपरोक्त लिखित दिनांक को उनके हाजिर होने पर आवेदन पत्र खारिज कर दिया जायेगा/पूर्ण सुनवाई होगी तथा उसे आपकी अनुपस्थिति में अवधारित कर दिया जायेगा।

अत: इस सम्मन के एक बार तामील होने के बाद अगली तिथि को कोई सूचना नहीं भेजी जायेगी, यह सूचना स्वयं न्यायालय में प्राप्त करेंगे।

नियत दिनांक 11.02.2026
**कर्मचारी प्रतिकर आयुक्त एवं सहायक श्रमायुक्त, बिजनौर**

# कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

## भागूवाला-मोटा महादेव मार्ग पर गड्ढे भरे जा रहे, पेड़ों की छंटाई शुरू





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भागूवाला से स्वयंभू मोटा महादेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित बाईपास सड़क के गड्ढों को भरने और सड़क किनारे पेड़ों की छंटाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह कदम कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

दरअसल, भागूवाला क्षेत्र में स्थित स्वयंभू मोटा महादेव मंदिर कांवड़ यात्रा का पहला प्रमुख पड़ाव माना जाता है। हर वर्ष सावन माह में बड़ी संख्या में कांवड़िए यहां पहुंचते हैं और जलाभिषेक के बाद आगे की यात्रा शुरू करते हैं। इसी को देखते हुए जिलाधिकारी ने हाल ही में मोटा महादेव मंदिर परिसर में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की थी।

बैठक में थाना प्रभारी, सामाजिक वाहिनी, नगर पालिका, क्षेत्राधिकारी, वन विभाग, बिजली विभाग और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) सड़क सुरक्षा से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग, बिजली, सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था से संबंधित सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग द्वारा मोटा महादेव मंदिर से भागूवाला तक बाईपास सड़क पर मौजूद गड्ढों को भरने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर गड्ढों के कारण आए दिन वाहन फिसलने और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था, जो कांवड़ यात्रा के दौरान और अधिक बढ़ जाता। अब सड़क की मरम्मत होने से कांवड़ यात्रियों के साथ-साथ आम राहगीरों को भी राहत मिलेगी।

वहीं, सामाजिक वाहिनी की ओर से सड़क किनारे उगी झाड़ियों और पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, घनी झाड़ियों और बाहर की ओर निकली पेड़ों की डालियों के कारण बड़े वाहनों और कांवड़ियों के आपस में टकराने की आशंका रहती थी। छंटाई के बाद सड़क का किनारा साफ हो गया है, जिससे दृश्यता बढ़ेगी और हादसों की संभावना कम होगी।

प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में बिजली के जर्जर तारों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं को भी दुरुस्त किया जाएगा। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी और श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय लोगों और शिव भक्तों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी होने से कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न होगी।

# लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत तीन आरोपियों को लूटे गए सामान, अवैध शस्त्र और एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भरेकी निवासी आशिक पुत्र अब्दुल वाहिद ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोककर तमंचे के बल पर 7,100 रुपये नकद व एक मोबाइल फोन लूट लिया था। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समीर पुत्र निसार, जीशान पुत्र कामिल और दिव्यांशु पुत्र रोहतास, निवासीगण ग्राम जनदरपुर, थाना कोतवाली शहर, बिजनौर को

### लूट का सामान, अवैध शस्त्र और एक बाइक बरामद

गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि करीब एक माह पूर्व उन्होंने भरेकी नहर पुल के पास एक बाइक सवार व्यक्ति को रोककर तमंचे के बल पर उसका मोबाइल फोन व 7,100 रुपये नकद लूट थे और रकम आपस में बांट ली थी।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, छह जिंदा कारतूस 315 बोर तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में चालान कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। जबकि इस मामले का एक अन्य आरोपी शाहवाज पुत्र नवाब अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिसकी तलाश जारी है।

# ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर ने किया औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राज्यमंत्री, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग, उ.प्र. डॉ. सोमेन्द्र तोमर द्वारा आज अपराह्न औद्योगिक आस्थान, (इंडस्ट्रियल एरिया) शुगर मिल के सामने, नगीना रोड में लगाई गई औद्योगिक प्रदर्शनी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

मंत्री ने कहा कि इस प्रकार की औद्योगिक प्रदर्शनियां स्थानीय उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का सशक्त मंच प्रदान करती हैं। इससे न केवल रोजगार के अवसर सृजित होते हैं, बल्कि क्षेत्र के औद्योगिक विकास को भी गति मिलती है। कार्यक्रम के अंतर्गत

### स्टॉल का अवलोकन कर उद्यमियों से किया संवाद

प्रदर्शनी में विभिन्न उद्योगों द्वारा अपने-अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। जिसका मंत्री ने अवलोकन किया तथा उद्यमियों से संवाद किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपयुक्त उद्योग अमित कुमार सहित औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति के पदाधिकारी, उद्यमी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# छात्राओं से अश्लीलता के मामले में कार्यवाही न होने से रोष

**शेरकोट।** छात्राओं से रास्ते में अश्लीलता होने के मामले में पुलिस कार्यवाही न होने से ग्रामीणों में रोष है। मालूम हो कि बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी तीन छात्राएं साइकिल से सुबह लगभग 9:30 बजे नगर के एक स्कूल मे पेपर देने आ रही थी। जब वह महामाया डिग्री कॉलेज स्थित निकट पहुंची तो तभी बाइक सवार नकाबपोश एक युवक ने उन्हें रोक लिया तथा अश्ल. ीलता की। डरी सहमी छात्राएं रोते हुए हाईवे पर पहुंची तो राहगीरो ने उन्हें ढांढस बंधाया और स्कूल तक पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर प्रधानाचार्य ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक की तलाश कर कड़ी कार्यवाही की मांग की। उधर छात्राओं के साथ हुई घटना से अभिभावकों में अपनी बच्चियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। जबकि पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों मे आरोपी युवक कैद हो गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जल्दी ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होगा।

# कांवड़ यात्रा को लेकर धामपुर में पुलिस का पैदल गश्त अभियान

### दुकानों के सामने सामान निर्धारित सीमा के भीतर रखने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रस्तावित कांवड़ यात्रा को लेकर नगर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बीती रात पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे के नेतृत्व में व्यापक पैदल गश्त अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा।

पैदल गश्त कोतवाली क्षेत्र से प्रारंभ होकर खारी कुआं रोड, शिव मंदिर, मुख्य बाजार एवं बस स्टैंड होते हुए पुनः धामपुर कोतवाली पर समाप्त हुई। इस दौरान पुलिस टीम ने प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी। गश्त के दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई और उनकी गति. विधियों की जानकारी जुटाई गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने दुकानदारों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर अनावश्यक अतिक्रमण न करने की अपील की तथा दुकानों के सामने सामान निर्धारित सीमा के भीतर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चोरी, छिनैती एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की तत्परता का भरोसा दिलाया।

कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से पैदल गश्त, वाहन चेकिंग और संदिग्धों की जांच की जा रही है। ऐसे अभियानों से अपराधियों में भय का वातावरण बनता है और नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा मिलता है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

पैदल गश्त के दौरान उप निरीक्षक श्याम पाल सिंह, आरक्षी राहुल कुमार, विकास रावत सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# एसआईआर को लेकर आसपा का ज्ञापन



### फॉर्म 6 और फॉर्म 7 की जानकारी मांगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एस.आई.आर. अभियान को लेकर अंबेडकर सोशल प्रोग्रेसिव एसोसिएशन आसपा ने प्रशासन से पारदर्शिता की मांग उठाई है। आसपा के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने उप जिलाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपते हुए अभियान के तहत भरे गए फॉर्म 6 और फॉर्म 7 की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मांग पत्र में खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती का आधार निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया है। मतदाता सूची इसका सबसे अहम हिस्सा होती है। ऐसे में एसआईआर अभियान के दौरान कितने नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए और कितने मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, इसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक होना जरूरी है।

उन्होंने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि क्षेत्र में अब तक एसआईआर अभियान के अंतर्गत कुल कितने फॉर्म 6 नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए और कितने फॉर्म 7 मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए भरे गए हैं। इसका विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध कराया जाए। मंसूरी का कहना है कि यह जानकारी न केवल राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि आम जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है।

आसपा मंडल प्रभारी ने यह भी कहा कि कई बार मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने को लेकर भ्रम और शिकायतें सामने आती हैं। यदि आंकड़े स्पष्ट रूप से सामने होंगे, तो अनावश्यक शंकाओं पर विराम लगेगा और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका भी कम होगी। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि यह जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि संगठन द्वारा आवश्यक अवलोकन कर अभिलेखों का अध्ययन किया जा सके। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। एसआईआर अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे और अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि उप जिलाधिकारी कार्यालय इस मांग पर सकारात्मक रुख अपनाएगा और समयबद्ध तरीके से मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। आसपा का कहना है कि यदि जरूरत पड़ी, तो संगठन इस विषय को उच्च अधिकारियों तक भी उठाएगा, ताकि मतदाता सूची से जुड़ी हर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रह सके। मांग पत्र सौंपे जाने के बाद प्रशासनिक हलकों में भी इस विषय को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अब देखना यह है कि प्रशासन कितनी जल्दी और किस स्तर तक मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराता है।

# निजी कंपनी में प्रबंधकों का फेरबदल



**नजीबाबाद।** अल नजीब कंपनी की मंडावली शाखा में एक विदाई एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक इसारुल हक हिलाल को नजीबाबाद स्थित हेड ऑफिस में स्थानांतरण के बाद विदाई दी गई। वहीं, मजाहिर नसीम ने मंडावली शाखा के नए प्रबंधक के रूप में कार्यभार संभाला। समारोह में स्टाफ सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने निवर्तमान प्रबंधक इसारुल हक हिलाल को सम्मानित किया और उपहार भेंट किए। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शाखा ने अनुशासन, पारदर्शिता और आपसी सौहार्द स्थापित किया। कर्मचारियों ने इसारुल हक हिलाल की कार्य कुशलता और टीमवर्क की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीनियर मैनेजर और ऑडिट इंचार्ज महताब नजमी ने की। भागूवाला शाखा के कैशियर अब्दुल रहमान अल्वी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर रईस अहमद, यूसुफ कुरैशी, भागूवाला शाखा प्रबंधक नदीम अहमद, फरमान, हाजी शहजाद आलम, इसरार अहमद, फरहान, शमीम अहमद और उस्मान सहित कई कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों ने नए प्रबंधक मजाहिर नसीम को उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय प्रबंधन की बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा सहसपुर में हाल ही में हुई कार्रवाई के बाद बैंक प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जा रही है।

बैंक से जुड़े एक मामले में शाखा प्रबंधक कपिल कुमार एवं फील्ड ऑफिसर विकास कुमार के नाम सामने आने के बाद संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा स्योहारा में निकटवर्ती शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता, अनुशासन तथा आचार संहिता के पालन पर विशेष जोर दिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधन ने उपस्थित कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बैंकिंग कार्यों में नियमों और नीतियों का पूरी तरह पालन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही से बचा जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में यह भी आश्वासन दिया गया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ग्राहकों के प्रति भरोसे, ईमानदारी और उत्तरदायित्व के सिद्धांतों पर कार्य करता रहेगा और बैंक की छवि बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# मौसम में बदलाव बन रहा बीमारियों की वजह

## दिल के मरीज, बुजुर्ग और मासूम बच्चों के लिए बढ़ा खतरा : डा. मनोज वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के वरिष्ठ अनुभवी एवं प्रसिद्ध चिकित्सक तथा समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने मौसम में हो रहे लगातार बदलाव को लेकर आमजन को गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि बदलता मौसम सीधे तौर पर मानव स्वास्थ्य पर असर डालता है और इस दौरान बीमारियों में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि देखने को मिलती है। खासतौर पर दिल के रोगी, अधिक उम्र के लोग और छोटे मासूम बच्चे इस मौसम में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। यदि समय रहते सावधानी न बरती जाए तो छोटी बीमारी भी बड़ी और जानलेवा साबित हो सकती है।

वरिष्ठ चिकित्सक डा. मनोज वर्मा ने बताया कि इन दिनों दिन और रात के तापमान में अचानक अंतर, हवा में नमी और वायरल संक्रमण के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। इसी कारण हार्ट संबंधी रोग, सर्दी-खांसी, बुखार, सांस की दिक्कत, पेट की बीमारियां और वायरल संक्रमण तेजी से फैलते हैं। डॉ. मनोज वर्मा के अनुसार इस मौसम में दिल के मरीजों की समस्याएं सबसे ज्यादा बढ़ जाती हैं। ब्लड प्रेशर का असंतुलित होना, सीने में दर्द, घबराहट, सांस फूलना और हार्ट अटैक का खतरा इस समय अधिक रहता है। उन्होंने कहा कि हार्ट के मरीजों को किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करनी चाहिए और नियमित दवा के साथ-साथ खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि बुजुर्गों के लिए भी यह मौसम बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। अधिक उम्र के लोगों को इस दौरान निर्जला बुखार, तेज सर्दी-खांसी, फेफड़ों की कमजोरी, सांस लेने में परेशानी, जोड़ों में दर्द और शरीर में अत्यधिक थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बदलते मौसम में बुजुर्गों की इम्युनिटी कमजोर होने के कारण बीमारी जल्दी पकड़ लेती है और ठीक होने में भी समय लगता है। डॉ. मनोज वर्मा ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि छोटे मासूम बच्चों में इस मौसम में पेट दर्द, सिर दर्द, उल्टी-दस्त, लूज मोशन, वायरल बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं तेजी से देखने को मिलती हैं। कई मामलों में समय पर इलाज न मिलने से बच्चों की हालत गंभीर हो जाती है और उनकी जान तक जोखिम में पड़ सकती है। डॉ. वर्मा ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों के खान पान और साफ-सफाई पर ध्यान देना चाहिए। बच्चों को बाहर के खुले और बासी खाद्य पदार्थों से दूर रखें तथा उन्हें उबला हुआ या साफ पानी ही पिलाएं। किसी भी तरह के बुखार, दस्त या कमजोरी की स्थिति में तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने लोगों को सलाह दी कि इस मौसम में संतुलित और पौष्टिक आहार लें। अधिक तला-भुना और मसालेदार भोजन करने से बचें, गुनगुना पानी पिएं और मौसम के अनुसार कपड़ों का चयन करें। उन्होंने कहा कि नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद और हल्का व्यायाम शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक होता है।



डॉ. मनोज वर्मा ने आम जनता से अपील की कि बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। किसी भी बीमारी को हल्के में न लें और समय पर इलाज कराएं। सावधानी, सतर्कता और चिकित्सकीय परामर्श ही इस मौसम में खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखने का सबसे बड़ा उपाय है।

## एक नजर

### स्योहारा में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण

**स्योहारा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश भर में यह स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जहां-जहां सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया है, वहां से कब्जा हटवाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया जाएगा। मुख्यमंत्री के इन सख्त आदेशों के बाद भी स्योहारा नगर में स्थिति इसके ठीक उलट नजर आ रही है। नगर पालिका स्योहारा की कई कीमती सरकारी संपत्तियां आज भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। स्टेशन रोड सहित नगर के अनेक प्रमुख इलाकों में नगर पालिका की भूमि पर अवैध रूप से दुकानें और ढांचे खड़े किए गए हैं, जिनको लेकर वर्षों से विवाद चलता आ रहा है। इन दुकानों पर आए दिन चर्चाएं होती हैं, आपसी तनातनी बढ़ती है और कई बार मामला कोर्ट से लेकर थाना तहसील तक पहुंच जाता है लेकिन नतीजा आज तक शून्य ही रहा है। बताया जाता है कि जब भी नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी किए जाते हैं, कब्जाधारी तुरंत न्यायालय की शरण लेकर मामलों को लटका देते हैं। कोर्ट की प्रक्रिया का सहारा लेकर न केवल कब्जा बनाए रखा जाता है बल्कि नगर पालिका की कार्रवाई भी ठंडे बस्ते में चली जाती है। ऐसे में नगर पालिका की तमाम कानूनी प्रक्रियाएं कागजी औपचारिकता बनकर रह जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री के आदेशों का सख्ती से पालन किया जाए तो स्योहारा की कई सरकारी जमीनें आज कब्जामुक्त हो सकती हैं, लेकिन प्रभावशाली कब्जाधारियों के सामने नगर पालिका खुद को असहाय महसूस कर रही है। अगर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का यह सिलसिला और भी बेलगाम हो सकता है।

### लटके विद्युत तारों से ग्रामीणों में दहशत




**हल्दौर।** ग्राम सल्लाहपुर में हाईटेंशन लाइन के तार मकानों की छतों पर लटके होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण शहाबुद्दीन, आजाद अंसारी, वसीम अहमद, फरमान, फयाजुद्दीन आदि लोगों का चांदपुर की ओर जाने वाली सड़क के किनारे मकान स्थित हैं। इन मकानों की छतों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जिसके तार बेहद नीचे लटके हुए हैं। इससे बरसात या तेज हवा के दौरान करंट फैलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस संबंध में विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने मांग की है कि संभावित दुर्घटना से पहले ही हाईटेंशन लाइन को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया जाए, ताकि जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### छात्रा पर कुत्ते का हमला



**स्योहारा।** कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को इसका भयावह रूप उस समय देखने को मिला, जब स्कूल जा रही छात्राओं पर कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई, वहीं एक छात्रा घबराकर पेड़ से टकरा गई और घायल हो गई। घटना एमक्यू गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास हुई, जो पास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार जैन स्ट्रीट, जुमेरात का बाजार, एमक्यू गर्ल्स इंटर कॉलेज, मौहल्ला सादात, मालियान और हाजी वाली मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। सुबह और दोपहर के समय जब बच्चे स्कूल जाते या लौटते हैं, तब यह समस्या और गंभीर हो जाती है। कुत्तों के झुंड राह चलते लोगों पर भौंकते और कई बार हमला भी कर देते हैं, जिससे बच्चों और अभिभावकों में डर का माहौल है। घटना के बाद स्थानीय निवासी संजय वर्मा ने पालिका प्रशासन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भी कुत्तों ने एक मासूम बच्चे पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही आवारा कुत्तों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में कोई बड़ी और दुखद घटना हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम




**धामपुर।** जाहनवी पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में समाज और राष्ट्र की सेवा का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। रितिका, सोनाक्षी, जुबेरिया, विदुषी, आयशा, सलोनी, राधिका, अनीश, रवि, शिवा, मानसी, मिस्टी सहित अनेक विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या सरिता सिंह ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को सीख मिलती है और वे अपने आदर्शों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित होते हैं। विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार राजपूत ने कार्यक्रम को शिक्षाप्रद बताते हुए कहा कि कहानी व नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों में सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना विकसित होती है। इस अवसर पर जिला प्रचारक प्रवीण कुमार, मीनू सिसोदिया, सुनीता नंदा, ममता, रविंद्र, लोकेंद्र, अमूल, विनोद, राजेंद्र, वेद प्रकाश, संजय रानी, हिमानी, सलोनी सहित अभिभावक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंदु सिंह एवं संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

### चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**धामपुर।** विकास खंड अल्हैपुर की ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद और एडीओ पंचायत अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत मीमला, टपरौला में आयोजित चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोक. चंद ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन, राशन कार्ड, मुख्यमंत्री विवाह योजना, आवास योजना,नाली निर्माण, सड़क मरम्मत और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं को उनके समक्ष रखा। त्रिलोकचंद ने संबंधित कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर जनसमस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री कराने पर भी जोर दिया। वहीं, ग्राम पंचायत आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं। चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बेबी रानी ने की तथा संचालन पंचायत सचिव योगराज सिंह ने किया, ग्राम चौपाल में पंचायत सचिव सौरभ कुमार, उमा रानी, कुलदीप कुमार, राम सिंह, रंजीत, ग्राम प्रधान शीशराम सिंह, अशोक कुमार, नफीस अहमद, कृपाल सिंह, विजेंद्र कुमार, रफीक, शमीम अहमद, वसीम, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, रविंद्र कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुस्लिम धर्मगुरु भी वेब सीरीज के विरोध में हुए मुखर

0 मुफ्ती आलम रजा नूरी ने की सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नेट फ्लिक्स की वेब सीरीज 'घूसखोर पंडत' पर जहां ब्राह्मण समाज में रोष है वहीं धार्मिक संगठनों का तीव्र विरोध, पर मुस्लिम धर्म गुरू भी इसके विरोध में मुखर हो गए है। मुफ्ती आलम रजा नूरी ने धर्मगुरुओं की मान-मर्यादा से खिलवाड़ पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

नेटफ्लिक्स पर हाल ही में लॉन्च हुई वेब सीरीज 'घूसखोर पंडत' को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। जहां विपक्षी दलों के साथ-साथ संत समाज नेटफ्लिक्स पर हाल ही में लॉन्च वेब सीरीज 'घूसखोर पंडत' को लेकर आक्रोशित है और इस वेब सीरीज का विरोध कर रहा है, वहीं मुस्लिम धर्मगुरु मुफ्ती आलम रजा नूरी ने इसे लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पत्रकारों से वार्ता में मुफ्ती आलम रजा नूरी ने कहा कि उन्होंने स्वयं यह वेब सीरीज नहीं देखी है और न ही उन्हें इसकी विशेष जानकारी है, लेकिन जिस तरह से इसके बारे में बताया जा रहा है, उससे धार्मिक लोगों और धर्मगुरुओं की मान-मर्यादा को ठेस पहुँचती है। उन्होंने कहा कि हर समाज की यह जिम्मेदारी होती है कि वह धार्मिक लोगों के बारे में अच्छी सोच और अच्छे विचार रखे, ताकि देश और समाज का भला हो सके। धर्मगुरु समाज को सही रास्ता दिखाने, सही ढंग से जीने की शिक्षा देने का काम करते हैं। वे कभी भी ऐसा कार्य नहीं बताते जिससे देश या समाज को नुकसान पहुँचे। मुफ्ती आलम रजा नूरी ने कहा कि यदि किसी वेब सीरीज या कंटेंट के माध्यम से धर्मगुरुओं को बदनाम करने की कोशिश की गई है, तो यह बेहद निंदनीय है। ऐसे कंटेंट से समाज में गंदगी फैलती है और सामाजिक सौहार्द को भारी नुकसान पहुँचता है। उन्होंने मांग की कि इस तरह की छोटी मानसिकता को बढ़ावा देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और संबंधित वेब सीरीज पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए।



सम्भल। परा. शिक्षा नीति के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित करते डीएम।

# ट्रैजरी जाकर नहीं घर से ही भेज सकते हैं जीवन प्रमाण पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पेंशनधारकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी पहल की गई है। अब किसी भी विभाग से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनधारकों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए कोषागार (ट्रेजरी) कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पेंशनधारक अपने घर बैठे ही मोबाइल फोन के माध्यम से जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड कर जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।

यह प्रक्रिया पूरी तरह सरल, सुरक्षित, डिजिटल और पूर्णतः निःशुल्क है। जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने के लिए किसी भी प्रकार का कोई शुल्क या पैसा देय नहीं है। इस सुविधा से विशेष रूप से बुजुर्ग, अस्वस्थ एवं असहाय पेंशनधारकों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें अब हर वर्ष कोषागार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस व्यवस्था के अंतर्गत पेंशनधारकों का जीवन प्रमाण पत्र सीधे संबंधित ट्रेजरी प्रणाली तक पहुँच जाता है, जिससे अनावश्यक देरी, परेशानी और अतिरिक्त औपचारिकताओं से मुक्ति मिलती है। कोई भी व्यक्ति पेंशनभोगी की सहायता से इस ऐप के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकता है। इस संबंध में सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता सैयद गुलजार अहमद हाशमी ने बताया कि कई पेंशनधारकों को अभी भी इस निःशुल्क डिजिटल सुविधा की जानकारी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीवन प्रमाण पत्र की यह प्रक्रिया पूरी तरह मुफ्त है और इसके लिए किसी को भी किसी प्रकार का पैसा नहीं देना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस सुविधा की व्यापक जानकारी जन-जन तक पहुँचाई जाए, ताकि सभी पेंशनधाारक बिना किसी परेशानी के इसका लाभ उठा सकें। इस नई व्यवस्था से पेंशनधारकों में संतोष और खुशी की लहर है तथा आमजन इसे सरकार की संवेदनशीलता, सराहनीय कदम।

# भारत की शिक्षा अर्थ निरपेक्ष समाज द्वारा स्वीकारित और पोषित हो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रशासन और बेसिक शिक्षा विभाग एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 'भारतीय ज्ञान परम्परा भारतीय ज्ञान सिस्टम (इंडियन नॉलेज सिस्टम) विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

लेमन ट्री होटल चन्दौसी में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि पुनरुत्थान विद्यापीठ कर्णावती (अहमदाबाद) कि कुलपति डा. इन्दुमति काटदरे रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया रहे। 'पुनरुत्थान विद्यापीठ' के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला के आरंभिक सत्र में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त विचारणीय शिक्षा-संकट को रेखांकित किया। उन्होंने पुनरुत्थान विद्यापीठ का परिचय देते हुए बताया कि यह संस्थान शिक्षा के पुनरुत्थान हेतु तीन मूल सूत्रों पर कार्य कर रहा है। शिक्षा स्वायत्त होनी चाहिए, भारतीय शिक्षा पूर्णतः भारतीय होनी चाहिए, भारत की शिक्षा अर्थ-निरपेक्ष हो तथा समाज द्वारा स्वीकारित और पोषित हो। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा को 'अ-भारत' से 'भारत' बनाने के लिए शिक्षकों को स्वयं को प्रेरित कर स्वाध्याय, साधना और गहन अध्ययन के मार्ग पर तपस्या करनी होगी। इस संदर्भ में उन्होंने जनपद सम्भल में संचालित 'पीएम श्री विद्यालयों' के सफल संचालन का उदाहरण प्रस्तुत किया तथा विद्यालयों में सुदृढ़ आधारभूत संरचना, गुरुजनों के सम्मान और शिक्षण-अध्ययन प्रक्रिया में भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़े संस्कारों के समावेश हेतु किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा अर्थकारी एवं अर्थ निरपेक्ष होनी चाहिए। शिक्षा निशुल्क होनी चाहिए तथा कोई भेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने क, ख, ग, घ मिशन के विषय में भी जानकारी दी जिसके अंतर्गत क से कहानी एवं कल्पना शक्ति का विकास तथा ख से खेल एवं खिलौने तथा ग से गीत एवं गतिविधि तथा घ से विद्यालय में बच्चों के साथ घनिष्ठ और घर जैसे वातावरण यदि सब चीज एक साथ होंगे तो विद्यालय के प्रति बच्चों की रुचि अपने आप जागृत होगी बच्चों की रुचि के अनुसार शिक्षक पढ़ाएंगे तो उससे बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास अधिक होगा। कार्यशाला की 'बीज वक्ता' एवं मुख्य अतिथि गुजरात से आयीं पुनरुत्थान विद्यापीठ की कुलपति 'डा. इंदुमती काटदरे' ने दो सत्रों में शिक्षकों को संबोधात किया। उन्होंने भारतीय शिक्षा के पुनर्स्थापन हेतु ह'भारत को जानो, भारत को मानो और भारतीय बनो' का सूत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारतीय शास्त्रों में विश्व का समग्र ज्ञान निहित है। पुनरुत्थान विद्यापीठ द्वारा भारतीय शास्त्रों और भारतीय इतिहास पर गहन शोध के उपरांत '1051 ग्रंथों' का निर्माण किया गया है, जिन्हें आज की भाषा में आमजन के अध्ययन हेतु सुलभ बनाया गया है। डा. काटदरे ने इस बात पर विशेष बल दिया कि भारतीय ज्ञान को स्वायत्त और स्वतंत्र बनाने के लिए शिक्षकों, शिक्षाविदों और समाज को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यशाला में शिक्षकों, शिक्षाविदों एवं प्रबु)जनों द्वारा विषय पर गहन मंथन किया गया तथा भारतीय ज्ञान परम्परा को शिक्षा के केंद्र में स्थापित करने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक 'टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया' के राष्ट्रीय अध्यक्ष 'डा. दिनेश चंद्र शर्मा' रहे। 'जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अलका शर्मा' ने समन्वय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया, जबकि 'मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट का विशेष सहयोग रहा। संचालन शालिनी सक्सेना ने किया। हर्षित भारद्वाज, प्रशांत यादव, भुवी शर्मा, अनुराग सक्सेना, सारिका कपूर, नितिन कुमार गुप्ता, रीनू बंसल, अलका सिंह, विनीता सक्सेना, बृजेश, सचिन सत्यार्थी सहभागिता की।

# 35 दिवसीय रामचरित मानस पाठ के समापन पर भंडारे का आयोजन

0सिहावली आश्रम पर भंडारे में दर्जनों गांवो से पहुंचे श्रद्धालु, महिलाओं की रही अलग व्यवस्था

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र के सिहावली स्थित बाबरे बाबा गोपाल धाम आश्रम पर हर वर्ष की भांति 35 दिवसीय रामचरितमानस के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हवन पूजन के बाद संतों ने प्रसाद ग्रहण किया उसके पश्चात सभी श्रृद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए दर्जनों गांव से श्रृद्वालु पहुंचते रहे। श्री बाबरे बाबा गोपाल धाम आश्रम सिहावली पर आश्रम के महंत बालक दास महाराज के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति इस बार भी 35 दिवसीय श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन चल रहा था, जो कि सभी संतो तथा आसपास के भक्तों द्वारा पठन-पाठन किया जा रहा था। शुक्रवार को रामचरितमानस पाठ के समापन पर हवन पूजन करने के उपरांत दर्जनों संतों ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया, उसके पश्चात सभी श्रृद्वालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया। दर्जनों गांवों से श्रृद्वालु दिनभर प्रसाद ग्रहण करने के लिए चलते रहे। सौंधन के रामनिवास स्मारक उदयवीर सिंह इंटर कॉलेज से भी सभी छात्र-छात्राएं प्रसाद ग्रहण करने के लिए आए। महिलाओं तथा बालिकाओं के लिए अलग पंडाल की व्यवस्था रही, जिन्हें अलग प्रसाद ग्रहण कराया गया। इसके साथ ही भजन संध्या कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जहां प्रसाद ग्रहण करने के लिए सिहावली के अलावा खरस्पा, बागड़पुर, सौंधन, रझेड़ा सलेमपुर, गौंहत, मिलक, भमौरी पट्टी, सारंगपुर, कैला देवी आदि गांवों से हजारों श्रृद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर आश्रम के महंत श्री बालक दास महाराज, लंबे नारायण महाराज आदि के अलावा दर्जनों संत तथा सेवादार के रूप में सैकड़ों सेवादार और ग्रामीण उपस्थित रहे।



सम्भल- ग्राम सिहावली में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रृद्वालु।

# घूसखोर पंडत वेब सीरीज पर लगे रोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** 'घूसखोर पंडत' वेब सीरीज पर विवाद खड़ा हो गया है। इसे लेकर ब्राह्मण समाज में आक्रोश है। ब्राह्मण समाज ने वेब सीरीज के टाइटल और कंटेंट पर आपत्ति जताते हुए निंदा की है। नगर के रवि शर्मा व सोमेश पाठक ने कहा कि वेब सीरीज पर तुरंत बेन लगना चाहिए। ऐसा नाम रखने और आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले निर्माता निर्देशक पर एफआईआर दर्ज हो। इस पर बढ़ते विरोध के बीच सीएम योगी के निर्देश पर लखनऊ के हजरतगंज थाने में वेब सीरीज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। हरेश बाबू शर्मा व सत्यम मिश्रा ने इसे ब्राह्मण समाज का अपमान बताते हुए केंद्र सरकार से वेब सीरीज पर बैन लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वैस सरकार ने सामाजिक सौहार्द और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाये जाने की बात कही है।इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही अमल में लाई जाये।जिससे माहौल खराब न हो।






# मटरे के बेसन से तैयार किया जाता है मिष्ठान

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मिलावटी खाद्यय पदार्थो पर छापामार कार्यवाही किए जाने के बाद भी इस धंधे से जुड़े लोगों पर असर नही होता। मिष्ठान की दुकानों पर स्वास्थ्य के लिस अत्यंत हानिकारक सामग्री का प्रयोग कर मिष्ठान बनाया जाता है,लेकिन खाद्यय विभाग की टीम को याद नही आती।

पूर्व में मिष्ठान दुकानों पर की गई सैम्पलिंग कार्यवाही और जांच में कई ऐंसी सामग्री का प्रयोग करने का मामला सामने आया जो स्वास्थ्य और मानव जीवन के लिए अत्यंत ही हानिकारक होता है,लेकिन इसके बावजूद मिष्ठान दुकानों पर मानव जीवन से खिलवाड़ को रोकने में स्वास्थ्य विभाग और खाद्वय निरीक्षण विभाग पूरी तरह से विफल रहा है। त्यौहार पर मौसम की तरह निकलती विभाग की टीम छापा मार कार्यवाही कर एक दो प्रतिष्ठानों से नमूने एकत्र कर ले जाती है,लेकिन उसके बाद क्या हुआ फिर कुछ सामने नही आता। इतना ही नही लड्डू में चने के बेसन के स्थान पर मटरे का बेसन प्रयोग किया करते पकड़ा गया।

# सम्भल में एम्स की स्थापना को वित्त मंत्री से मिले सांसद

0सपा सांसद जियाउर्रहमान ने अपने संसदीय क्षेत्र सम्भल अथवा मुरादाबाद में कराने की वित्त मंत्री से मिलकर की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बजट में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एम्स के स्थापनाकी घोष्णा का जहां स्वागत किया जा रहा है वहीं इसकी स्थापना कराने को लेकर प्रयास भी तेज कर दिए गए है। सपा सांसद ने एम्स की स्थापना उनके लोकसभा क्षेत्र सम्भल में कराने की मांग वित्त मंत्री से मिलकर की है।

बजट में पश्चिम उत्तर प्रदेश में ।प्प्डै खोलने की घोषणा की गई है। केन्द्र सरकार के हाल ही में पारित हुए बजट में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक एम्स खोले जाने की घोषणा की गयी है। एम्स खोलने की इस घोषणा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों में खुशी भर दी है। वहीं एम्स की स्थापना पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किस जिले में किस स्थान पर होगी इसकी घोषणा अभी नहीं की गई है लेकिन एम्स की स्थापना अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में कराने को सांसद जुट गए है। समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। उन्होने एम्स की स्थापना अपनी लोकसभा क्षेत्रान्तर्गत सम्भल या मुरादाबाद में खोलने की मांग रखी। हालांकि वित्त मंत्री की ओर से अभी एम्स की स्थापना किस क्षेत्र में की जायेगी इसका कोई इशारा भी नहीं दिया है लेकिन सपा सांसद के प्रयास अपने लोकसभा क्षेत्र में कराने के तेज हो गए है।

# आठ को तरबियती कैम्प नौ फरवरी को लगाय जाएंगे टीके

0मरकजी मदरसा अजमल उलूम में सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ज़ायरीन हज के टीकाकरण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 07, 08 फरवरी को टीका(वैक्सीन) के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए मरकजी मदरसा में अपने सभी कागज जैसे पासपोर्ट, आधार, पैन, हज का फार्म, पेमेंट स्लिप लाकर जमा करें इसके अलावा फिटनेस सर्टिफिकेट जो हॉस्पिटल में मिला था वह सभी को साथ में लाना है बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के किसी को भी टीका नहीं लगेगा। 'टीकाकरण (वैक्सीनशन)09 फरवरी सोमवार को हज 2026 पर जाने वाले लोगों को टीका (वैक्सीन) मरकजी मदरसा अजमल उल उलूम, तेल मण्डी, सम्भल में लगाए जाएंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरकजी मदरसा को 09 फरवरी की तिथि दी गई है।

## प्रभारी मंत्री करेंगे प्रेस वार्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति अपराह्न 4:00 बजे कलक्ट्रेट सभागार में केन्द्रीय बजट पर प्रेस वार्ता करेंगे। यह जानकारी जिला सूचना कार्यालय से दी गई।

# बेटियों को आत्म रक्षार्थ किया प्रशिक्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें। कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय सरथल खेड़ा, कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय आटा व सरोजिनी नायडू कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल व शहीद गिरीश चंद कंपोजिट विद्यालय की प्रशिक्षक सुरेश कुमार, सृष्टि,संतराम, ब्रजेश व रितेश ने छात्रओं व वन हैंड सेल्फ डिफेंस, फ्रंट किक, फंट जंप किक, बैक किक, साइड कट, आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं सेल्फ डिफेंस सीखने के बाद खुद को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत महसूस कर रही हैं व अपनी सुरक्षा करने में सक्षम हुई हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओंध महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# बबराला में रेलवे स्टेशन मार्ग 28 फरवंरी तक बंद

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर पंचायत द्वारा मुख्य बाजार स्थित रेलवे स्टेशन मार्ग पर बड़ी पुलिया से अनूपशहर रेलवे फाटक तक सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके चलते 28 फरवरी बंद रहेगी। तक इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह

डायवर्जन व्यवस्था के अनुसार, नगर से मुख्य बाजार होकर अनूपशहर से आने वाले बदायूं, चंदौसी और अलीगढ़ जाने वाले वाहन यारा फर्टिलाइजर्स रेलवे फाटक से रजपुरा-केसरपुर तिराहा होते हुए अनूपशहर की ओर जाएंगे। वहीं बुलंदशहर, गाजियाबाद और दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को भी इसी मार्ग से भेजा जा रहा है। बदायूं की ओर से दिल्ली जाने वाले वाहनों के लिए गुन्नौर के नेहरू चौक से नरौरा, डिबाई और बुलंदशहर मार्ग निर्धारित किया गया है।

# कायनात के एक और नौनिहाल ने लिखी पुस्तक



सम्भल- कायनात के कक्षा छह के छात्र द्वारा रचित पुस्तक का विमोचन करते।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। बस ज़रूरत उसे निखारने और राह दिखाने की होती है। खेल कूद के साथ शिक्षा पार्जन कर रहे नौनिहाल ने पुस्तक लिखकर ऐंसा संदेश दिया कि उसे देखकर सभी चकित रह गए। समाज सेवी और स्कूल के प्रबंधक समेत अन्य लोगों ने पुस्तक का विमोचन कर बालक की जमकर प्रशंसा की।

कायनात इंटर नेशनल स्कूल में सय्यद माज कक्षा छह का छात्र है। होनहार छात्र माज ने गेट ब्रेकर्स द शैडो ड्रैगन पुस्तक लिखा है। पुस्तक में छात्र माज ने हौंसला और हिम्मत से कुछ करने का संदेश दिया है। पुस्तक का शुक्रवार को स्कूल में प्रबंधक के एम फहीम व प्रधानाचार्य मौहम्मद इमरान और समाज सेवी निदा अहमद ने संयुक्त रूप से किया। इस मौ. इमरान ने कहा कि कायनात के इतनी कम आयु में पुस्तक लिखने वाले माज दूसरे छात्र है। इससे पूर्व भी एक छात्र ऐंसा महान कार्य कर चुका है। अब दूसरे छात्र द्वारा पुस्तक लिखना इस बात का प्रमाण है कि कायनात में कहीं न कहीं अनोखी प्रतिभा समाहित है। प्रबंधक ख्वाजा मौ. फहीम ने छात्र माज की प्रशंसा करते हुए छात्र माज के माता-पिता को बधाई दी और कहा कि विषलय के इतनी कम आयु में पुस्तक लेखन एक बेमिसाल प्रतिभा है। जो आसानी से दूसरो में नहीं होती है। जबकि समाज सेवी निदा अहमद ने भी बच्चो की प्रयांसा कर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर वरीशा नाज, निदा परवीन, शाहीन जहां, राशिदा खान, सबीहा, महक, तस्दीक, शाजेब अख्तर आदि मौजूद रहे।

# रमजान माह में शुरू हो लाउडस्पीकर

0सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलायक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज ने उपजिलाधिकारी सम्भल सदर से मिलकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया कि इसी माह से पवित्र रमजान का महीना शुरू हो रहा है। रोजेदारो को सेहरी व इफ्तार के समय मे सूचित करने हेतु शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में माईक एव लाउडस्पीकर की आवश्यकता रहती है और साफ सफाई व विधुत आपूर्ति व मस्जिदो की सुरक्षा की जाती हैं। जबकि होली और रमजान के पर्व और रोजेदारों की समस्या को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाधान व सम्मान करते हुए पूरे जनपद सम्भल में व्यवस्था कराने का आदेश किया जाये। ज्ञापन देने वालों में मेहरजान आमिर हसैन बदरूल हसन आरिफ खाँ सलीम अली जान वारिस अहमद मो शान मोनिस कुरैशी जाहिद खाँ बिलाल खाँ अजमत खाँ आदि शामिल रहे।



सम्भल-रमजान माह में लाउडस्पीकर की अनुमति की मांग को ज्ञापन देते।

# कड़क धूप के साथ मच्छर करने लगे नींद हराम

0नगर के कई स्थानों पर नाले नालियां पड़ी हैं चौक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जैसे-जैसे कड़क धूप निकलकर लोगों को ठंडक से राहत दे रही है वैसे-वैसे मच्छरों की दस्तक भी बढ़ती जा रही है। जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है, जबकि मच्छरों का प्रकोप रोकने के लिए जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की।

मौसम में धीरे-धीरे परिर्वतन आने लगा है। वैसे ही नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित होता जा रहा है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। हालांकि अभी ठंडक के प्रभाव से मच्छर कम निकल रहे हैं लेकिन रात को मच्छरों ने कानों पर भिनभिनाने के साथ सोते समय काटकर अपनी आमद का अहसास ज़रूर करा दिया है। नगर पालिका परिषद स्वच्छता में शासन से नम्बर लिए हुए है लेकिन सच्चाई इसके विपरीत है। नगर के कई मौहल्लों में नाले पूरी तरह से चौक पड़े हुए है। ऐंसे में मच्छरों की फौज बढ़ना स्वभाविक है। जबकि नगर पालिका की ओर से फागिंग आदि कराया जाना भी दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है।

# न्यायिक कार्रवाई में आधुनिक तकनीक का होगा प्रयोग

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला न्यायालय में न्यायिक कार्यवाही में आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। जिला अदालत को एक और सौगात मिल गयी है। अदालत में गवाहों के बयानों को ट्रांसक्रिप्शन आधारित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (ए आई टूल्स) पर किए जायेंगे। प्रशासनित न्यायमूर्ति ने इसका जिला अदालत चन्दौसी में उदघाटन किया।

शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च प्रशासनिक न्यायमूर्ति, सम्भल अरुण कुमार सिंह देशवाल नेजिला अदालत को गवाहों के बयान रिकार्ड करने की नई सौगात दी है। जिसके तहत जिला न्यायालय, सम्भल स्थित (चन्दौसी) में गवाहों के बयान 'ट्रांसक्रिप्शन आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ए आई टूल्स' से किए जायेंगे। इसके साथ ही कम्प्यूटरीकृत कॉपिंग सेन्टर एवं पोस्ट ऑफिस का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर जनपद सम्भल, उत्तर प्रदेश का प्रथम जिला बन गया, जहाँ न्यायिक कार्यवाही में इस आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। इससे न्यायालयों में गवाही दर्ज करने की प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी एवं प्रभावी होगी तथा समय की भी बचत होगी। इसके पश्चात माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति, सम्भल द्वारा मुख्या जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी का निरीक्षण किया गया। माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति का यह निरीक्षण न्यायिक कार्य प्रणाली की नवीन अधोसंरचना में तीव्र गति व लम्बित मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के लिये आवश्यक कदम साबित होगा। इस अवसर पर मा. जनपद न्यायाधीश डा. विदूषी सिंह भी उपस्थित रहीं।



# थाना सिविल लाइंस क्षेत्र पीलीकोठी चौराहे पर अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित पीली कोठी चौराहे पर देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब प्लाईवुड से भरा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना अचानक हुआ कि कुछ देर के लिए चौराहे के चारों ओर यातायात पूरी तरह ठप हो गया।गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और न ही किसी राहगीर को गंभीर चोट आई। जानकारी के अनुसार गुजरात से लखनऊ की ओर जा रहा प्लाईवुड लदा ट्रक देर रात पीली कोठी चौराहे पर पहुंचते ही संतुलन खो बैठा और सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में भरा प्लाईवुड सड़क पर बिखर गया, जिससे



चौराहे के चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पीली कोठी चौराहा शहर के व्यस्ततम चौराहों में गिना जाता है, ऐसे में देर रात होने के बावजूद यातायात प्रभावित हुआ।घटना की सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को संभालते हुए यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट कराया। पुलिस ने क्रेन मंगवाकर पलटे हुए ट्रक को सड़क से हटवाने की कार्रवाई शुरू की। काफी मशक्कत के बाद ट्रक को सीधा कर किनारे लगाया गया और सड़क पर फैले प्लाईवुड को हटाया गया।करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने यातायात को पूरी तरह सुचारु करा दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया ट्रक के अनियंत्रित होने का कारण तेज रफ्तार या तकनीकी खराबी हो सकती है, मामले की जांच की जा रही है।

समय रहते पुलिस की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया और लोगों ने राहत की सांस ली। वही इस हादसे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# दिनदहाड़े गोवंश वध, प्रशासन की निगरानी पर सवाल

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार द्वारा गौसंरक्षण और पशु क्रूरता के विरुद्ध सख्त कानून व अभियान चलाए जाने के बावजूद चन्दौसी में दिनदहाड़े हुई गौवंश वध की घटना ने कानून-व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल अमानवीय कृत्य है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी चोट पहुंचाने वाली है। शहर के मालगोदाम रोड स्थित कब्रिस्तान वाले फाटक के निकट शुक्रवार को गौवंश वध की घटना को अंजाम दिया गया। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिलने पर बजरंग दल व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को अवगत कराया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही गौवध में शामिल लोग मौके से फरार हो गए। घटनास्थल पर गौवंश के अवशेष क्षत-विक्षत अवस्था में मिले, जिससे क्षेत्र में भारी रोष फैल गया। वहीं मौके से एक धारदार छुरा भी मिला है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर की मौजूदगी में गौवंश का दाह संस्कार कराया गया। इसके पश्चात हिंदू संगठनों द्वारा कोतवाली पहुंचकर इस संबंध में तहरीर दी गई। तहरीर में बताया गया कि गौवध करने वालों में से एक युवक की पहचान मौहल्ला कुरैशियान निवासी के रुप में हुई है। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की है। पशु प्रेमियों और सामाजिक संगठनों ने इस घटना को घोर पशु क्रूरता बताते हुए प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब दिनदहाड़े इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, तो रात्रि में स्थिति और भी चिंताजनक हो सकती है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी और सख्ती से कार्रवाई करता है।

## एक नजर

### स्टेट रिव्यू मिशन की टीम ने सीएचसी और आयुष्मान मंदिरों का किया निरीक्षण



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** स्टेट रिव्यू मिशन की टीम आज सीएचसी कांठ पहुंची और वहां का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र के 9 आयुष्मान मंदिर गढी सलेमपुर मोडी हजरतपुर मल्लीवाला बेगमपुर कुच. ावली लदावली सलावा संदलीपुर जाकर भी वहां की व्यवस्था को देखा। राज्य स्तर से डॉक्टर आरके सरोहा एसीएमओ एवं अंबुज पांडे डीपी द्वारा सभी केंद्र बारीकी से चेक किए गए। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक राजीव सिंह बीपीएम चंद्रशेखर यादव निहाल सिंह और एसटीएस टीम मौजूद रही।

### एसआईआर के तहत चल रही सुनवाई को लेकर भीड़ बरकरार



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** एस आई आर के तहत चल रही सुनवाई को लेकर तहसील में भीड़ बरकरार रही लोगों ने अपने-अपने प्रपत्र पेश कर अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का काम किया। बतादे की तहसील में तहसीलदार 2 नायब तहसीलदार और सभागार में यानी चार जगह पर इस मामले की सुनवाई की जा रही है। जिसके लिए तहसील में लोगों की भीड़ बढ़ गई है आज भी भीड़ बरकरार रही और क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी निर्धारित तारीख पर प्रपत्र पेश किए और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का काम किया। आज दावे आपत्ति का आखिरी दिन था इसे लेकर भी लोग तहसील में बिचरते दिखाई दिए हालांकि सोशल मीडिया पर वायरल इस कार्य का समय एक माह बढ़ाए जाने की जानकारी से लोगों ने कुछ राहत भी महसूस की है।

### गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में पांच दिवसीय गाइडिंग कैंप का हुआ समापन

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज के बी.एड. विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. चारू मेहरोत्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर के दौरान छात्राओं में अनुशासन, सेवा भावना और टीम-वर्क का



जो विकास हुआ है, वह एक अच्छे शिक्षक के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा ि क स्काउटिंग-गाइडिंग केवल गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन में सीमित संसाधनों के बावजूद सर्वश्रेष्ठ देने की सीख है।प्राचार्या ने समय की पाबंदी, धैर्य और मार्गदर्शन को शिक्षक की सबसे बड़ी पूंजी बताया तथा कहा कि स्काउट-गाइड की वर्दी जिम्मेदारी का प्रतीक है। शिविर के समापन पर कैंप निर्माण प्रतियोगिता में पद्मावती टोली ने प्रथम, कल्पना चावला टोली ने द्वितीय और रोज टोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर किरन साहू, मीनाक्षी शर्मा, वंदना पांडे, करुणा आनंद सहित अनेक शिक्षिकाओं ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में शमा, आलिया, अक्षिता, किरन, हर्षिता, शगुन, दरख्शा, वंदना व फवेहा सहित कई छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता रही।

### रविवार को सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में होगा आइक्यू टेस्ट का आयोजन




**कांठ( शाह टाइम्स )।** रविवार को सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों की बौद्धिक क्षमता को पहचाने और निखारने के लिए इंटेलिजेंस चौंपियनशिप आइक्यू टेस्ट का आयोजन किया जाएगा यह जानकारी स्कूल के प्रबंधक जितेंद्र बिश्नोई ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यार्थी अपनी आई क्यू क्षमता का आकलन कर सकेंगे और आकर्षक नगद पुरस्कार जीतने का अवसर भी उन्हें प्राप्त होगा। इस प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार 21हजार दूसरा 11हजार तीसरा 5 हजार चौथा 21सौ और 5 बा 11सौ दिया जाएगा। लेकिन 60% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने नामांकन ना कराने वाले अभिभावको को को 8 फरवरी को भी नामांकन कराए जाने की जानकारी दी। और क्षेत्र के अभिभावकों से इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाने के लिए बच्चों को लेकर इंटेलिजेंस चौंपियनशिप में प्रतिभाग करने का आवाहन किया है।

# वार्ता के बाद तहसीलदार और वकीलों का विवाद खत्म, काम पर लौटे वकील



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** वार्ता के बाद तहसीलदार और वकीलों का विवाद आज खत्म हो गया इसके साथ ही वकीलों ने हड़ताल खत्म किए जाने की घोषणा करके काम करना शुरू कर दिया है। बतादे की 9 जनवरी को एक अधिवक्ता और प्राइवेट कर्मचारी के बीच हुई कहासुनी के बाद वकील हड़ताल पर चले गए थे।

उन्होंने तहसीलदार कोर्ट का न्यायिक बहिष्कार किया इसके विरोध में तभी से लगातार नारेबाजी की जा रही थी इससे क्षेत्र के लोगों को भी भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। दूसरी और एस आई आर के काम को लेकर तहसील में बढ़ रही भीड़ के दौरान भी नारेबाजी से काफी व्यवधान पैदा हो रहा था।

लेकिन इस मामले में कुछ सीनियर अधिवक्ताओं की मध्यस्थता के बाद हालात सामान्य होने शुरू हुए पहले लेखपाल संघ कार्यालय में अधिवक्ताओ और तहसीलदार के बीच वार्ता हुई उसके बाद अधिवक्ताओं के बुलावे पर तहसीलदार तहसील बार एसोसिएशन में पहुंच गए और उन्होंने कहा कि उन्होंने जानबूझकर किसी का अपमान नहीं किया है अगर अनजाने में कोई ऐसी बात हुई हो तो उसके लिए वह खेत व्यक्त करते हैं। अधिवक्ताओं ने भी बात को ज्यादा ना बढ़ाते हुए उनका तहसील बार आने पर स्वागत किया और कहा कि प्राइवेट कर्मचारी या अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा वकीलों से असामान्य व्यवहार ना किया जाए।

तहसीलदार ने भविष्य में ऐसी बात ना होने देने का भरोसा दिलाया और कहा कि किसी भी परेशानी के लिए या अधीनस्थ अधिकारी या कर्मचारी द्वारा गलत व्यवहार को लेकर वह सीधे उनके पास आए वह सब समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। इस मौके पर तहस. ीलदार, बार कार्यकारिणी सहित सभी सीनियर एवं जूनियर अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बैंकिंग उद्योग में 'वर्क एथिक्स एवं कस्टमर सैटिस्फैक्शन पर विशेष अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** टिनिट-कॉलिज ऑफ मैनेजमेंट के प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यावसायिक विकास को ध्यान में रखते हुए बैंकिंग उद्योग में कार्य नैतिकता (वर्क एथिक्स) एवं ग्राहक सतुष्टि (कस्टमर सैटिस्फैक्शन) विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट), मुरादाबाद सैप्टर तथा टीएमयू एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) का सहयोग रहा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती भारती भटनागर, मुख्य प्रबंधक (चीफ मैनेजर), उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, मुरादाबाद उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में कार्य संस्कृति, अनुशासन, जिम्मेदारी, समय प्रबंधन टीमवर्क तथा ग्राहक सेवा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। श्रीमती भटनागर ने कहा कि बैंकिंग उद्योग में ग्राहक संतुष्टि ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि



कैसे सकारात्मक व्यवहार, सही संचार, पारदर्शिता और त्वरित समाधान ग्राहक का विश्वास बढ़ाते हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को करियर में नैतिकता और ईमानदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के अंत में टिमिट के डीन, प्रोफेसर डॉ. विपिन जैन ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों को वास्तविक उद्योग अनुभव से जोड़ते हैं और उन्हें प्रोफेशनल जीवन के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने श्रीमती भारती भटनागर का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरक सत्र आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में प्रबंधन एवं वाणिज्य के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में श्री आकाश भटनागर का सहयोग रहा।

# टीएमयू की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एग्रीकल्चर और लॉ कॉलेज का जलवा

## इंटरकॉलिजिएट क्रिकेट मुकाबलों में मेडिकल, पैरामेडिकल, फिजिकल एजुकेशन और सीसीएसआईटी की टीमों ने सेमीफाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की इंटरकॉलिजिएट वॉलीबाल प्रतियोगी में एग्रीकल्चर और लॉ कॉलेज की टीमों का जलवा रहा। दूसरी ओर क्रिकेट मुकाबलों में मेडिकल, पैरामेडिकल, फिजिकल एजुकेशन और सीसीएसआईटी की टीमों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टग ऑफ वॉर की गर्ल्स प्रतियोगिता में फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने एग्रीकल्चर कॉलेज को से 2-1 से हराकर एकतरफा मैच अपने नाम किया। एग्रीकल्चर कॉलेज और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के मुकाबले में एग्रीकल्चर कॉलेज ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना। प्रथम सेट 15-13 और दूसरे सेट 15-13 एग्रीकल्चर कॉलेज ने अपने नाम करते हुए अंततः 2-0 से मुकाबला अपने नाम किया। मुकाबले में एग्रीकल्चर कॉलेज की तरफ से एन. राजू ने स्पाईकर के तौर पर उम्दा प्रदर्शन किया। इस जीत के साथ एग्रीकल्चर कॉलेज अगले राउंड के लिए क्वालीफाई हुआ। इंजीनियरिंग और लॉ कॉलेज के मुकाबले में लॉ कॉलेज ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना। मुकाबले में लॉ कॉलेज ने शुरू से ही





दबदबा बनाते हुए पहला सेट 15-3 और दूसरा सेट 15-10 से अपने नाम करते हुए अंततः 2-0 से मुकाबला अपने नाम किया। इस मुकाबले में लॉ कॉलेज की ओर से शशि शंकर ने स्पाईकर के तौर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस जीत के साथ लॉ कॉलेज अगले राउंड के लिए क्वालीफाई हुआ। क्रिकेट में एजुकेशन और पैरामेडीकल, फिजिकल एजुकेशन और मैनेजमैंट, एग्रीकल्चर और सीसीएसआईटी, मेडिकल कॉलेज और फार्मेसी के बीच मुकाबले हुए। इन मुकाबलों में मेडिकल, पैरामेडिकल, फिजिकल एजुकेशन और सीसीएसआईटी की टीमों ने जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया ।

## रामलीला कमेटी अध्यक्ष प्रवीण भूषण की 87 वर्षीय माता ने ली अंतिम सांस

**कुन्दरकी।** नगर में उस समय शोक की लहर दौड़ गई जब राम लीला कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण भूषण की माता श्रीमती विमल भूषण (87 वर्ष) का बीमारी के चलते निधन हो गया। बताया गया कि वह काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं और उनका उपचार चल रहा था। उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही परिवार में को. हराम मच गया और आसपास के लोगों में भी दुख की लहर फैल गई। दिवंगत विमल भूषण धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं और समाज में उनकी अच्छी पहचान थी। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर के गणमान्य नागरिक, रिश्तेदार, समा. जसेवी व शुभचिंतक उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करने लगे। लोगों ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रामलीला कमेटी सहित कई सामाजिक संगठनों ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है। परिवार ने सभी से शांति बनाए रखने और दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना करने की अपील की।

# टीएमयू में लिम्फैटिक ड्रेनेज और लेयर्ड कम्प्रेशन बैंडेजिंग टेक्निक्स की हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राजीव गांधी कैंसर संस्थान एवम् अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली के फिजियोथेरेपी ऑनकोलॉजी रिहैबिलिटेशन के एचओडी डॉ. नवनीत सिंह (पीटी) ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के स्टुडेंट्स को मैनुअल लिम्फैटिक ड्रेनेज और लेयर्ड कम्प्रेशन बैंडेजिंग तकनीकों का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया। इससे पूर्व उन्होंने कैंसर की पैथोजेनेसिस, उपचार के दुष्प्रभावों और स्टेज-वाइज रिहैबिलिटेशन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए लिम्फेडेमा की पैथोफिजियोलॉजी एवम् वैज्ञानिक प्रबंधन पर चर्चा की। साथ ही कैंसर सर्वाइवर्स में पेल्विक फ्लोर डिस्फंक्शन, मूत्र और स्त्रीरोग संबंधी समस्याओं की रिकवरी में फिजियोथेरेपी की प्रभावी भूमिका को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। डॉ. नवनीत तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी की ओर से विश्व कैंसर दिवस पर इन्नोवेटिव ऑनको रिहैबिलिटेशनः हैंड्स-ऑन अप्रा. ेचेज-लिम्फेडेमा, ट्रिस्मस से लेकर कैंसर सर्वाइवर्स में पेल्विक फ्लोर रिकवरी तक पर आयोजित जागरूकता एवम् प्रशिक्षण



कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इस अवसर पर अतिथियों को पौधे भेंट किए गए। राजीव गांधी कैंसर संस्थान की फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. श्रद्धा तोमर ने सिर और गर्दन कैंसर रोगियों में ट्रिस्मस, मुंह न खुलने की समस्या, निगलने और पोषण संबंधी कठिनाइयों पर केंद्रित व्यावहारिक सत्र में लक्षित एक्सरसाइज, मैनुअल थेरेपी एवम् आधुनिक फिजियोथेरेपी तकनीकों के जरिए इनके सफल प्रबंधन की जानकारी दी।

उन्होंने फंक्शनल इलेक्ट्रिकल स्टिमुलेशन और फंक्शनल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन सरीखी उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन करके छात्रों को नवीन ऑनको रिहैबिलिटेशन उपकरणों के बारे में भी विस्तार से समझाया। फिजियोथेरेपी की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल ने ऑनकोलॉजी रिहैबिलिटेशन के बढ़ते महत्व को रेखांकित करते हुए कैंसर रोगियों एवम् सर्वाइवर्स में फिजियोथेरेपी को उपचार की अनिवार्य कड़ी बताया। कार्यक्रम में कोर्डिनेटर्स सुश्री नीलम चौहान और सुश्री प्रिया के संग-संग श्री हरीश शर्मा, श्रीमती हिमानी, श्री रंजीत तिवारी, श्रीमती शिप्रा गंगवार, बीपीटी और एमपीटी के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 13.02.2026
**उत्तरा० वाद सं०:** 26 सन् 2026
**श्रीमती राजकली बनाम रोशनी आदि।**

श्रीमती राजकली उम्र 42 वर्ष पत्नी स्व. संतोष कुमार निवासनी मौहल्ला गुलाबबाड़ी शिव मंदिर के पास, तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

1. रोशनी आयु 22 वर्ष पुत्री स्व. संतोष कुमार निवासी मौहल्ला गुलाबबाड़ी, शिव मंदिर के पास तहसील व जिला मुरादाबाद आदि, 2. **जनता आम-विपक्षीगण।** इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती राजकली हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती राजकली मुसबफा संतोष कुमार अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 2,51,927.61/- हरगाह मुसम्मा श्रीमती राजकली ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 13 मास 02 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) महोदय मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र राज ठाकुर व पुत्रवधू श्रीमति लक्ष्मी सैनी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद इन दोनो का हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**राजपाल सिंह पुत्र प्रेम सिंह व श्रीमती नीरज पत्नी राजपाल सिंह निवासीगण मकान संख्या 80 लाइनपार थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने सगे विवाहित पुत्र मनीष वर्मा पुत्र श्री महेश चंद व अपनी पुत्रवधु श्रीमती कंचन वर्मा निवासी गण उपरोक्त को उनके दुर्व्यवहार व गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेन-देन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद इन दोनों का हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **महेश चंद्र पुत्र श्री श्याम सुन्दर लाल व श्रीमती कामनी देवी पत्नी श्री महेश चंद्र निवासीगण एलआईजी घा, नवीन नगर, पीएसी थाना सिविल लाइंस, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# मुरादाबाद पहुंचने पर डिप्टी सीएम ने समाजवादी पार्टी पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अपनी हार को भांपकर सपा इस तरह की अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है, जब समाजवादी पार्टी इस तरह का व्यवहार कर रही हो। आज भी ड्राफ्ट सूची में लोगों को सपा शासनकाल की गुंडागर्दी और कानून-व्यवस्था की बदहाली याद है।डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि चाहे मुरादाबाद हो या उत्तर प्रदेश का कोई अन्य जिला, समाजवादी पार्टी के शासन में अपराधियों, माफियाओं और गुंडों का बोल.



बाला रहा। उस समय अपराधियों को खुला संरक्षण प्राप्त था, जिससे आम जनता भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर थी। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के शासनकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी और प्रशासन मूकदर्शक बना रहता था।बृजेश पाठक ने आगे कहा कि वर्तमान सरकार ने कानून का राज स्थापित किया है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। आज उत्तर प्रदेश में अपराधी या तो जेल में हैं या प्रदेश छोड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है और विकास के रास्ते पर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

डिप्टी सीएम ने जनता से अपील की है कि वह समा. जवादी पार्टी के बहकावे में न आएं और उनके पुराने कृत्यों को याद रखें।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सुशासन, सुरक्षा और विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## 350 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा अवैध मादक पदार्थों के निर्माण व तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन्स पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी रजत गुप्ता पुत्र रिशु गुप्ता, निवासी मोहल्ला बाकलान, कस्बा अगवानपुर, थाना सिविल लाइन्स, जनपद मुरादाबाद को 350 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया।इस संबंध में थाना सिविल लाइन्स पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि समाज को नशामुक्त बनाया जा सके।

# नारी उत्थान केन्द्र के प्रयासों से एक दंपती का विवाद सुलझा, साथ रहने को हुए सहमत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नारी उत्थान केन्द्र, जनपद मुरादाबाद द्वारा किए गए अथक प्रयासों के फलस्वरूप एक दंपती के आपसी मतभेदों का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया। परिवार परामर्श केन्द्र/नारी उत्थान केन्द्र की काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी अपने पुराने विवाद भुलाकर पुन: साथ रहने के लिए सहमत हो गए।यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, के कुशल निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं संबंधित क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। दिनांक 06 को पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र/नारी उत्थान केन्द्र में पति-पत्नी से जुड़े पारिवारिक विवाद के एक प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की गई। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और अनुभवी परामर्शदाता एम.पी. सिंह यादव के माध्यम से आपसी सहमति के आधार पर सुलह-समझौता कराया गया। परामर्श के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विचारों और भावनाओं



को समझते हुए यह स्वीकार किया कि आपसी संवाद की कमी और गलतफहमियों के कारण विवाद उत्पन्न हुआ था।

काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी ने एक-दूसरे को विश्वास दिलाया कि वे पुरानी बातों को भुलाकर नवजीवन की नई शुरुआत करेंगे और प्रेम, विश्वास व सम्मान के साथ हंसी-खुशी अपना दांपत्य जीवन व्यतीत करेंगे।परिवार परामर्श केन्द्र की टीम ने दोनों को भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद से बचने, आपसी बातचीत को प्राथमिकता देने तथा परिवार की जिम्मेदारियों को मिल-जुलकर निभाने की सलाह दी। साथ ही दंपती को नवजीवन की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी गईं।नारी उत्थान केन्द्र की यह पहल एक बार फिर यह सिद्ध करती है कि संवाद और परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान संभव है। इस तरह के प्रयास न केवल परिवारों को टूटने से बचाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देते है।

# विराट हिंदू महासम्मेलन का आयोजन, संघ के शताब्दी वर्ष पर जनजागरण का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी ( मुरादाबाद )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक विराट हिंदू महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गोपाल सिंह (क्षेत्रीय संगठन मंत्री, हिंदू जागरण मंच) ने कहा कि संघ की स्थापना उस समय हुई जब देश स्वाधीनता के लिए संघर्षरत था। उन्होंने डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के उस स्पष्ट विचार को रेखांकित किया कि राष्ट्र की स्वतंत्रता, उसके परम वैभव की प्राप्ति और समाज की विविध समस्याओं का स्थाई समाधान केवल हिंदू समाज के संगठित होने से ही संभव है। उन्होंने बताया कि जाति, भाषा, वेशभूषा, प्रांत आदि विविधताओं के भेदों से अलग हुए हिंदू समाज को हिंदुत्व के साझा आधार पर संगठित करने के विचार से ही संघ की स्थापना हुई। विशिष्ट अतिथि योगेंद्र दत्त (प्रांत संयोजक, धर्म जागरण मंच) ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयंसेवक सदैव समाज परिवर्तन और समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहते हैं। शताब्दी वर्ष के उपरांत अब 'पांच परिवर्तन' के विषयों - सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वावलंबी जीवन और नागरिक कर्तव्य बोध -पर सज्जन शक्ति के सहयोग से विशेष जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। मुख्य अतिथि स्वामी रामेश्वरानंद ने कहा कि यह महायज्ञ 100 वर्षों से निरंतर चल रहा है। समाज को संगठित कर देश की चुनौतियों का समाधान करना और युगानुकूल व्यवस्थाओं का निर्माण करना संघ का अगला लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि देश विशाल है और अकेला कोई संगठन स्थायी परिवर्तन नहीं ला सकता, इसलिए सभी को मतभेद भुलाकर सज्जन शक्ति के सक्रिय सहयोग से एक साथ काम करना होगा। मातृभूमि को पुन: विश्वगुरु बनाने के लिए अब पुरुषार्थ करने का समय है। कार्यक्रम के अध्यक्ष आचार्य गजेंद्र पाल सिंह ने अपने समापन संबोधन में सभी से राष्ट्रकार्य में अपनी क्षमता के अनुसार सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत माता के रथ को आगे बढ़ाने के लिए सभी का योगदान जरूरी है और इस 'अमृत काल' में सामूहिक प्रयास से ही देश को परम वैभव तक पहुंचाया जा सकता है।







इस अवसर पर ग्राम पंचायत करनपुर के प्रधान पति डॉ. बाबू सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह, महंत अशोकनंद, वंश चौहान, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. प्रेमराज सिंह, सुनील यादव, विक्रम सिंह, सुमित चौहान, सोमपाल सिंह, अंकित कुमार, सचिन राणा, देवेंद्र सिंह लाला, नीटू चौहान, अजय प्रताप सिंह, सुरेश शर्मा, संजय सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शांतिभंग के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** महिला के साथ मारपीट पर उतारू एक व्यक्ति को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक सतेंद्र बालियान ने बताया कि सुरजननगर चौकी क्षेत्र के गांव कनकपुर निवासी बबीता पत्नी उमेश कुमार द्वारा दिए शिकायत पत्र की जांच के दौरान गांव के समरपाल सिंह पुत्र बुद्ध सिंह ने उनके साथ बहस कर रहे थे। पुलिस ने समरपाल सिंह को महिला के साथ बहस करने पर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को आरोपी का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां आरोपी को जमानत पर छोड़ दिया गया है।

# विवाह सम्मेलन की तैयारी को लेकर भारतीय संस्कृति रक्षा समिति एवं अर्द्धमौनी सर्व कल्याण ट्रस्ट ने की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को भारतीय संस्कृति रक्षा समिति एवं अर्द्धमौनी सर्व कल्याण ट्रस्ट द्वारा आगामी विराट हिन्दू विवाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 28 फरवरी को रेड सैफायर में आयोजित होने वाले इस विराट हिन्दू विवाह सम्मेलन में 21 निर्धन कन्याओं का कन्यादान किया जाएगा, साथ ही 251 युवक- युवतियों का परिचय सम्मेलन भी आयोजित होगा।बैठक के दौरान विवाह सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा व्यवस्थाओं एवं विभिन्न सेवाओं का वितरण किया गया और सभी सदस्यों ने नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता सोमनाथ पोपली ने की, जबकि संचालन अनिल सिक्का द्वारा किया गया।सम्मेलन के विषय में जानकारी देते हुए आचार्य धीरशान्त 'अर्द्धमौनी' ने कहा कि दाम्पत्य सूत्र बंधन जीवन का सबसे बड़ा संस्कार है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज के असहाय एवं अल्प आय वर्ग



की कन्याओं का सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराना है। साथ ही उन्होंने युवाओं में विवाह जैसे पवित्र संस्कार के प्रति बढ़ती उपेक्षा और अधिक आयु तक विवाह न करने की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। बैठक में कृष्णा गुप्ता मीडिया प्रभारी, राजीव शर्मा, सुशील शर्मा, सुधीर गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, सुधा शर्मा, नीतू सक्सेना, डॉ. कमलेश, डॉ. ज्योतिका गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारियों व सदस्यों ने व्यवस्थाओं में अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाने का आश्वासन दिया।

# जनपद सम्भल में एम्स की मांग तेज, राज्यमंत्री गुलाब देवी की मांग को मिल रहा जनसमर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जनपद संभल में एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) अस्पताल की स्थापना की मांग किए जाने के बाद यह मामला चर्चा में आ गया है। इस मांग को लेकर आमजन के साथ-साथ अधिवक्ता वर्ग और सामाजिक संगठनों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों का मानना है कि यदि संभल में एम्स की स्थापना होती है तो यह क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव लाएगा। कुल मिलाकर, राज्यमंत्री गुलाब देवी की इस मांग को लेकर जिले में सकारात्मक माहौल बन रहा है और लोग सरकार से इस पर शीघ्र निर्णय की उम्मीद कर रहे हैं। जनपद न्यायालय स्थित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा कि संभल और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को गंभीर उपचार के लिए दिल्ली, ऋषिकेश, मुरादाबाद या आगरा जैसे शहरों की ओर रुख करना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए यह



बेहद कठिन होता है। यदि संभल में एम्स बनता है तो क्षेत्रवासियों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अपने जिले में ही उपलब्ध हो सकेंगी।

महिला अधिवक्ता पुष्पलता पाल ने भी राज्यमंत्री की पहल का समर्थन करते हुए कहा कि गुलाब देवी ने जनहित से जुड़ी एक अत्यंत महत्वपूर्ण मांग उठाई है। संभल जैसे पिछड़े माने जाने वाले जिले में एम्स की स्थापना से न केवल स्वास्थ्य सेवाएं सुधरेंगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह पहल क्षेत्रवासियों के लिए वरदान साबित हो सकती है। हालांकि उन्होंने अपने बयान में स्वास्थ्य के साथ-साथ न्याय की भी चर्चा की और कहा कि निर्धन और कमजोर वर्ग के लोगों को सरकारी संस्थानों से सीधा लाभ मिलना चाहिए। अधिवक्ता आसिफ ने कहा कि एम्स जैसे संस्थान की संभल में अत्यंत आवश्यकता है। सैकड़ों गंभीर मरीज दिल्ली ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। यदि जिले में ही एम्स की सुविधा उपलब्ध हो जाए तो समय पर इलाज मिलने से अनेक जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

## अध्यापिका वीरवाला सक्सैना की स्मृति में पुस्तकालय में अध्ययन करने वाली छात्राओं को किया जाएगा पुरस्कृत

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** अध्यापिका वीरवाला सक्सैना स्मृति पुस्तकालय में अध्ययन करने वाली छात्राओं को सरकारी नौकरी लगने पर 8 फरवरी को 11:00 बजे ब्रज रतन बैंक्विट हॉल बिलारी में पुरस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए डॉक्टर मीनाक्षी सखी ने बताया कि श्रीमती वीरवाला सक्सैना स्मृति पुस्तकालय में अध्ययन करने वाली छात्राओं की सरकारी जॉब लगने के कारण यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पुस्तकालय की ओर से छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। जानकारी के अनुसार अध्यापिका वीरवाला सक्सैना निशुल्क वाचनालय, पुस्तकालय निकट पौडा खेड़ा मंदिर बिलारी में नगर की बालिकाओं के लिए निशुल्क पुस्तकालय की स्थापना ने क्षेत्र के अध्ययनशील बालिकाओं को सशक्त बनाने का जो कदम उठाया है उसी के परिणाम स्वरुप यह उपलब्धि छात्रों को प्राप्त हुई है।

# न्यायिककर्मी को आत्महत्या के लिए विवश करने के मामले में पत्नी जेल ने किया आत्मसमर्पण

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव करनावाला गांवड़ी निवासी सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय में कार्यरत कर्मचारी मोहित कुमार ने 16 जनवरी की रात अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में उसने अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए विवश करने का गंभीर आरोप लगाया था। मृतक के पिता मुनेश कुमार की तहरीर पर मोहित की पत्नी अनीता देवी तथा उसके दो कथित प्रेमियों के खिलाफ कोतवाली ठाकुरद्वारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि घटना के डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद पुलिस किसी भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं कर सकी थी, जिससे परिजनों में आक्रोश व्याप्त था। तीन दिन पूर्व अपना हक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय यादव एवं राष्ट्रीय महासचिव संजय यादव मृतक के माता-पिता के साथ कोतवाली पहुंचे और अभियुक्त पत्नी की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिश शुरू की।

पुलिस दबाव बढ़ने पर मृतक मोहित कुमार की पत्नी अनीता देवी ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मामले में अन्य आरो. पियों की तलाश जारी है।



## जश्ने दस्तारबंदी में उलेमाओं ने दी नेक अमल की नसीहत

**ठाकुरद्वारा।** नगर के नगलिया रोड स्थित मदरसा रफीकुल उलूम में शुक्रवार को जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ किया गया। इस दौरान मदरसे में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों की दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उलेमाओं ने बच्चों और मौजूद लोगों को नसीहत दी कि रोजाना नमाज की पाबंदी के साथ-साथ गरीबों और जरूरतमंदों की मदद जरूर करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बुजुर्ग माता-पिता की खिदमत को सबसे अहम बताते हुए इसे सबसे बड़ा फर्ज बताया। मुफ्ती आशिक रजा सदर मर्दरिस ने कहा कि रमजान का पाक और मुकद्दस महीना शीघ्र ही शुरू होने जा रहा है। इस महीने में अल्लाह तआला रोजेदारों पर अपनी रहमत बरसाता है, इसलिए रमजान का पूरा एहतराम करते हुए इबादत और नेक अमल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। मदरसे के प्रबंधक तहसील इमाम कारी अब्दुल मुईद ने मदरसा रफीकुल उलूम के संस्थापक मरहूम हाजी रफीक खान की मगफिरत के लिए दुआ कराई। इस अवसर पर शेर अली खान, शहादत अली खान, हाजी गुलजार खान, सिकंदर कमाल, शानू, फईम ठेकेदार, गुल मोहम्मद, रजाकत चौधरी, हाजी सलीम मलिक, हाजी वसीम ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक 0769869 व इंटरमीडिएट वर्ष 2007 अनुक्रमांक 0396332 की मार्कशीट व सनद वास्तव में कही खो गए हैं। **अंकुर राजपूत पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी टीचर्स कॉलोनी, धामपुर, बिजनौर।**

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2006 अनुक्रमांक 0785661व इंटरमीडिएट वर्ष 2009 अनुक्रमांक 0471313 का प्रमाण पत्र व अंक पत्र वास्तव में कही खो गए हैं। **सुभाष कुमार पुत्र रमेश निवासी ग्राम झिल्ला स्योहारा, जिला बिजनौर।**

# रामनगर खागूवाला में भगवान शिव परिवार और मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना से पूर्व गांव में निकाली भव्य कलश यात्रा

**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर खागूवाला में ब्रहम भटट् समाज द्वारा बनाए गए नवनिर्मित नर्मेदेश्वर हरिहर मंदिर में भगवान शिव परिवार और मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना से पूर्व गांव के मुख्य मार्ग से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा का ग्रामीण श्रद्वालुओं ने जगह जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया। बतादें कि हिन्दू समाज के लोगो योगी सरकार मे भगवान के प्रति आस्था में बढ़ोत्तरी हुई है । लोग गांव गांव भगवान शिव परिवार सहित अन्य देवाओ मे मूर्तियां विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ स्थापित करा रहे हैं। इसी क्रम में रामनगर खागूवाला में ब्रहम भटट् समाज द्वारा बनाए गए नर्मेदेश्वर हरिहर मंदिर पर भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश, भगवान नन्दी, शिवलिंग और माता दुर्गा की मूर्तियां स्थापित करने से पूर्व ब्रहम भट्ट समाज की महिलाओं सहित

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम मरगूब अली (MARGOOB ALI) से संशोधित कर मरगूब अली ( MARGHOOB ALI ) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **MARGHOOB ALI S/o MATLOOB ALI निवासी NEAR MADEENA MASJID KHOKRAN MORADABAD (UP) पिन कोड-244401**



अन्य समाज की 108 महिलाएं पीले वस्त्र धारण गांव में ठाकुरद्वारा सुरजन. नगर मार्ग स्थित शिव मंदिर पर एकत्र हुई। जहां से महिलाएं सर पर जल से भरा कलश रखकर डीजे पर भगवान शिव और मां दुर्गा के भजनों पर भगवान का गुणगान करती चल रही थी तो वही पुरूष श्रद्वालुओं भगवान शिव ,माता पार्वती, भगवान गणेश और मां दुर्गा के भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा नर्मेदेश्वर हरिहर मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा का गांव में श्रद्वालुओं ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद दारापुर निवासी पंडित विनीत भारद्वाज द्वारा पंडित ने विधि विधान से पूजा अर्चना ओर वेद मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव परिवार और मां दुर्गा की मूति मंदिर पर स्थापित करायी। कलश यात्रा में डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, प्रेमपाल शर्मा , बलवीर शर्मा, जसवंत सिंह शर्मा, सुखवीर सिंह, वेगराम शर्मा एडवोकेट, मनोज शर्मा, मोती शर्मा, कल्पना शर्मा, रेखा शर्मा, मंजू कश्यप, गूंजन शर्मा शारदा शर्मा, राधा शर्मा, सुखिया शर्मा, राखी , जयवती देवी आदि शामिल रहे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग: Electrical (TRD) | |
| टेंडर नं: T-11-TRD-MB-25-26-III | |
| कार्य का नाम: मुरादाबाद मंडल के झुके हुए मास्ट का उन्नयन। | |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय: 02.03.2026, 15:00 Hrs | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹): ₹ 1,85,72,082.13/- (Including GST@18%) | |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹): ₹ 2,42,900/- | |
| निविदाप्रपत्र मूल्य (₹): NIL | |
| ऑफर की वैधता (दिन): 60 days | |
| कार्य पूरा करने की अवधि: 09 Months | |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता: www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. | |

सं.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-20 दिनांक: 06.02.2026 428/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारत से मैच का बॉयकाट न करे पाक: श्रीलंका



श्रीलंका क्रिकेट के प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा ने गंभीर कमर्शियल और आर्थिक नतीजों की चेतावनी दी

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट के प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के दौरान श्रीलंका में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच के बॉयकॉट की रिपोर्ट पर फिर से सोचने की अपील की है। उन्होंने इसके गंभीर कमर्शियल और आर्थिक नतीजों की चेतावनी दी है, श्रीलंका के न्यूजवायर ने यह रिपोर्ट दी है। लेटर में, एसएलसी ने कहा कि उसे मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि पाकिस्तान के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद है, लेकिन 15 फरवरी, 2026 को कोलंबो के आर- प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को छोड़ने का फैसला लिया जा सकता है। लेटर के मुताबिक, श्रीलंका में मैचों, खासकर भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए टिकटों की बिक्री पूरी हो चुकी है और इसकी बहुत ज्यादा डिमांड देखी गई है, जो लोगों की पहले कभी न देखी गई दिलचस्पी और बड़ी कमर्शियल उम्मीदों को दिखाता है।

एसएलसी ने चेतावनी दी कि इतने बड़े मैच में हिस्सा न लेने के बड़े नतीजे होंगे, जिसमें काफी फाइनेंशियल नुकसान, टूरिज्म की उम्मीद में कमी और बड़े आर्थिक नतीजे शामिल हैं। न्यूजवायर ने बताया कि पाकिस्तान के 15 फरवरी का मैच न खेलने के फैसले की खबरों के बाद श्रीलंका के टूरिज्म और होटल सेक्टर को पहले ही झटका लगा है, कोलंबो के कई होटलों की बुकिंग कैंसल हो गई है। लेटर में यह भी बताया गया कि श्रीलंका क्रिकेट, श्रीलंकाई सरकार के साथ मिलकर, बॉयकॉट के बड़े असर को ध्यान में रखता है, जिसका असर न सिर्फ एसएलसी पर बल्कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन में शामिल कई स्टेकहोल्डर्स पर भी पड़ेगा। दोनों बोर्ड के बीच पिछले सहयोग को याद करते हुए, श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि उसकी नेशनल टीम ने कई बार मुश्किल और सेंसिटिव हालात में पाकिस्तान का दौरा किया है, जिसमें गंभीर सुरक्षा घटनाओं के बाद के समय भी शामिल हैं, जब दूसरी टीमें दौरा करने से हिचकिचा रही थीं। इसने कहा कि वे दौरे अच्छी नीयत और खेल भावना और आपसी सम्मान की भावना से किए गए थे। एसएलसी ने कहा कि इसलिए वह भी इसी तरह की भावना की उम्मीद करता है, यह देखते हुए कि श्रीलंका ने देश में होने वाले सभी मैचों के लिए सुरक्षा, न्यूट्रैलिटी और प्रोफेशनलिज्म के बारे में पूरा भरोसा दिया है। आखिर में, श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी से भारत बनाम पाकिस्तान मैच का बॉयकॉट करने या उससे कुछ समय के लिए दूर रहने के किसी भी फैसले पर फिर से सोचने का आदरपूर्वक आग्रह किया और टूर्नामेंट, उसके स्टेकहोल्डर्स और दुनिया भर के लाखों क्रिकेट फैंस के फायदे के लिए पाकिस्तान से श्रीलंका में होने वाले सभी तय मैचों में हिस्सा लेने को कहा।

# वैभव ने अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में सबसे तेज शतक ठोका



- **इंग्लैंड के खिलाफ 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने महज 55 गेंदों में शतक पूरा किया**

**हरारे, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्वकप फाइनल में मात्र 55 गेंद में सबसे तेज शतक ठोका। इसके साथ ही वह अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए तथा एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की।

यहां टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जोकि विश्वकप के फाइनल का सबसे तेज शतक है। उन्होंने अपनी 175 रनों की पारी में 80 गेंदों का सामना किया और 15 चौके और 15 छक्के उड़ाते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी। उन्होंने 175 रन में 150 रन केवल चौके और छक्के लगाकर अर्जित किए।

वैभव ने एक सीजन में 23 छक्के लगाकर अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने 71 गेंदों में सबसे तेज 150 रन बनाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने इंग्लैंड के बेन मायस के रिकार्ड को तोड़ा। बेन मायस ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 98 गेंदों में 150 रन बनाए थे। वैभव ने 32 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया तथा अगले 50 रन महज 16 गेंदों में ठोक डाले।

## ICC ने टी-20 विश्वकप के कमेंटेटरों के नामों की घोषणा की

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को टी-20 विश्वकप 2026 को जीवंत बनाने को लेकर तीक्ष्ण विश्लेषण, खिलाड़ियों के बेजोड़ अंदाज की कहानी को अपनी जानदार आवाज से श्रोताओं तक पहुंचाने वाले दुनिया के दिग्गज कमेंटेटरों के नामों की घोषणा की है। आईसीसी की ओर से जारी की गई कमेंटेरों की सूची में जाने-माने ब्रॉडकास्टर रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ और इयान बिशप इस साल के टूर्नामेंट के लिए डायनामिक कमेंट्री टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ आरोन फिंच भी होंगे। इसमें आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के अन्य पूर्व विजेता भी शामिल होंगे, जिनमें दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बद्री, रॉबिन उथप्पा और कार्लोस ब्रैथवेट शामिल हैं। इस सूची में अन्य दिग्गज नामों में इयोन मॉर्गन, वसीम अकरम, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन और रमीज राजा शामिल हैं। इस पैनल में खेल की अन्य जानी-मानी आवाजें भी शामिल हैं, जिनमें डेल स्टेन, माइकल एथरटन, वकार यूनिस, साइमन डूल, शॉन पोलॉक और केटी मार्टिन शामिल हैं। भारत और श्रीलंका में कमेंट्री लाइनअप को प्रमुख ग्लोबल ब्रॉडकास्टर हर्षा भोगले, म्पुमेलेलो मबांगवा, नताली जर्मनोस, डैनी मॉरिसन, एलन विल्किस, इयान वार्ड, मार्क हॉवर्ड, निक नाइट, अथर अली खान, कैस नायडू, बाजिद खान, रौनक कपूर और नियाल ओं' ब्रायन ने और मजबूत किया है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### टी-20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं हर्षित राणा

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो सकते हैं। चैंपियनशिप, जो 24 घंटे के अंदर शुरू होने वाली है, के लिए राणा की संभावित अनुपलब्धता का संकेत भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दिया। सूर्यकुमार यादव ने वर्ल्ड कप में भारत के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि वह अभी तक बाहर नहीं हुए हैं, लेकिन संदिग्ध लग रहे हैं। हमें शाम तक पता चल जाएगा। बुधवार को वार्म-अप मैच (मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) के दौरान उन्हें थोड़ी चोट लगी थी, लेकिन स्थिति बहुत उत्साहजनक नहीं है। डिफेंडिग चैंपियन भारत आज मुंबई के वानखेड़े में अमेरिका से भिड़ेगा।


### चोटिल हेजलवुड टी-20 विश्व कप से बाहर हुए

**सिडनी, वार्ता।** भारत और श्रीलंका की मेजबानी में शुरु हो रहे टी-20 विश्वकप से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका, अनुभवी तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। 35 साल के हेजलवुड ने 12 नवम्बर को शेफील्ड शील्ड के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती विश्व कप टीम में शामिल होने के बावजूद, तेज गें. दबाज सिडनी में ही रहे, जबकि बाकी टीम इस सप्ताह की शुरुआत से श्रीलंका में हैं। कोलंबो में आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले ग्रुप-स्टेज मैच से सिर्फ पांच दिन पहले, राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडमेडे ने कहा है कि हेजलवुड समय पर ठीक नहीं हो पाएंगे।

### गाइडेन ओडेन के खिलाफ पहला एकल खेलेंगे सुमित

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत बनाम नीदरलैंड्स डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप आई फर्स्ट राउंड मैच के लिए ड्रॉ शुक्रवार को यहां एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में घोषित किया गया, जिसमें भारत के टॉप सिगल्स खिलाड़ी सुमित नागल मैच के दोनों दिन घरेलू चुनौती की अगुआई करेंगे। ड्रॉ के अनुसार, शनिवार को पहले दिन नागल का मुकाबला नीदरलैंड्स के गाइ डेन ओडेन से होगा। इसके बाद भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश और जेस्पर जान रेंस डी जोंग के बीच दूसरा सिगल्स मैच होगा, जिन्हें डच टीम का नंबर दो खिलाड़ी चुना गया है। रविवार, दूसरे दिन डबल्स मैच से मैच शुरू होगा, जिसमें भारत ने युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी को अपनी जोड़ी के तौर पर चुना है। उनका सामना डच जोड़ी सैंडर एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। डबल्स के बाद, रिवर्स सिगल्स होने हैं, जिसमें नागल जोंग के खिलाफ कोर्ट पर वापसी करेंगे।

# टी-20 विश्व कप थीम पर बन रही बनारसी साड़ी



- **साड़ी की डिजाइन रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित डिजाइनर लक्ष्मी विश्वकर्मा ने तैयार की है**

**वाराणसी, वार्ता।** टी-20 विश्व कप के आगाज से पहले वाराणसी में विश्व कप थीम पर विशेष बनारसी साड़ियां तैयार की जा रही हैं।

काशी के साड़ी व्यापारी एवं काश्याम सृजन फाउंडेशन के ट्रस्टी सर्वेश श्रीवास्तव ने भारतीय क्रिकेट टीम के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से यह पहल की है। लोहता स्थित कारखाने में हैंडलूम कारीगर इन साड़ियों को बुन रहे हैं। साड़ी की डिजाइन रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित डिजाइनर लक्ष्मी विश्वकर्मा ने तैयार की है। साड़ियों पर विश्व कप ट्रॉफी, बल्ला, गेंद, स्टंप और पिच सहित विभिन्न क्रिकेट प्रतीकों को जरी और ब्रोकेट कतान शैली में उकेरा गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि इससे पूर्व भी वे विभिन्न विश्व कप अवसरों पर थीम आधारित बनारसी साड़ियां तैयार करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के प्रति अपने लगाव के कारण उन्होंने बनारसी शिल्प को क्रिकेट से जोड़ने का प्रयास किया है। इन विशेष साड़ियों में 1983, 2007 टी-20, 2011 और 2024 टी-20 विश्व कप सहित महिला विश्व कप विजेता टीम की उपलब्धियों को भी दर्शाया गया है। बुनकर बहादुर और उनके सहयोगी इन्हें तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे इन साड़ियों को भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप देना चाहते हैं। एक साड़ी की अनुमानित कीमत 15 से 20 हजार रुपये बताई गई है।

## कोयल बोर ने तीसरे दिन पांच रिकॉर्ड तोड़े

**मोदीनगर, वार्ता।** नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025-26 आज यादव फार्म हाउस में जारी रही, जिसमें यूथ, जूनियर और सीनियर डिवीजन में महिलाओं की 53 किग्रा कैटेगरी में शानदार टैलेंट दिखाया गया। ज्ञानेश्वरी यादव और कोयल बोर ने पोडियम पर अपना दबदबा बनाया, कोयल बार ने यूथ सेक्शन में 3 नए नेशनल रिकॉर्ड भी तोड़े, जिसमें स्नैच में 78 किग्रा , क्लीन एंड जर्क में 99 किग्रा और ओवरऑल टोटल में 175 किग्रा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा और जूनियर सेक्शन में 2 रिकॉर्ड बनाए, जिसमें स्नैच में 81 किग्रा और ओवरऑल टोटल में 181 किग्रा का रिकॉर्ड तोड़ा (पुराने रिकॉर्ड इंडियन स्टैंडर्ड के थे)। इस कॉम्पिटिशन में ज्ञानेश्वरी यादव ने शानदार परफॉर्मेंस दी, जिन्होंने सीनियर डिवीजन में 186 किग्रा के शानदार टोटल के साथ गोल्ड मेडल जीता। उनके ठीक पीछे पश्चिम बंगाल की कोयल थीं, जिन्होंने कई कैटेगरी में शानदार परफॉर्मेंस दी। कोयल ने सीनियर सेक्शन में सिल्वर मेडल जीता और जूनियर और यूथ दोनों सेक्शन में गोल्ड मेडल हासिल किए।

# नीतू, प्रीति सेमीफाइनल में पहुंची



- **बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाज दल ने 19 पदक पक्के कर लिए हैं**

**ला नुसिया, वार्ता।** प्रतिष्ठित बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाजी दल ने 19 मेडल पक्के कर लिए हैं, तीसरे दिन भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नीतू (51किग्रा) और प्रीति (54किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जबकि जदुमणि सिंह (55किग्रा) ने पुरुषों के ड्रॉ में एक और शानदार प्रदर्शन किया।

नए हेड कोच सैंटियागो नीवा के मार्गदर्शन में भारतीय महिला टीम ने 12 मेडल पक्के कर लिए हैं, जबकि भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल से पहले 7 मेडल पक्के कर लिए हैं। नीतू शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने कनाडा की मैकेंजी राइट को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। प्रीति ने भी स्पेन की मारिया गोंजालेज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, लगातार दबाव बनाकर तीसरे राउंड में ही मुकाबला खत्म कर दिया। पूनम (54) ने थाईलैंड की नटनिचा चोंगप्रोंगक्लांग पर 5-0 से एक और शानदार जीत हासिल की, जबकि प्रिया (60) और प्रांजल (65) ने क्रमश: स्पेन की लौरा गैलानो और चेक बॉक्सर विक्टोरिया के खिलाफ सर्वसम्मत जीत दर्ज की। काजल (65) ने कजाकिस्तान की अकबर इचशानोवा को एक कड़े मुकाबले में 4-1 से हराया। पुरुषों की प्रतियोगिता में, जदुमणि सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, 55किग्रा वर्ग में चीनी ताइपे के पेंग चिया-फेंग को 5-0 से हराया। मोहम्मद हुसामुद्दीन (60किग्रा) ने यूक्रेन के अली डाहली को सर्वसम्मति से हराकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि सचिन (60किग्रा) ने यूक्रेन के एडर को एक कड़े मुकाबले में 3-2 के फैसले से हराया।

# पहलवान नीलम सिरोही ने 50 किग्रा वर्ग में जीता रजत पदक



**क्रोएशिया, वार्ता।** भारतीय पहलवान नीलम सिरोही ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता। गुरुवार को हुए अन्य मुकाबलों में विकी हुड्डा (पुरुष 97 किग्रा), दिनेश धनखड़ (पुरुष 125 किग्रा) और मुस्कान (महिला 50 किग्रा) के कांस्य पदकों के साथ इस साल की पहली विश्व कुश्ती महासंघ (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) रैंकिग सीरीज में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई है। भारत ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते है। नीलम सिरोही ने फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय पहलवान ने पोलैंड की अगाता वालेरजाक को 10-0 से हराकर शुरुआत की, जिसके बाद क्वार्टर फाइनल में अजरबैजान की एलनूरा मम्मादोवा को 12-2 से हराया। सेमीफाइनल में हमवतन मुस्कान पर 7-4 की जीत ने उन्हें स्वर्ण पदक मुकाबले में पहुंचाया, जहां वह अंडर-23 विश्व चैंपियन जापान की हारुना मोरिकावा से 5-2 से हार गईं। इस बीच, मुस्कान ने सेमीफाइनल में हार के बाद वापसी करते हुए अगाता वालेरजाक को 11-0 से हराकर इस कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 97 किग्रा वर्ग में, विकी हुड्डा ने अमेरिका के स्टीफन बुकानन प्प से क्वार्टर फाइनल में हार के बाद वापसी की। अमेरिकी पहलवान ने उन्हें 14-7 से हराया। भारतीय पहलवान रेपचेज में पहुंच गए, जहां विकी ने कनाडा के सैमुअल मिकलोस मारिया परेरा को 12-1 से शिकस्त दी। भारतीय पहलवान ने उसी लय को कांस्य पदक मुकाबले में भी जारी रखा, फ्रांस के एडलान विश्खानोव को 8-2 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। दीपक चहल ने भी इसी वेट कैटेगरी में हिस्सा लिया था लेकिन क्वालिफिकेशन राउंड में ही बाहर हो गए। इस बीच, दिनेश धनखड़ का 125 किग्रा का कांस्य पदक पोलैंड के कामिल को. सिओलेक पर पिनफॉल जीत के साथ आया। भारतीय पहलवान क्वार्टर फाइनल में बहरीन के शमिल शरीपोव से 13-1 से हार गए थे, लेकिन रेपचेज में अमे. रिका के डेमेट्रियस थॉमस पर 12-2 की शानदार जीत के साथ वापसी की। महेंद्र बाबासाहेब गायकवाड़ 125किग्रा भार वर्ग के क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गए।

# टॉप सीडेड रुतुजा भोसले ने किया उलटफेर

- **रुतुजा भोसले और पेगटार्न प्लिप्यूच को भी हार का सामना करना पड़ा, लिली ने टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया**

**मुंबई, वार्ता।** एल एंड टी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज के चौथे दिन गुरुवार को महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन में सिगल्स और डबल्स मुकाबलों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फांगरान टियान ने दिन का सबसे शानदार नतीजा दर्ज किया, उन्होंने टूर्नामेंट की चौथी सीड हैने वैंडविकेल को बाहर कर दिया।

डबल्स कैटेगरी में, टॉप सीडेड जोड़ी रुतुजा भोसले और पेंगटार्न प्लिप्यूच को भी क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, लिली टैगर ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अगले राउंड में जगह बनाई। लानलाना तारारुडी और तातियाना प्रोजोरोवा ने भी सिगल्स ड्रॉ में जीत हासिल की। दिन की शुरुआत एक बड़े उलटफेर के साथ हुई, जब चीन की फांगरान टियान ने चौथी सीड और वर्ल्ड नंबर 135 महिला सिगल्स खिलाड़ी, हैने वैंडविकेल को ढाई घंटे तक चले कड़े मुकाबले में 2-6, 6-4, 6-4 से हराया। टियान, जिन्होंने पहले राउंड में अपनी पहली डब्ल्यूटीए मेन ड्रॉ जीत भी हासिल की थी, ने सेंटर कोर्ट पर पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुंबई ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

इस बीच कोर्ट 1 पर, थाईलैंड की लानलाना तारारुडी और दक्षिण कोरिया की पार्क सो-ह्यून के बीच एक और लंबा मुकाबला हुआ। पहला सेट हारने के बावजूद, ऑस्ट्रेलियन ओपन मेन ड्रॉ में हिस्सा लेने वाली तारारुडी ने बाकी दो सेटों में अपनी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए मैच 3-6, 6-3, 6-0 से जीत लिया, यह मुकाबला दो घंटे से थोड़ा ज्यादा समय तक चला। सातवीं सीड और वर्ल्ड नंबर 128 महिला सिगल्स खिलाड़ी, लिली टैगर ने जापान की एरी शिमिजु के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से जीत हासिल की। 17 साल की इस होनहार खिलाड़ी ने अपनी पावरफुल सर्व और एक-हाथ वाले बैकहैंड एक्शन का जबरदस्त इस्तेमाल किया और गेम को छह ऐस के साथ खत्म किया, जिससे शिमिजू को कभी सेटल होने का मौका नहीं मिला। 2025 जूनियर रौलां गैरो की विनर का मुकाबला दूसरी सीड और 2024 की मुंबई ओपन चैंपियन, डारजा सेमेनिस्टाजा से होगा। नौवीं सीड तातियाना प्रोजोरोवा ने 19 साल की क्रिस्टियाना सिदोरोवा को 6-4, 6-1 से हराकर मैच सीधे सेटों में जीत लिया। फिलीपीन महिला ओपन की सेमीफाइनलिस्ट प्रोजोरोवा ने दूसरे सेट में बेहतरीन बेसलाइन कंट्रोल के साथ शानदार प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल स्टेज में जगह बनाई। डबल्स क्वार्टर फाइनल में, टॉप सीडेड जोड़ी रुतुजा भोसले और थाईलैंड की पेंगटार्न प्लिप्यूच का मुकाबला सेंटर कोर्ट पर निकोल फोसा ह्यूर्गो और उनकी पार्टनर मनंचया सवांगकेव से हुआ। पहला सेट जीतने के बाद, भारत की नंबर 1 महिला खिलाड़ी रुतुजा और प्लिप्यूच अपनी शुरुआती सफलता को दोहरा नहीं पाईं, क्योंकि फोसा ह्यूर्गो और मनंचया ने टाईब्रेकर में जीत हासिल की और 4-6, 6-1, (11-9) से मैच जीत लिया।

# फ्लू से लड़कर मंधाना ने RCB को जिताया खिताब

## आरसीबी के कोच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट की जीत के बाद कहा कि स्मृति मंधाना को तेज बुखार था और हालत सच में खराब थी





**वडोदरा।** स्मृति मंधाना ने फ्लू से लड़ते हुए ना सिर्फ़ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को दूसरी बार डब्ल्यूपीएल खिताब जिताया, बल्कि खुद सामने से नेतृत्व करते हुए इस जीत में 41 गेंदों पर 87 रन बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरसीबी के प्रमुख कोच मलोलन रंगराजन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट की जीत के बाद कहा कि उन्हें (स्मृति को) तेज बुखार था और हालत सच में खराब थी। लेकिन फिर भी वह मैदान पर आईं और एक पल के लिए भी किसी को महसूस नहीं होने दिया कि उन्हें फ्लू है। टीम में यह किसी को पता तक नहीं था। यही स्मृति हैं। जब आज दोपहर मैंने उनसे बात की तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मालो, कोई प्रॉब्लम नहीं, मैं खेलूंगी।' यही उनका वर्क एथिक है। मंधाना के ऊंचे मानकों के हिंसाब से भी यह पारी बड़े दबाव में लक्ष्य का पीछा करने की एक शानदार मिसाल थी। शुरुआत में उन्होंने अपनी ऑस्ट्रेलियाई साथी जॉर्जिया वॉल को स्ट्राइक दी और फिर अपने खेल के रफ्तार को भी बढ़ाया। पांचवें ओवर के अंत में मंधाना पांच गेंदों पर छह रन पर थीं, उसके बाद उन्होंने तबाही मचानी शुरू की। उनकी पारी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने दिल्ली की स्पिन गेंदबाजी को कैसे तोड़ा। आरसीबी की इकलौती बाएं हाथ की बल्लेबाज होने के नाते, मंधाना ने श्री चरणी की बाएं हाथ की स्पिन पर हमला किया, जो वडोदरा चरण में काफी असरदार रही थीं। इससे डीसी की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स के पास कोई विकल्प नहीं बचा। मंधाना ऐसे जोन में थीं, जहां वह एक जैसी गेंदों को अलग-अलग जगह भेज रही थीं। वह कभी पीछे हटकर शॉर्ट गेंद को प्वाइंट के ऊपर से मार रही थीं, तो कभी स्टंप्स के एक्रॉस जाकर उसी तरह की गेंद को लॉन्ग-ऑन और डीप मिडविकेट के बीच उड़ा रही थीं। इतना अनुभव होने के बावजूद स्नेह राणा के पास भी मंधाना के आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। आरसीबी ने हर ओवर में कम से कम एक बाउंड्री लगाई और मंधाना का पीछे हटकर राणा को वाइड लॉन्ग-ऑफ़ के ऊपर से इनसाइड आउट मारना इसकी एक बानगी भर थी। उन्होंने इस सीजन का अंत टॉप स्कोरर के रूप में 377 रनों के साथ किया। रंगराजन ने कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी बेहतरीन पारियों में से एक को फ़ाइनल के लिए बचाकर रखा था। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, वह अमानवीय? मुझे नहीं पता इसे क्या कहूं। इतनी क्लासी, इतनी एलिगेंट, ऐसा नहीं लगा कि वह दबाव में हैं। उन्हें देखकर साफ दिख रहा था कि वह पूरी तरह नियंत्रण में थीं। वह गेंद को टाइम कर रही थीं, हिट कर रही थीं और तय कर रही थीं कि कहां आक्रमण करना है। उन्होंने मैच से दो दिन पहले अभ्यास किया था और हम उनकी बल्लेबाजी को लेकर काफ़ी बातचीत कर रहे थे। मुझे लगता है कि उनका आखिरी अभ्यास सत्र (बुधवार को) उनके बेहतरीन सत्रों में से एक था। सोच में यह बदलाव लीग के आखिरी मैच में आया, जब आरसीबी लगातार दो हार के बाद वापसी करना चाह रही थी। प्ले-ऑफ़ में उनकी जगह पक्की थी, लेकिन उन्होंने यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ़ 27 गेंदों पर नाबाद 54 रन बनाकर अपनी टीम को सीधे फ़ाइनल में पहुंचा दिया। यह पारी इसलिए भी अहम थी क्योंकि उन्होंने तेज खेलने के साथ-साथ शॉट चयन

# नीदरलैंड टीम डेविस कप मुकाबले के लिए तैयार: पॉल हारहुइस

- **कहा: पिछले चार दिनों में तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं और बेंगलुरु की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी की तारीफ की**

**बेंगलुरु, वार्ता।** डच डेविस कप टीम इस वीकेंड भारत के खिलाफ कड़े मुकाबले के लिए न सिर्फ तैयारी कर रही है, बल्कि अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के साथ-साथ बेंगलुरु की संस्कृति में भी पूरी तरह घुल-मिल गई है। शहर की ऊंचाई के हिंसाब से खुद को ढालने के लिए सामान्य से पहले पहुंची टीम ने स्थानीय जानकारी के लिए डच महिला टीम से भी सलाह ली है और भारतीय खाने और अनुभवों का आनंद लिया है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, कप्तान पॉल हारहुइस ने कहा कि टीम को शानदार सुविधाओं और भारतीय एसोसिएशन से मिले मजबूत समर्थन से फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दिनों में तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं,ष और बेंगलुरु की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी की तारीफ की। भारतीय टीम की ताकत को मानते हुए, हारहुइस ने कहा कि यह वीकेंड मुश्किल होगा। दोनों टीमें मजबूत हैं, और यह उस दिन के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को खास तौर पर स्थानीय परिस्थितियों, जिसमें ऊंचाई भी शामिल है, को संभालने के लिए चुना गया है, और टीम ने एडजस्ट करने के लिए अतिरिक्त दिन लिए हैं - जो कि मुकाबले से पहले सामान्य दो या तीन दिनों से कहीं ज्यादा हैं। हारहुइस ने दोपहर और शाम के मैचों के बीच खेलने की परिस्थितियों में अंतर पर भी ध्यान दिया, और कहा कि टीम सभी स्थितियों के लिए तैयार है। ज्यादातर घरेलू दर्शकों का सामना करने पर, उन्होंने कहा कि हमें दर्शकों की एनर्जी पसंद आती है, भले ही वह हमारे खिलाफ हो। हमें अपनी टीम और घर से बहुत अच्छा सपोर्ट मिलता है, जो हमें मोटिवेट करता है। विदेशी टीम ने टेनिस कोर्ट से परे स्थानीय संस्कृति को भी एक्सप्लोर किया है। हारहुइस ने बताया कि अगर टीम जीतती है तो वे फैंस का मनो. रंजन करने के लिए एक खास बेली-डांसिग परफॉर्मेंस देंगे, जो उनके रहने के दौरान मुकाबले और भाईचारे के मेल को दिखाता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म करते हुए, कप्तान ने कहा कि टीम ष्अच्छी तरह से तैयार है और खेलने के लिए उत्साहित है, और शनिवार को एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होने वाले मुकाबले के लिए उत्सुकता जताई।

# सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शादीघर के बाहर खड़ी कारों को तेज रफ्तार डंपर ने मारी टक्कर, मचा हड़कंप

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत कांठ रोड रामगंगा विहार स्थित एक शादीघर के बाहर आज सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़ी कारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शादी में आए मेहमानों की तीन नई कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कारों के अगले और पीछे के हिस्से पूरी तरह चकनाचूर हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर तेज गति से आ रहा था और चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते वह सीधे शादीघर के बाहर खड़ी कारों से जा टकराया। हादसे के समय गनीमत यह रही कि कारों में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और शादी समारोह में शामिल मेहमानों में भी हड़कंप मच गया।हादसे की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है और चालक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे की वजह मानी जा रही है।कार स्वामियों का कहना है कि उनकी गाड़ियों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति झेलनी पड़ेगी। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल घटना को लेकर इलाके में चर्चा बनी हुई है और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।



# फॉर्म-7 को लेकर सपा प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

**मुरादाबाद।** जनपद में मतदाता सूची से नाम काटे जाने से जुड़े फॉर्म-7 प्रकरण को लेकर समा. जवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी अनुज सिंह से मिला और ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की।प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि फॉर्म-7 के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे पात्र मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं।कांठ विधानसभा से विधायक एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने बताया कि समाजवादी पार्टी ने प्रशासन के समक्ष फॉर्म-7 से जुड़ी शिकायतें और आशंकाएं विस्तार से रखी हैं। उन्होंने कहा कि कई मामलों में बिना समुचित सत्यापन के मतदाता सूची से नाम काटे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। सपा प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि किसी भी मतदाता का नाम हटाने से पहले नियमानुसार पूरी जांच और सत्यापन किया जाए।



जिलाधिकारी अनुज सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस प्रकरण को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी राजनीतिक दलों की एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें फॉर्म-7 से संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। डीएम ने यह भी भरोसा दिलाया कि पात्र मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करते हुए नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी पक्षों से संवाद कर समाधान निकालने की बात कही है।

## एक नजर

### एक दिन राहे खुदा के अन्तर्गत नेक अमल करने पर दिया जोर



**कुंदरकी।** क्षेत्र के गांव तहारपुर चमन मस्जिद में दावते इस्लामी इन्डिया की जानिब से एक दिन राहे खुदा के अन्तर्गत तर्बियती इज्तेमा मुन्अकिद हुआ जिसमें दावते इस्लामी इन्डिया के निगरान हाजी अहसान अत्तारी ने नेक अमल करने और गुनाहों से तौबा करने पर जोर देते हुए बताया इन्सान जब गुनाह करता है तो उस के दिल पर काला दाग लग जाता है इन्सान गुनाह करता रहता है इसी तरह उसका दिल गुनाहों की वजह से काला हो जाता है उस पर नेकी की बात असर नहीं करती लिहा. जा हम अपने गुनाहों से सच्ची तौबा करें और नेकियों में जिन्दगी गुजारें नमाज रोजे की पाबंदी करें एक दिन मरना है।

आखिर मौत है करले जो करना है आखिर मौत है आखिर में सलातो सलाम के बाद मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई इस मौके पर शुएब अत्तारी कारी कघ्मर आलम अत्तारी गुलाम नबी अत्तारी फिदा हुसैन अत्तारी अरकान कघदरी नौमान अत्तारी इमरान अत्तारी नाजिम अत्तारी अब्दुल मुबीन अत्तारी आदि मौजूद रहे।

### जीएसटी विभाग की छापेमारी से लाजपत नगर में व्यापारियों में मचा हड़कंप



**मुरादाबाद।** जनपद के थाना कटघर क्षेत्र अंतर्गत लाजपत नगर इलाके में जीएसटी विभाग की अचानक हुई बड़ी कार्रवाई से पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दिनदहाड़े ईस्टमैन बैटरी के एक संचालक की दुकान पर जीएसटी विभाग की टीम ने छापेमारी की, जिससे आसपास के व्यापारियों में भी हड़कंप का माहौल बन गया।सूत्रों के अनुसार दोपहर करीब एक बजे जीएसटी विभाग की टीम बिना किसी पूर्व सूचना के लाजपत नगर पहुंची और संबंधित दुकान का काउंटर बंद कराते हुए दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी। अचानक हुई कार्रवाई की खबर फैलते ही कई दुकानदार सतर्क हो गए, कुछ ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए, जबकि कुछ व्यापारी मौके से हटते नजर आए।

जांच के दौरान टीम ने बिक्री-खरीद से जुड़े बिल, रजिस्टर, कंप्यूटर सिस्टम और अन्य इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड खंगाले। साथ ही संचालक से स्टॉक, लेन-देन और टैक्स से संबंधित बिंदुओं पर लंबी पूछताछ की गई। यह कार्रवाई कई घंटों तक चलती रही।इस दौरान जब मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे तो जीएसटी विभाग की गाड़ी को वहां से हटा दिया गया। हालांकि टीम दुकान के अंदर बैठकर जांच करती रही। सूत्रों का कहना है कि कुछ संदिग्ध लेन-देन और दस्तावेजों में गड़बड़ी की आशंका के चलते यह कार्रवाई की गई है। विभागीय अधिकारियों ने मीडिया से किसी भी प्रकार की जानकारी देने से इनकार किया।

### मिस मैचिंग के कार्य को लेकर एसडीएम ने बुलाई बीएलओ की बैठक



**कांठ( शाह टाइम्स )** एस आई आर के दौरान मिस मैचिंग पाए गए नाम को लेकर आज एसडीएम ने बीएलओ की बैठक बुलाई और उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। बताया गया कि काफी बड़ी संख्या में मिसमैच हुए नाम के लोगों को नोटिस जारी किए जाने हैं जिनमें किसी का सरनेम अलग-अलग है किसी के पिता के एक ही नाम पर कई कई बोटो की मैपिंग हुई है किसी का नाम पिता और पुत्री में बदल गया है इस तरह से कई तरह की गलतियां होने पर मतदाता मिसमैचिंग के शिकार हुए हैं जिनके अब नोटिस जारी किए जाने हैं और उसके बाद फिर उनके बारे में जांच कर मतदाता सूची को सही किया जाना है। इस मामले को लेकर आज एसडीएम ने बीएलओ को विस्तार से जानकारी दी और कहा कि अपने-अपने कार्य को समय रहते सही ढंग से करने की कोशिश करें।

### भक्ति और उल्लास के साथ कथा के चतुर्थ दिवस पर निकली राम-कृष्ण की भव्य झांकियां

**चन्दौसी।** वृंदावन से पधारे कथा वाचक स्वामी ओमप्रकाश महाराज के सान्निध्य में चल रही कथा के चतुर्थ दिवस शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। प्रात:काल आचार्य कृष्ण पंडित एवं विप्र मंडली के साथ गौरी पूजन, नवग्रह पूजन तथा लड्डू गोपाल का सुंदर अभिषेक व हवन प्रतिदिन की भांति संपन्न हुआ। कथा के दौरान 52 भगवानों की भव्य झांकियां प्रस्तुत की गई। भगवान राम के जन्मोत्सव को श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मनाया, जिसके बाद राम विवाह की लीला भी दिखाई गई। रात्रि बेला में भगवान कृष्ण के अवतार की सुंदर झांकी निकाली गई और जन्मोत्सव पर भजन-कीर्तन कर श्रद्धालु झूम उठे। कथा आयोजक उमाकांत शर्मा ने बताया कि कथा प्रतिदिन दो सत्रों में दोपहर 02 से 05 बजे तथा रात्रि 08 से 11 बजे तक होती है। इस अवसर पर उमाकांत शर्मा, अशोक शर्मा, बल्लू शर्मा, कुलदीप वार्ष्णेय, मुलायम सिंह यादव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# स्पेल-3.0 के तहत बच्चों को साइबर सुरक्षा का पढ़ाया पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस विभाग द्वारा स्पेल-3.0 कार्यक्रम के अंतर्गत कोतवाली परिसर में बच्चों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया और ऑनलाइन ठगी से बचाव की उपयोगी जानकारी दी गई। बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया सावधानियां और साइबर अपराध की शिकायत प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

साथ ही थाना परिसर में पहुंचे स्कूली छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, मिशन शक्ति अभियान तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित विभिन्न गतिविधियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने जनपद में गंभीर अति कुपोषित श्रेणी के चिन्हित बच्चों का एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) के माध्यम से पोषण प्रबंधन कराए जाने को प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मुख्य सेविकाओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए की गंभीर अतिकुपोषित श्रेणी के बच्चों को चिन्हित करके उनके अभिभावकों को पोषण पुनर्वास केंद्र के माध्यम से प्रदान की जा रही पोषण सुविधाओं के बारे में प्रोत्साहित करते हुए बच्चों को भर्ती कराया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन और पोषण प्रबंधन के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के



क्रियान्वयन के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप समीक्षा के दौरान परियोजना क्षेत्र कुंदरकी और मुंडा पांडे की प्रगति खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई तथा निर्देश दिए की संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी गंभीरता बरतें तथा यह सुनिश्चित करें कि विभिन्न पैरामीटरों के अनुरूप किसी भी गतिविधि में राज्य के औसत प्रतिशत से कम प्रगति नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए की पोषाहार वितरण के साथ ही नियमानुसार तीन माह में एक बार फोर्टीफाइड चावल का वितरण भी अनिवार्य रूप से होना चाहिए, इसकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों के अनुरक्षण के लिए प्राप्त धनराशि का भी सदुपयोग करने के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया साथ ही कहा कि केंद्रों के माध्यम से आयोजित होने वाली गतिविधियों की मॉनिटरिंग होनी चाहिए और वीएचएसएनडी सत्रों का भी गंभीरतापूर्वक आयोजन होना चाहिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी और जिला कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी, सीडीपीओ और मुख्य सेविकाएं मौजूद रही।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत शुक्रवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# कॉलेज में सिख छात्र से कृपाण उतरवाने का आरोप सिख समाज ने डीएम से मिलकर की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले के कांठ स्थित डीएसएम डिग्री कॉलेज में सिख छात्र को परीक्षा से पहले कृपाण पहनकर प्रवेश न देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस प्रकरण को लेकर ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष सरदार गुरप्रीत सिंह दुआ के नेतृत्व में सिख समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच व दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।बताया गया कि बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र सरदार जपन सिंह परीक्षा देने कॉलेज पहुंचे थे। आरोप है कि परीक्षा केंद्र पर मौजूद स्टाफ ने उनकी तलाशी के दौरान कृपाण उतारने का दबाव बनाया। छात्र का कहना है कि कृपाण सिख धर्म का अभिन्न अंग है और धार्मिक मर्यादा के अनुसार उसे उतारना संभव नहीं है।



आरोप यह भी लगाया गया कि इस दौरान छात्र के साथ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया और उन्हें परीक्षा कक्ष से बाहर कर दिया गया।घटना के बाद गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कांठ सहित सिख समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। सिख संगत ने इसे धार्मिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को ज्ञापन भेजकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की अपील की गई है।जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने निष्पक्ष जांच के लिए टीम गठित कर रिपोर्ट तलब करने और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। प्रशासन ने कहा कि धार्मिक अधिकारों के उल्लंघन की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे।

# मुरादाबाद पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का हुआ भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक शुक्रवार को मुरादाबाद पहुंचे।

उनके आगमन पर रेलवे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जोरदार और भव्य स्वागत किया। स्टेशन परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और नारेबाजी के साथ उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मुरादाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। उनके स्वागत के लिए भाजपा के जिला एवं महानगर स्तर के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर पहले से मौजूद रहे। स्वागत के दौरान "भारत माता की जय" और "बृजेश पाठक जिंदाबाद" के नारों से माहौल गूंज उठा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आम जनता तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार विकास, कानून व्यवस्था और जनसेवा के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

रेलवे स्टेशन से उपमुख्यमंत्री का काफिला निर्धारित कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुआ। डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर पूरे भाजपा संगठन में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# आईएफटीएम में 'भारतीय ज्ञान परम्परा का वैश्विक प्रसार' पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुक. ेशन एंड ह्यूमैनिटीज की ओर से ''भारतीय ज्ञान परम्परा का वैश्विक प्रसार'' विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन हुआ, जिसका शुभारम्भ स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह, सीसीएस यूनिवर्सिटी, मेरठ के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. अतवीर सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय विरासत के संरक्षण और व्यापक प्रसार के लिए हमें आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा बेहद समृद्ध थी, जिसके वैश्विक प्रसार के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। वहीं सीसीएस यूनिवर्सिटी, मेरठ के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर व मुख्य वक्ता डॉ. सिंह ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति और शिक्षा पद्धति बेहद समृद्धिशाली रही है



तथा उसे आगे बढ़ाने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय भाषा और संस्कृति का अनुसरण करते हुए विविध भाषाओं को भी सीखना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने की आवश्यकता है। इस मौके पर शिक्षा विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राज. कुमारी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

स्कूल के निदेशक डॉ. मोहन लाल 'आर्य' ने बुके और प्रतीक चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. 'आर्य' ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एफडीपी कार्यक्रम 6 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के शिक्षाविद् अपने-अपने व्याख्यान देंगे। डॉ. 'आर्य' ने बताया कि इस एफडीपी कार्यक्रम हेतु 100 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष व सह संयोजक डॉ. मोहित मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सभी सदस्यों व स्कूल के सभी फैकल्टी मेंबर्स की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक व प्रतिभागी उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 7 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बढ़ा समय

शुक्रवार को उप्र में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने कहा कि अब दस अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। जोकि पहले 6 मार्च को होनी थी। उनका कहना था कि ऐसा मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस तरह दावा-आपत्ति की अवधि एक माह बढ़ाकर 6 मार्च तक कर दिया गया है। वहीं मैपिंग से जुड़े सभी कार्यों की प्रक्रिया 27 मार्च तक पूरी करने की बात उन्होंने कही। रिनवा के अनुसार मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर दावा-आपत्ति और मैपिंग की प्रक्रिया जारी है। अब तक फार्म 7 के कुल 82 हजार 684 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि फार्म 6 के अनुसार 37 लाख 80 हजार 414 आवेदन आए हैं। फार्म 6 के आवेदन लगातार बढ़ने की बात भी उन्होंने कही है। उनका कहना था कि इस प्रक्रिया के दौरान लगभग एक करोड़ 4 लाख मतदाता ऐसे पाए गए, जिनमें तार्किक विसंगति थी और इन्हीं के कारण उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया और अब इन्हीं को नोटिस भेजे जा रहे हैं। रिनवा ने यह भी बताया कि कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस भेजे जाने हैं, जिनमें से अब तक 2 करोड़ 37 लाख नोटिस जनरेट हो गए हैं, इनमें से 86 लाख मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं। अब तक 30 लाख 30 हजार मतदाताओं की सुनवाई पूरी कर ली गई है। एसआईआर का काम पूरे जोरो-शोरों से चल रहा है, लेकिन साथ-साथ विवाद भी चल रहा है। जहां चुनाव आयोग बराबर दावा कर रहा है कि कोई भी पात्र उम्मीदवार नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं तमाम विपक्षी नेता चुनाव आयोग की नीयत पर संदेह जता रहे हैं और वह साफ कह रहे हैं कि एसआईआर का असली मकसद नाम जोड़ना नहीं बल्कि नामों में कटौती करना है। यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि कोई भी पक्ष इस संबंध में अपने स्टैंड से पीछे हटता दिखाई नहीं दे रहा है। तमाम विपक्षी नेता जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी जैसे नाम शामिल हैं, खुलकर चुनाव आयोग की आलोचना कर रहे हैं और उसको भाजपा का एजेंट तक कह रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग की सेहत पर किसी तरह का कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है और वह अपने काम को अपने तरीके से आगे बढ़ाते जा रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि मतदाताओं की जो लिस्ट बने वह पारदर्शी और निष्पक्ष हो और उसमें किसी तरह का भेदभाव नहीं दिखाई देना चाहिए, तो वहीं चुनाव आयोग का यह भी दायित्व बनता है कि वह सत्ता पक्ष व विपक्ष को समान रूप से साथ लेकर आगे बढ़े। अगर एक पक्ष को उस पर विश्वास नहीं होगा, तो फिर चुनाव की निष्पक्षता पर भी सवाल उठेगा और जब सवाल उठेंगे तो लोगों के मन में भी संशय पैदा होगा। ऐसे में यह काम मनमानी से नहीं बल्कि सहमति के आधार पर होना चाहिए।

## ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर



फिल्म घूसखोर पंडित में पंडित शब्द को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी बेहद दुखद और चिंताजनक है, अब फिल्मों के माध्यम से भी एक विशेष वर्ग का अपमान किया जा रहा है, जिससे पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है, फिल्म में पंडित को घुसपैठिया बताकर पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर किया गया है, इस तरह की जातिसूचक टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाली हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता, बसपा इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करती है, ऐसी जातिसूचक और समाज को बांटने वाली फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए, किसी भी माध्यम से किसी समाज को अपमानित करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# चैनलों का खेल खत्म, सरेंडर हो रहे हैं लाइसेंस



पवन सिंह

भारतीय न्यूज चैनलों का भविष्य क्या दांव पर लग चुका है? बड़ी संख्या में न्यूज चैनलों से दर्शक विमुख हुए हैं। तमाम दर्शकों ने विगत कुछ सालों से न्यूज चैनलों को आंख तक नहीं लगाया है। मात्र 25 सालों में ही न्यूज चैनल अपनी विश्वसनीयता और अपना विशालकाय दर्शक वर्ग खो देंगे, ऐसा नहीं सोचा गया था लेकिन यह हो चुका है। न्यूज चैनल्स के दर्शक अब सिरे से गायब हो चुके हैं। इसका बहुत बड़ा कारण है चौनलों का जनसरोक. ारी खबरों से दूर होना और पूरा दिन सांप्रदायिक बहसों को हवा देना। दरअसल, भारतीय चैनल्स एक्सपो हो चुके हैं और यह प्रकृति का नियम है कि जो एक बार एक्सपोज हो जाता है वह हमेशा के लिए हाशिए पर चला जाता है। विश्वसनीयता का धूलधूसरित होना न्यूज चैनलों के विनाश का प्रमुख कारण बन रहा है। एक उदाहरण देना चाहूंगा जैसे ही दिल्ली के एक बड़े हिंदी न्यूज चैनल को एक विशालकाय उद्योगपति ने टेक ओवर किया, उसके कुछ ही महीनों बाद चैनल का एक बड़ा दर्शक वर्ग उस चैनल से भाग खड़ा हुआ। अब हुआ यह कि चैनल संचालक जनता से दूर हटे और जनता उनसे दूर हुई। आप न्यूज चैनल तो खोल सकते हैं, लेकिन दर्शक वर्ग किसी भी कीमत पर नहीं ला सकते। आज हालात यह हो चले हैं कि तमाम न्यूज चैनलों ने अपने-अपने ब्राड कास्टिंग लाइसेंस सेरेंडर करने आरंभ कर दिए हैं। यह सब मात्र ढाई दशकों में ही देखने को मिलेगा ऐसा नहीं सोचा था। देश में विगत तीन वर्षों में करीब 50 टीवी चैनलों ने अपने ब्रॉडकास्टिंग लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं।

लगातार एक ही तरह की प्रायोजित और एक तरफा खबरों से उकताए दर्शकों का एक बड़ा वर्ग डिजिटल व OTT प्लेटफॉर्म्स की ओर जा चुका है। इसके बाद चैनल आपरेटरों को दूसरा झटका गिरते विज्ञापन राजस्व, उच्च परिचालन लागत और बाजार की बदलती हुई स्थितियों ने दिया। परिचालन लागत ज्यादा हुई व विज्ञापन राजस्व कम हुआ। साथ ही दर्शक वर्ग गायब और कम दर्शकों के कारण विज्ञापन दाता कंपनियों द्वारा हाथ खींचना या विज्ञापन दरें कम कर देना, एक बड़ा कारण रहा। यह असर इंटरनेट चौनलों पर भी देखा जा रहा है। देश में DTH ग्राहकों में भी लगातार भारी गिरावट होती जा रही है। भारत में DTH ग्राहकों की संख्या वित्तीय वर्ष 2019-20 में 72 मिलियन से घटकर वित्तीय वर्ष 2024 में 62 मिलियन रह गई। यह संख्या लगातार तेजी से घटती जा रही है। विगत वर्षों में जिन प्रमुख ब्रॉडकास्टर्स ने अपने-अपने लाइसेंस सरेंडर किए



हैं उनमें-JioStar, Zee Entertainment, Eenadu Television, TV Today Network, NDTV और ABP छमजूवता के नाम शामिल हैं जिन्होंने अपने कई चैनलों के लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार Culver Ma Entertainment यानी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने भी 26 डाउनलिंकिंग अनुमतियां सरेंडर की हैं। ABP Network ने उच्च लागत के कारण ABP News HD बंद कर दिया और NDTV ने अपने प्रस्तावित NDTV Gujarati चैनल का लाइसेंस वापस कर दिया। न्यूज चैनल्स जो कभी धड़ाधड़ प्रादेशिक न्यूज चैनल्स खोल रहे थे वह सब के सब धीरे-धीरे बंद होते चले गए। सबसे ज्यादा प्रादेशिक चैनल्स बंद हुए। मेरे एक पत्रकार साथी ने 2016 में बातचीत में कहा था कि एक दिन लाल किले के पीछे बाजार में न्यूज चैनलों के कैमरे और आईडी किलो में बिकेंगी। वह बात आज सच साबित हो रही है। जो न्यूज चैनल्स जिंदा भी हैं उनको विभिन्न राज्यों के सूचना विभाग और दिल्ली की मिनिस्ट्री आफ ब्राड कास्टिंग ने वेंटीलेटर की सुविधा पर रख रखा है। नाम न खोलने की शर्त पर एक बड़ी कंपनी के सीईओ जो कि मेरे मित्र भी हैं, का कहना है-हर साल हमारी कंपनी का पब्लिसिटी बजट करीब 20 करोड़ का हुआ करता था, लेकिन जिस तरह से आम जनता की पर्चेजिंग पावर घटी है और निर्यात में दिक्कतें बढ़ी हैं, अब पब्लिसिटी बजट जारी रख पाना कठिन है। चीन से जबरदस्त चुनौती अलग से है। कमोबेश देश की तमाम बड़ी कंपनियों ने अपना पब्लिसिटी बजट घटा दिया है और अब अपनी शर्तों पर विज्ञापन जारी कर रही हैं। उनके रेट पर विज्ञापन लेना हो तो आओ वरना चैनल के आफिस में बैठो। न्यूज चैनल्स के संदर्भ में हालात अभी और भी खराब होंगें। दर्शकों को बड़े पत्रकारों के यूट्यूब चैनल्स लुभाने लगे हैं। जहां संदर्भों के साथ और बिना किसी सेंसर शिप का कंटेंट हैं। कमेंट्स खुला है। सहमति-असहमति प्रगट करने की त्वरित सुविधा है। बहस का एक स्तर है। शाम छह बजे से आठ बजे तक स्टूडियो में बेमतलब के विषयों पर मुर्गे-मुर्गियां लड़ाने की परंपरा नहीं है। इंटरटेनमेंट के लिए तमाम ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं और तात्कालिक न्यूज के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं। इधर चैनलों की महंगी विज्ञापन दरों की काट देश के कुछ सूचना विभागों ने निकाल ही है। वे कम लागत में एलईडी वैन पर गांव-गांव व सुदूर कस्बों तक सरकारी योजनाओं को सीधे जनता तक कनेक्ट करने में सफल हो रहे हैं। जहां विज्ञापन की अवधि और उस बढ़ी अवधि के हिसाब से दरों के बढ़ने का डर नहीं है। एलईडी वैन की जीपीएस से मानीटरिंग हो रही है।

कम लागत और सीधे जनता से कनेक्टिविटी का यह प्रयोग छोटे राज्यों में धीरे-धीरे लोकप्रिय होता जा रहा है। भारत में न्यूज चैनल्स की शुरुआत औपचारिक रूप से 1965 में दूरदर्शन से हुई थी। 1965 में दूरदर्शन पर मात्र 5 मिनट का पहला नियमित समाचार बुलेटिन प्रतिमा पुरी द्वारा पढ़ा गया था। इसके बाद दूरदर्शन न्यूज का एक लंबा युग चला। प्रादेशिक समाचार प्रसारण भी आरंभ हुए। वर्ष, 1991 में जब खाड़ी युद्ध आरंभ हुआ और CNN जैसे विदेशी चैनल्स ने कवरेज दी तो लोग आश्चर्यचकित रह गए। भारत में 1992 में पहला प्राइवेट ब्रॉडकास्टिंग न्यूज चैनल जी न्यूज आया और फिर आज तक। सैटेलाइट टीवी के आने के बाद बहुत कुछ बदला। वर्ष, 1999 में आज तक डीडी से हटा और 24 घंटे का स्वतंत्र चैनल बना। 2000 के बाद तमाम न्यूज चैनल्स आए और 2025 के अंत तक आते-आते अब सरेंडर युग की ओर जा रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जलवायु परिवर्तनः आल्पस में भूकंप का खतरा

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है।

हम अक्सर सुनते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, बाढ़, जंगलों में आग और समुद्र स्तर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब इसका एक और चौंकाने वाला असर पता चला है-आल्प्स पर्वतों में ग्लेशियरों के पिघलने से भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। ऐसी घटना फ्रांस के मॉन्ट ब्लांक इलाके के एक ऊंचे बर्फ से ढंके पर्वत ग्रांड जोरासेस में घटी है। 2015 में जब इस क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ी तो भारी मात्रा में बर्फ पिघली।

इसके तुरंत बाद पहाड़ के नीचे छोटे-छोटे भूकंप महसूस किए गए। कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे छोटे-छोटे भूकंप कभी-कभी बड़े भूकंप की चेतावनी भी होते हैं, लेकिन बर्फ के पिघलने से भूकंप कैसे आ सकते हैं? जब ग्लेशियर पिघलते हैं तो पानी चट्टानों की दरारों से गहराई तक चला जाता है। वहां यह पानी चट्टानों पर दबाव बनाता है और जमीन के अंदर जो फॉल्ट लाइनें होती हैं, उनकी पकड़ कमजोर कर देता है। इन फॉल्ट लाइनों के फिसलने से ऊर्जा निकलती है जो भूकंप का कारण बनती है। ऐसा नहीं है कि यह प्रक्रिया सिर्फ आल्प्स में होती है। वैज्ञानिकों ने ताइवान जैसे इलाकों में भी देखा है कि बारिश के हिसाब से भूकंप की संख्या बदलती है। इसी तरह, जहां फ्रैंकिंग (तेल और गैस निकालने की प्रक्रिया) या जियोथर्मल ऊर्जा के लिए जमीन के भीतर दबाव के साथ पानी डाला जाता है, वहां भी छोटे भूकंप आ सकते हैं। ETH ज्यूरिख के वैज्ञानिकों द्वारा मॉन्ट ब्लांक इलाके में छोटे भूकंप को मापने वाले यंत्रों की मदद से 2006 से अब तक दर्ज 12,000 से ज्यादा छोटे-छोटे भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि 2015 की गर्मी के बाद इन भूकंपों की संख्या बढ़ी थी। यही पैटर्न अगले साल की ग्रीष्म लहरों के बाद भी दिखे। दिलचस्प बात यह है कि सतह के पास वाले छोटे भूकंप गर्मी के लगभग एक साल बाद बढ़े, जबकि गहराई (लगभग 7 कि.मी) में आने वाले भूकंप दो साल बाद बढ़े। इसका कारण यह हो सकता है कि पानी को गहराई तक पहुंचने में समय लगता है। भूकंप सम्बंधी ऐसे अनुभव पहले भी हुए हैं।

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है। अभी तक तो आल्प्स में आए इन भूकंपों से मॉन्ट ब्लांक सुरंग या आस-पास के शहरों को कोई खतरा नहीं है। इस क्षेत्र की इमारतें रिक्टर पैमाने पर 6 स्तर के भूकंप



झेलने लायक बनाई गई हैं, लेकिन स्थिति हिमालय जैसे इलाकों में ज्यादा गंभीर हो सकती है, जहां ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और जहां बड़े और खतरनाक भूकंप आने की आशंका भी ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन बढ़ता जा रहा है और यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती पहले से ही एक नाजुक हालत में हैय ग्लेशियर पिघलने जैसे छोटे बदलाव भी इसे और अस्थिर कर सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# आकस्मिक चिकित्सा सुविधाओं पर पुनर्विचार की आवश्यकता

जब सिर्फ पैसों के कारण आपात स्थिति में इलाज नहीं दिया जाता, तो कई बार जान चली जाती है। यह लेख ऐसे ही कुछ बेहद जरूरी मामलों को सामने लाता है और सख्त नियमों और उन्हें सही तरीके से लागू करने की मांग करता है, ताकि संकट के समय किसी को भी इलाज से वंचित न किया जाए। कुछ ही महीने पहले पुणे में एक बहुत दुखद घटना घटी। एक गर्भवती महिला, जिसे पहले से ही गंभीर स्थिति में माना गया था और जो समय से पहले जुड़वां बच्चों को जन्म देने वाली थी, उसे पुणे के जाने-माने दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज शुरू करने के लिए अस्पताल ने 10 लाख रुपए एडवांस जमा करने की मांग की।




परिवार ने इलाज के लिए गुहार लगाई और भरोसा दिलाया कि थोड़ी देर में पैसों का इंतजाम हो जाएगा, लेकिन अस्पताल ने पैसे के बिना इलाज शुरू करने से मना कर दिया। इससे कीमती समय बर्बाद हुआ और महिला को दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ा। वहां उसने जुड़वां लड़कियों को जन्म तो दिया, लेकिन उसकी खुद की जान नहीं बच सकी।

**बेवजह देरी**- जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जब मातृत्व मृत्यु रोकने की बात होती है, तो अक्सर थ्री डिले मॉडल (तीन देरियों) का जिक्र होता है। इस मॉडल से यह समझने में मदद मिलती है कि इलाज में किस-किस स्तर पर होने वाली देरी मां की जान ले सकती है। सबसे पहली देरी होती है घर में-जब परिवार यह तय करने में समय लगाता है कि इलाज करवाना है या नहीं। दूसरी देरी होती है अस्पताल तक पहुंचने में-जब रास्ते की दूरी, खराब सड़कें या परिवहन की समस्या आड़े आती है। तीसरी देरी तब होती है जब मरीज अस्पताल पहुंच तो जाता है, लेकिन वहां स्टाफ की कमी, जरूरी साधनों के अभाव या तंत्र की लापरवाही के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाता। हालांकि यह मॉडल आम तौर पर गर्भवती महिलाओं के इलाज के संदर्भ में लागू किया जाता है, लेकिन इसे हर उस आपात स्थिति पर लागू किया जा सकता है जहां समय पर इलाज न मिलने से मरीज की जान जा सकती है।

हमारे देश में तीसरे प्रकार की देरी से होने वाली मौतें ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में देखी जाती हैं, जहां न तो अस्पताल होते हैं और न ही स्टाफ। लेकिन यह मामला एक चौंकाने वाला शहरी उदाहरण है, जहां देरी का कारण सुविधाओं की कमी नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों की कॉर्पोरेट सख्ती था। यह जानते हुए भी कि महिला की हालत बेहद गंभीर थी, अस्पताल ने सिर्फ पैसों की वजह से इलाज करने से मना कर दिया। इसलिए यह जरूरी है कि हम इस बात को सामने लाएं कि जो बड़े निजी अस्पताल सरकारी छूट और सुविधाएं लेते हैं, वे आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। कैसे कई बार वित्तीय हित मरीज की देखभाल और सुरक्षा से ज्यादा अहम हो जाते हैं।

**मेरा निजी अनुभव**- उपरोक्त खबर को पढ़ने के बाद मुझे भी अपना एक हालिया अनुभव साझा करने की जरूरत महसूस हो रही है, जो यह दिखाता है कि निजी अस्पतालों में नीतियों में बदलाव और जवाबदेही कितनी जरूरी है।

मेरी पत्नी को एक्टोपिक प्रेग्नेंसी जिसमें गर्भधारण गर्भाशय की बजाय किसी अन्य स्थान पर हो जाता है और यह एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी होती है की स्थिति में तुरंत अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। हमारे पास स्वास्थ्य बीमा था, इसलिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध थी। मैंने सारे जरूरी दस्तावेज तुरंत जमा कर दिए। बताया गया कि बीमा क्लेम की प्रक्रिया शुरू हो गई है और मंजूरी में लगभग तीन घंटे लगेंगे, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि जब तक 25,000 रुपए एडवांस में नहीं दिए जाते, सर्जरी शुरू नहीं होगी।

मेरे लिए पैसा देना मुश्किल नहीं था, फिर भी मैंने पूछा कि जब कैशलेस सुविधा है तो क्या पैसे मिलने के लिए तीन घंटे का इंतजार नहीं किया जा सकता? जवाब मिला कि सर्जरी तभी शुरू होगी जब कैशलेस क्लेम मंजूर हो जाएगा। मैंने बार-बार समझाया कि यह इमरजेंसी है, लेकिन बिलिंग विभाग ने कोई नरमी नहीं दिखाई। आखिरकार मैंने एडवांस राशि दी, सर्जरी हुई और जैसा अनुमान था, क्लेम भी मंजूर हो गया। पत्नी की छुट्टी के बाद जमा की गई राशि लौटा दी गई। लेकिन इस अनुभव ने मेरे जेहन में कई सवाल छोड़ दिए।

यदि उस समय मेरे पास 25,000 रूपए न होते तो क्या मेरी पत्नी की सर्जरी टल जाती, जबकि मैंने कैशलेस इलाज के लिए सारे जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे और यदि देरी से उनकी सेहत को नुकसान होता, तो उसका जिम्मेदार कौन होता? आपात स्थिति में इन प्रक्रियाओं की बजाय अस्पताल इलाज को प्राथमिकता क्यों नहीं देते? जब मरीज को सर्जरी या गंभीर इलाज की जरूरत है और वह 2.3 दिन अस्पताल में रहने वाला है, और 25,000 रुपए की एडवांस राशि बहुत बड़ी नहीं है, खासकर तब जब अस्पताल कैशलेस सुविधा वाला है और बीमा से पैसा मिलने ही वाला है। फिर भी इलाज शुरू करने से पहले इतनी बेरहमी से एडवांस की मांग क्यों? इलाज में देरी जान ले सकती है। क्या ऐसी स्थिति में इंसानियत और सहयोग की भावना जरूरी नहीं है? आपात समय में मरीज के परिवारजन घबराए होते हैं और कभी-कभी आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती है।

ऐसे मौके पर क्या अस्पताल को थोड़ी नरमी नहीं दिखानी चाहिए? मरीज की जान से जुड़ी स्थिति में अस्पताल इतनी कठोर नीति क्यों अपनाते हैं? और आखिर किसने निजी अस्पतालों को यह हक दिया कि वे मरीज की जान को इस तरह जोखिम में डालें? वैसे कैशलेस क्लेम को मंजूरी मिल गई थी, और जो पैसे मैंने एडवांस में दिए थे, वो पैसे मुझे तुरंत नहीं मिले थे। यहां मुझसे एक ग्राहक के तौर पर उम्मीद की गई थी कि मैं अस्पताल की आंतरिक प्रक्रिया के साथ सहयोग करूं। लेकिन क्या अस्पतालों द्वारा एडवांस राशि तुरंत जमा करवाने के नियम में ढील नही दी जानी चाहिए, खासकर इमर्जेंसी की स्थिति में? क्या मरीज के परि. जनों की यह उम्मीद गलत है कि ऐसी स्थिति में अस्पताल थोड़ा लचीलापन दिखाए? यहां साफ तौर पर असंतुलन हैय जहां मरीज से तो उम्मीद की जाती है कि वह अस्पताल की प्रक्रियाओं का सम्मान करे, लेकिन अस्पताल मरीज की जरूरतों को नजरअंदाज कर देता है।

**-साभार एस.एफ**

# मोदी ने रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमला करने से रोका

## पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्सकी ने किया दावा, कहाः भारतीय पीएम ने वैश्विक स्तर पर सकारात्मक भूमिका निभाई

**वाशिंगटन।** पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर पर सकारात्मक भूमिका निभाई। बार्टोशेव्स्की ने कहा कि पीएम मोदी ने रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमले से रोका था।

बार्टोशेव्स्की ने एक समाचार एजेंसीके साथ बातचीत में भारत के साथ पोलैंड के सौहार्दपूर्ण संबंधों की चर्चा की। उन्होंने कहा, हमारे भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। हम दुनिया में भारत की भूमिका को स्वीकार करते हैं। फिर उन्होंने रूस-यूक्रेन जंग में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका पर प्रकाश डाला। बार्टोशव्स्की ने कहा, जैसा कि मैंने नई दिल्ली में अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 के आखिर में राष्ट्रपति व्लादिमीर



■ जैसा कि मैंने नई दिल्ली में अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि पीएम मोदी ने 2022 के आखिर में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थीः बार्टोशेव्स्की

पुतिन से बात की थी और उन्हें यूक्रेन में सामरिक परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की कोशिश करने से रोका था। यह एक सकारात्मक भूमिका थी जो प्रधानमंत्री मोदी ने निभाई। भारत दुनिया के मामलों में सकारात्मक भूमिका निभाता है और मुझे उम्मीद है कि यह जारी रहेगा। पीएम मोदी के पोलैंड दौरे को याद करते हुए बार्टोशेव्स्की ने कहा, हमने 2024 में पीएम मोदी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। तब वह भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर पोलैंड आए थे। वह 45 साल में हमारे देश आने वाले वो भारत के पहले पीएम थे। यह एक बहुत अच्छी यात्रा थी। उन्होंने आगे कहा, अब हमने ईयू के साथ विद. ेश व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। हम भी इसका हिस्सा हैं। मैं अभी विदेश मंत्रालय से लौटा हूं, जहां हमने सैन्य सहयोग, डिजिटल उद्योग सहयोग, सुरक्षा मुद्दे, हाई-टेक में आईटी निवेश, अंतरिक्ष में सहयोग और अन्य चीजों से जुड़े कई व्यावहा. रिक कदमों पर चर्चा की। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने दूसरे देशों की तुलना में अमेरिका के साथ ज्यादा फायदेमंद व्यापार समझौता किया है, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत एक बहुत बड़ी आर्थिक शक्ति है। आप अब दुनिया में जीडीपी के मामले में चौथे नंबर पर हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने यह साफ कर दिया है कि आपका लक्ष्य बहुत जल्द दुनिया की तीसरी बड़ी शक्ति बनना है। भारत एक बहुत बड़ा बाजार है। लगभग डेढ़ अरब लोग यहां रहते हैं और इस वजह से भी यह एक बहुत ही उन्नत बाजार है।

# रूसी सैन्य खुफिया एजेंसी के डिप्टी चीफ पर जानलेवा हमला

**मॉस्को।** रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी (जीआरयू) के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेएव शुक्रवार को मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए। राजधानी के उत्तर-पश्चिमी इलाके में स्थित एक आवासीय इमारत के पास घात लगाकर बैठे हमलावर ने जनरल अलेक्सेएव पर कई गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गया। हमले के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। रूसी जांच समिति ने इस घटना को 'हत्या के प्रयास' का मामला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। जनरल अलेक्सेएव 2011 से जीआरयू में दूसरे सबसे शक्तिशाली अधिक. ारी के पद पर तैनात हैं।



**पुलवामा।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादिशें की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मी निगरानी करते हुए।

# सिंगापुर शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का कर रहा है मूल्यांकन

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहा है। यह जानकारी द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के हवाले से गुरुवार को दी। रिपोर्ट में कहा गया कि संसद के पांच सदस्यों ने बालाकृष्णन से सिंगापुर को शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए अमेरिका द्वारा दिए गए स्थाई निमंत्रण के बारे में सवाल किया था। उल्लेखनीय है कि 16 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की

# बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के घर के बाहर हिंसक प्रदर्शन

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शुक्रवार को सरकारी कर्मचारियों और पुलिस के बीच जोरदार झड़प हो गई। ये कर्मचारी नौवें नेशनल पे स्केल को लागू करने की मांग कर रहे थे। ये झड़प मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के सरकारी आवास 'जमुना' के बाहर हुआ। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब आम चुनाव में सिर्फ छह दिन बचे हैं। अगस्त 2024 में हुई हिंसा के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ना पड़ा था और वे भारत चली गई थीं। इसके बाद निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक केयरटेकर सरकार बनाई गई थी। शुक्रवार सुबह देश के अलग-अलग हिस्सों से आए प्रदर्शनकारी शहीद मीनार पर जमा हुए और वहां से जमुना की ओर मार्च करने लगे। वे नौवें नेशनल पे कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर गजट तुरंत जारी करने और वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान लोग नारे लगा रहे थे कि पेट में चावल नहीं है, तो मुंह में विकास किस बात का। करीब साढ़े ग्यारह बजे प्रदर्शनकारियों ने शाहबाग इलाके में लगाए गए पुलिस बैरिकेड तोड़ दिए और आगे बढ़ने लगे। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए वाटर कैनन, आंसू गैस, साउंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया और लाठीचार्ज भी किया।

# अमेरिकियों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी

## वर्चुअल एंबेसी बोलीः मदद का इंतजार करें, खुद निकलें, ओमान में परमाणु मुद्दे पर बातचीत जल्द

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सख्त चेतावनी दी है। वर्चुअल अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि देश में सुरक्षा की स्थिति बेहद खराब हो गई है। बढ़ती अशांति, पाबंदियां और यात्राा में रुकावटें लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं। एम्बेसी ने साफ कहा है कि जल्द से जल्द ईरान छोड़ दें। अपने निकलने का प्लान खुद बनाएं और इसमें अमेरिकी सरकार की मदद पर भरोसा न करें।

मौजूदा हालात में आधिकारिक सहायता बेहद सीमित है। ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और अशांति के कारण सुरक्षा व्यवस्था सख्त हो गई है। सड़कें बंद हैं, सार्वजनिक परिवहन ठप है, इंटरनेट और मोबाइल-लैंडलाइन सेवाएं बार-बार बाधित हो रही हैं। कई एयरलाइंस ने ईरान आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, जिससे बाहर निकलना और भी मुश्किल हो गया है। इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता आज ओमान की राजधानी मस्कट में शुरू हो रही है।

यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी। जनवरी की शुरूआत में बढ़ती मंहगाई के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी ईरान की सड़कों पर उतर आए। ईरान में तनाव बना हुआ है। अमेरिकी चेतावनी में कहा गया है कि अगर तुरंत निकलना संभव न हो तो सुरक्षित जगह पर रहें। वहां खाना, पानी, दवाइयां और जरूरी सामान का स्टाक रखें। इंटरनेट ब्लैकआउट जारी रहने की संभावना है, इसलिए परिवार और दोस्तों से संपर्क के लिए दूसरे तरीके सोचें। यूएसै एम्बेसी ने अमेरिका-ईरान की दोहरी नागरि. कता रखने वाले लोगों के लिए ज्यादा खतरा बताया है। ईरान दोहरी नागरिकता को मायूएसयता नहीं देता, इसलिए ऐसे लोग ईरानी पासपोर्ट से ही बाहर निकल सकते हैं। अमेरिकी पासपोर्ट दिखाना या अमेरिका से जुड़ाव जाहिर करना ईरानी अधिकारियों के लिए हिरासत में लेने का कारण बन सकता है। ऐसे में पूछताछ, गिरफ्तारी या लंबी हिरासत का खतरा है। जो अमेरिकी नागरिक बिना वैध अमेरिकी पासपोर्ट के हैं, उन्हें ईरान छोड़ने के बाद नजदीकी अमेरिकी दूतावास से पासपोर्ट बनवाने की सलाह दी गई है। अमेरिकी सरकार ने साफ किया है कि ईरान में कूटनीतिक और कांसुलर संबंध न होने की वजह से वह अपने नागरिकों की मदद करने की स्थिति में नहीं है। अमेरिका के हितों का प्रतिनिधित्व तेहरान में स्विट्जरलैंड दूतावास करता है। रूटीन कांसुलर सेवाएं बंद हैं और हालात में सुधार के कोई संकेत नहीं दिख रहे, इसलिए अमे. रिकी नागरिकों से खुद ही सुरक्षित निकलने की ठोस योजना बनाने की अपील की गई है। सुरक्षा के लिए कुछ जरूरी सलाह भी दी गई है, जैसे प्रदर्शनों और भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूर रहें, फोन हमेशा चार्ज रखें, परिवार से संपर्क बनाए रखें और स्थानीय मीडिया पर नजर रखकर हालात की जानक. ारी लेते रहें। हाई-लेवल वार्ता से पहले व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कूटनीति के पक्ष में हैं, लेकिन अगर बातचीत नाकाम होती है तो ताकत का इस्तेमाल करने के लिए भी तैयार हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को पत्राकारों से कहा कि ट्रम्प ओमान में होने वाली बातचीत में देखना चाहते हैं कि क्या कोई समझौता हो सकता है। साथ ही उयूएसहोंने ट्रम्प की मांग दोहराई कि ईरान के पास जीरो परमाणु क्षमता होनी चाहिए। उयूएसहोंने चेतावनी भी दी कि अगर बातचीत से नतीजा नहीं निकला तो राष्ट्रपति के पास कई विकल्प मौजूद हैं।



■ यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी

## ईरान ने अमेरिका को दिया कड़ा संदेश

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन. री गार्ड कॉर्प्स ने अपनी नवीनतम लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'खोर्रमशहर-4' को एक सैन्य अड्डे पर तैनात कर दिया है। सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह मिसाइल आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स द्वारा संचालित एक नए सैन्य स्थल के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित की गई। इसकी तैनाती को ईरान की रक्षा नीति में औपचारिक रूप से शामिल किए जाने का संकेत माना जा रहा है। प्रेस टीवी के मुताबिक, 'खोर्रमशहर-4' की मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर (करीब 1200 मील) है और यह 1500 किलोग्राम (लगभग 3300 पाउंड) तक का वारहेड ले जाने में सक्षम है। आईआरजीसी के राजनीतिक मामलों के उप कमांडर ब्रिगेडियर जनरल यदोल्लाह जावानी ने कहा कि मिसाइल का प्रदर्शन अमेरिका को यह संदेश देने के लिए था कि ईरान अपनी रक्षा क्षमताओं से पीछे हटने का इरादा नहीं रखता। अल मायादीन से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान 'अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा और युद्ध नहीं चाहता कि लेकिन यदि दुश्मन कोई गलती करता है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा।

■ 'खोर्रमशहर-4' बैलिस्टिक मिसाइल को सैन्य अड्डे पर तैनात कर किया तैनात

# अफगान तालिबान ने आतंकी समूहों की सहायता वाले आरोपों को किया खारिज

**काबुल।** अफगान तालिबान ने अफगानिस्तान में सक्रिय विद. ेशी आतंकवादी समूहों को किसी भी प्रकार की सहायता देने के आरोपों को खारिज कर दिया। उसने आरोप लगाया कि इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों ने पड़ोसी देशों में ठिकाने स्थापित किए हैं, जो पाकिस्तान की ओर एक अप्रत्यक्ष इशारा है।

तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कई देशों द्वारा तालिबान-नियंत्रित अफगानिस्तान से कथित आतंकवादी गतिविधियों के बारे में व्यक्त की गई चिंताओं का जवाब देते हुए गुरुवार को कहा कि अफगानिस्तान सुरक्षित है और इस्लामी अमीरात में कोई विदेशी या दुष्ट समूह मौजूद नहीं है। अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट की हार का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश इस आतंकी समूह ने हमारे पड़ोसी देशों में अपने ठिकाने बना लिए हैं। मुजा. हिद ने देशों द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं को बेबुनियाद करार देते हुए कहा कि ये चिंताएं संयुक्त राष्ट्र में तालिबान के प्रतिनिधित्व की कमी के कारण उत्पन्न हुई हैं। हालांकि उन्होंने किसी भी पड़ोसी देश का नाम नहीं लिया, जहां उनके अनुसार इस्लामिक स्टेट खोरासान ने कथित तौर पर शरण ली थी लेकिन तालिबान अधिका. रियों ने एक से अधिक बार पाकिस्तान पर इस्लामिक स्टेट के गुर्गों को पनाह देने, सहायता करने, प्रशिक्षण देने एवं वित्तपोषण करने का आरोप लगाया है। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सत्र में, संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी, अलेक्जेंडर जुएव ने चेतावनी दी कि इस्लामिक अमीरात में आईएस-केपी क्षेत्र और उससे परे दोनों जगह सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है, जो तालिबान द्वारा बार-बार किए गए उन दावों के विपरीत है कि उसने देश के भीतर इसे हरा दिया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट का खतरा लगातार बना हुआ है और इसके लिए तत्काल समन्वित अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता है।

■ पाकिस्तान के प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने तालिबान पर आतंकी समूहों की सहायता करने और उन्हें बढ़ावा देने का आरोप लगाया था

# अमेरिका की खूंखार अपराधियों की सूची में 89 भारतीय शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अवैध प्रवास और अपराध के खिलाफ अपनी सख्त नीति को और तेज करते हुए 89 भारतीय नागरिकों को '**Worst of the Worst**' यानी सबसे खतरनाक अपराधी की सूची में शामिल किया है।

यह सूची अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) द्वारा एक नई सार्वजनिक वेबसाइट पर जारी की गई है, जिसमें गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए अवैध प्रवासियों का विवरण दिया गया है। विभाग की ओर से शुरू की गई इस वेबसाइट में अपराधियों के नाम, तस्वीरें, राष्ट्रीयता और उनके द्वारा किए गए अपराधों की जानकारी सार्वजनिक की गई है। विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य अमेरिकी नागरिकों को यह दिखाना है कि किन आपराधिक अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार कर उनके समुदायों से हटाया गया है। वेबसाइट के शुरुआती संदेश में बताया गया है कि इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा गिरफ्तार किए गए सबसे गंभीर अपराधियों को प्राथमिकता के आधार पर चियिूएसहत किया जा रहा है। इसमें हत्या, यौन अपराध, ड्रग तस्करी और हिंसक अपराधों में शामिल लोगों को सबसे पहले सूचीबद्ध किया गया है। डीएचएस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी इस वेबसाइट की जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब आम लोग खुद देख सकते हैं कि किन अपराधियों को पकड़ा गया है, उयूएसहोंने क्या अपराध किए और उयूएसहें किन इलाकों से हटाया गया।

# मैंडेलसन की नियुक्ति पर स्टारमर ने सार्वजनिक मांगी माफी


**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में पीटर मैंडेलसन की नियुक्ति को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ मैंडेलसन के कथित संबंधों को लेकर विवाद गहराने के बाद स्टारमर ने यह कदम उठाया। स्टारमर ने फरवरी 2025 में मैंडेलसन को अमेरिका में राजदूत नियुक्त किया था। बाद में एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर उठे विवाद के बीच सितम्बर में उन्हें पद से हटा दिया गया। रविवार को मैंडेलसन ने लेबर पार्टी से अपने इस्तीफे की भी घोषणा की। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्टारमर ने कहा कि एपस्टीन के पीड़ितों ने न्याय में देरी और जवाबदेही से वंचित होने का अनुभव किया है

# कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगाः शहबाज

## पाकिस्तानी पीएम बोलेः कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़े, यह इलाका पाक की लाइफ लाइन है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीओके में कश्मीर को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। मुजफ्फराबाद में विधानसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा।' शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए।

शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्रा को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था। शहबाज ने यह भी कहा कि पाकिस्तान क्षेत्रा में शांति चाहता है, लेकिन यह शांति बराबरी और न्याय के आधार पर ही संभव है। हर साल की



■ पाक के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था

तरह इस साल भी 5 फरवरी को पाकिस्तान में कश्मीर एकजुटता दिवस (कश्मीर सालिडैरिटी डे) मनाया गया। इसमें रैलियां, प्रदर्शन और सेमिनार आयोजित किए गए। स्टेट रन रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि संघर्ष में जान गंवाने वालों की याद में सुबह 10 बजे एक मिनट का मौन रखा गया। लोग बैनर और प्लेकार्ड लेकर आए थे। भारत ने पाकिस्तान के दावों को लगातार खारिज किया है। नई दिल्ली का साफ कहना है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फारेन पालिसी का आधार है। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई 2025 में हुए चार दिवसीय सैन्य संघर्ष को भी याद किया। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष के बाद कश्मीर मुद्दा एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पूरी ताकत के साथ उठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत अब प्राक्सी के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाकिस्तान मिलिटेंट ग्रुप बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को भारत का समर्थन मिलने का दावा करता है, जबकि भारत ऐसे आरोपों को हमेशा खारिज करता रहा है। शहबाज ने सभा में कहा कि कश्मीर की लड़ाई फिलिस्तीन की तरह है। उन्होंने दोनों मुद्दों को न्याय और आत्म-निर्णय की लड़ाई बताया। पाकिस्तानी पीएम ने अलगाववादी और उग्रवादी आंदोलनों से जुड़े कई लोगों का भी जिक्र किया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी एक बयान जारी कर कश्मीरियों के लिए पाकिस्तान के नैतिक, कूटनीतिक और राजनी. तिक समर्थन की बात दोहराई।

# तारिक रहमान आठ को बीएनपी की रैली को करेंगे संबोधित

**ढाका।** बंगलादेश में चुनाव प्रचार अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रहा है, ऐसे में बंगलादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान आठ फरवरी को ढाका के नयापल्टन इलाके में पार्टी की अंतिम चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली दोपहर दो बजे शुरू होने वाली है, जिसमें रहमान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने गुरुवार को पार्टी के नयापल्टन केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को यह जानकारी दी। रिजवी ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और ढाका और आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों से बीएनपी के उम्मीदवार रैली में शामिल होंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर से मिले सब को अमल में लाने की जरूरतः एयर मार्शल मिश्रा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबकों को महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य के युद्धों और अभियानों में इनकी भूमिका पर बल दिया है।

कमान के सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर एयर मार्शल जे एस मान ने भी सेनाओं के बीच पारस्परिक संचालन क्षमता बढ़ाने, डोमेन-निरपेक्ष निर्णय प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने, 'सेंसर-टू-शूटर' संपर्कों को सुदृढ़ करने तथा अधिक दक्षता के लिए संचालन प्रक्रियाओं में सुधार को जरूरी बताया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पश्चिमी वायु कमान मुख्यालय ने दो दिन के 'ऑल डोमेन जॉइंट ऑपरेशंस' अभ्यास के दौरान उच्चस्तरीय संयुक्त संच. ालन सम्मेलन का आयोजन किया। इसका उद्देश्य संचालन स्तर पर अंत सेना और अंतर-सेना समन्वय को सुदृढ़ करना था जिससे कि बढ़ते जटिल बहु-डोमेन माहौल में भारतीय रक्षा बलों की संयुक्त संच. ालन क्षमताओं को और अधिक मजबूत किया जा सके।

सम्मेलन में मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ , सेना, नौसेना, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी तथा रक्षा खुफिया एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ वायु सेना के वरिष्ठ नेतृत्व ने भाग लिया। एयर मार्शल मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से प्राप्त महत्वपूर्ण सबकों तथा भविष्य के युद्ध संच. ालन पर उनके व्यापक प्रभावों को रेखांकित किया। उन्होंने निर्णायक रणनीतिक प्रभाव उत्पन्न करने में वायु शक्ति की केंद्रीय भूमिका, सतही युद्धाभ्यास को आक्रामक वायु अभियानों के साथ समन्वित करने की आवश्यकता तथा स्टैंड-ऑफ हथियारों के प्रयोग से प्राप्त रणनीतिक लाभ को विशेष रूप से उजागर किया। उन्होंने 1971 की लड़ाई की पारंपरिक क्षरण-आधारित युद्ध अवधारणाओं तथा पारंपरिक 'इफेक्ट्स-बेस्ड ऑपरेशंस' ढांचे से आगे बढ़ते हुए अधिक फुर्तीले, अनुकूलनीय एवं पूर्णतः एकीकृत संयुक्त युद्धक प्रतिमान को अपनाने का आह्वान किया।

# मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के अधिकारियों ने इजरायल की खुफिया एजेंसी 'मोसाद' के लिये जासूसी करने के संदेह में इस्तांबुल में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। इस्तांबुल मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

संदिग्धों को 'मोनिटम' नामक एक जासूसी अभियान के तहत हिरासत में लिया गया। यह अभियान अभियोजक कार्यालय और इस्तांबुल पुलिस विभाग की आतंकवाद विरोधी शाखा के समन्वय में तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन द्वारा चलाया गया था। तुर्की के सरकारी समाचार चैनल टीआरटी की रिपोर्ट के अनुसार, जांचकर्ताओं ने बताया कि दोनों संदिग्धों ने मुख्य रूप से इजरायली नीतियों का विरोध करने वाले फिलिस्तीनियों के साथ सामाजिक और व्यावसायिक संपर्क स्थापित किये और फिर खुफिया जानका. रियां एकत्र की। उन्होंने व्यक्तियों, स्थानों और नेटवर्क से संबंधित जानकारी इजरायली खुफिया एजेंसी को पहुंचाई। सुरक्षा स्रोतों के हवाले से टीआरटी ने बताया कि संदिग्धों में से एक ने कई यूरोपीय देशों में मोसाद के कई एजेंटों के साथ बैठकें की थीं। उस पर गाजा में प्रवेश करने की अनुमति प्राप्त करने की कोशिश करने का भी आरोप है, जहां उसने कथित तौर पर गोदाम के लिए रेकी की और उनकी तस्वीरें इजरायली खुफिया विभाग को भेजीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कानूनी प्रक्रिया जारी रहने तक दोनों संदिग्ध हिरासत में रहेंगे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष
शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी
शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर